8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी 09:11 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083 | मुरादाबाद | रविवार, 8 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 339, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



रसोई गैस 60 वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा पेट्रोल-डीजल स्थिर - 12



ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश - 12



विदेश मंत्री बोले- न किसी की गलती न किसी का मोहरा ... अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत - 13



भारत के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका - 14

# ईरान ने जॉर्डन में अमेरिका का डिफेंस सिस्टम उड़ाया, यूएई-सऊदी पर हमले

## ईरानी राष्ट्रपति ने पड़ोसी देशों पर हमलों के लिए माफी मांगी, अमेरिका ने तेहरान में किए विस्फोट

- ट्रंप ने कहा- युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को बनाया जाएगा निशाना

दुबई, एजेंसी

ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार तड़के कई विस्फोट हुए, जिनसे आसमान में काले धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं। ईरान ने यूएई, सऊदी, जॉर्डन में अमेरिकी डिफेंस-सिस्टम को निशाना बनाया जिसमें जॉर्डन का डिफेंस सिस्टम तबाह हो गया। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए शनिवार को माफी मांगी, जबकि उसी दौरान उनके मिसाइल और ड्रोन खाड़ी अरब देशों की ओर बढ़ रहे थे।

गत 28 फरवरी को हुए हवाई हमले में युद्ध शुरू होने और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद से ईरान की त्रिपक्षीय नेतृत्व परिषद के एक सदस्य, राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने यह संदेश ठीक एक सप्ताह बाद दिया।

वहीं, क्षेत्र में लड़ाई खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन ने इजराइल को 15.1 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि देश अपनी रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। एक वीडियो फुटेज में पश्चिमी तेहरान के ऊपर विस्फोटों से धुएं के गुबार दिखाई दिए, जबकि इजराइल ने कहा कि उसने व्यापक हमलों का नया दौर शुरू किया है। इजराइली सेना ने कहा कि वह ईरान से दागी गई नई मिसाइलों को रोकने की कोशिश कर रही है। ईरान के हमलों के बाद बहरीन में शनिवार सुबह सायरन बजे। सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने विशाल शायबह तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे ड्रोन नष्ट कर दिए और प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराया। इस बीच अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के अनुसार, रूस ने ईरान को ऐसी जानकारी दी है जिससे वह क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी युद्धपोतों, विमानों और अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान से फोन पर बात कर खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई।



ईरान की राजधानी तेहरान के प्रमुख मेहराबाद एयरपोर्ट पर हमले के बाद लगी आग।

### ईरान ने अमेरिका की बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग ठुकरायी

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग एक ऐसा ख्वाब है जिसे उन्हें अपनी कब्र तक साथ ले जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक पूर्व रिकॉर्डेड संबोधन में की। उन्होंने क्षेत्रीय देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी और कहा कि तेहरान हमलों को रोक देगा। उन्होंने संकेत दिया कि ये हमले सैन्य अधिकारियों के बीच सूचनाओं के गलत संचार के कारण हुए थे। उनका यह बयान उस समय प्रसारित हुआ जब शनिवार सुबह बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पर बार-बार हमले किए गए।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले- ईरान पर बहुत जबरदस्त प्रहार किया जाएगा

**अमेरिका।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को निशाना बनाया जाएगा और ईरान पर जबरदस्त प्रहार किया जाएगा। ट्रंप ने अपनी वेबसाइट ट्रुथ सोशल पर ये टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्होंने तेहरान के हमलों को लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा पड़ोसी देशों से माफी मांगने का जिक्र किया। ट्रंप ने लिखा, ईरान के खराब व्यवहार के कारण अब ऐसे इलाकों और लोगों के समूहों को भी निशाना बनाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, जिन्हें अब तक निशाना बनाने के लिए नहीं सोचा गया था।

# एसआईआर में दावे व आपत्तियों की प्रक्रिया अब समाप्त : रिणवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निवार्चन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान में दावा-आपत्तियों की प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है। इस दौरान 6 मार्च 2026 तक 5,621 स्थानों से प्राप्त आपत्तियों में 85.5 प्रतिशत मतदाताओं की सुनवाई हो चुकी है। शेष मामलों की सुनवाई 27 मार्च 2026 तक पूरी हो जाएंगी।

मुख्य निवार्चन अधिकारी, उप्र. शनिवार को लोकभवन में एसआईआर को लेकर प्रेस कार्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि छह जनवरी से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया को दो बार समय बढ़ाकर लगभग दो महीने तक चलाया गया। इस दौरान छह मार्च तक आए आवेदन से कुल 44,952 मतदाताओं के नाम फार्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इनमें से 37,132 मतदाताओं ने स्वयं फार्म-7 भरा था, क्योंकि वे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो चुके थे। नवदीप रिणवा ने यह बताया कि 7,820 आपत्तियां अन्य व्यक्तियों ने दर्ज कराई थीं, जिनमें पांच हजार मतदाता मृतक पाए गए, उन्हें मतदाता सूची से हटाया गया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में 3.25 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी की गई थी। जिनमें से 3.06 करोड़ नोटिस मतदाताओं को प्राप्त भी कराए गए।



- 85.5 प्रतिशत मतदाताओं के दावों की हुई सुनवाई, शेष 27 मार्च तक हो जाएगा पूर्ण

उन्होंने बताया कि नामों में संशोधन और प्रवासी मतदाताओं से संबंधित फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-6ए के तहत बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। नए मतदाता के लिए 86,69,073 फार्म-6 प्राप्त हुए, नाम हटाने के लिए 3,18,140 फार्म -7 और दावा-आपत्तियों के 70,69,710 फार्म प्राप्त हुए हैं। रिणवा ने यह भी बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान आने वाले दावे व आपत्तियों में सभी को नोटिस तैयार हो चुकी है, इनमें 93.8 प्रतिशत को नोटिस वितरित की जा चुकी है। सुनवाई के लिए 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ 12,758 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को लगाया गया है। जोकि 5,621 केंद्रों पर नोटिस सुनवाई करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान मिलान न कराने वाले मतदाताओं की कुल संख्या 1.04 करोड़ है, तार्किक विसंगतियों वाले मतदाताओं की संख्या 2.22 करोड़ है।

**12,55,56,025**
मतदाता सूची में कुल मतदाता

**6,88,43,159**
(54.83%) पुरुष मतदाताओं की संख्या

**5,67,08,747**
(45.17%) महिला मतदाताओं की संख्या

**4,119**
(0.01%) तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विकसित भारत का आधार नारी शक्ति व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# डिप्टी सीएम के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर में भरा धुआं
- कार्यक्रम में शामिल होने सड़क मार्ग से गंतव्य पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को बाल-बाल बच गए। उन्हें लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड बाद तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते उसमें धुआं भरने लगा। धुआं देखते ही, पायलट ने लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग करा दी। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से कौशांबी पहुंचे।

उप मुख्यमंत्री को शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे कौशांबी पहुंचना था, जहां पार्टी पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित थी। इसके अलावा उन्हें जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी करना था। राजधानी स्थित लामार्ट्स कॉलेज ग्राउंड से हेलीकॉप्टर के उड़ान भरते ही तकनीकी समस्या आने और धुआं दिखाई देने पर पायलट ने सतर्कता बरतते हुए तुरंत एयरपोर्ट पर वापस लाकर सुरक्षित लैंडिंग कराई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री समेत सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। बताया जा रहा है कि तकनीकी टीम हेलीकॉप्टर में आई खराबी की जांच कर रही है।



## डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम हत्या मामले में बरी

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के 2002 के मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को बरी कर दिया है। डेरा प्रमुख के वकील जितेंद्र खुराना ने शनिवार को यह जानकारी दी।



कोर्ट ने डेरा प्रमुख को दोषी ठहराए जाने और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के सात साल से अधिक समय बाद बरी किया। खुराना ने कहा, हाईकोर्ट ने इस मामले में 2019 की सजा को चुनौती देने वाली अपीलों की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। खुराना ने कहा, बहरहाल पीठ ने मामले में तीन अन्य आरोपियों की सजा बरकरार रखी है।

# पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य आज भी प्रेरणास्त्रोत : योगी



लखनऊ में लोकभवन में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद गणमान्यों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने लोकभवन में अर्पित की श्रद्धांजलि
- कहा- दूरदर्शी नेतृत्व की वजह से प्रदेश के विकास की मजबूत आधारशिला रखी गई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत देश के महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल अधिवक्ता और सुयोग्य प्रशासक थे। उनके कार्य आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में देश के पूर्व गृह मंत्री और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत के दूरदर्शी नेतृत्व की वजह से प्रदेश के विकास की मजबूत आधारशिला रखी गई, जिसका अनुसरण करते हुए उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार बन रहा है। सीएम योगी ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने वकालत का पेशा छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और प्रोत्साहन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्ष 1957 में उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### गुलाल बनाने वाली फैक्टरी में आग, चार महिलाओं की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जिंद जिले में शनिवार को एक गुलाल निर्माण इकाई में आग लगने से चार महिला श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। आग कारखाने के प्रवेश द्वार पर लगी और उसके बाद धुआं फैक्टरी के अंदर फैल गया। यह फैक्टरी सफीदों की भाट कॉलोनी के एक आवासीय क्षेत्र में स्थित है। कुछ मजदूरों ने अपनी जान बचाने के लिए कारखाने की छत से छलांग लगा दी। पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से जलती फैक्टरी से श्रमिकों को बचाने के लिए एक चारदीवारी तोड़ दी। जींद के पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आग लगने से चार महिला कामगारों की मौत हो गई। इनमें से तीन की उम्र लगभग 50 वर्ष, जबकि चौथी महिला 36 वर्ष की थी।

### सिंगर बादशाह पर मामला दर्ज, लुकआउट नोटिस जारी करेगी पुलिस

**चंडीगढ़।** रैपर-संगीतकार बादशाह के हाल ही में रिलीज हुए हरियाणवी गाने 'टटीरी' में कथित आपत्तिजनक बोल और दृश्यों को लेकर मामला दर्ज किये जाने के एक दिन बाद पुलिस ने संगीतकार (बादशाह) को देश छोड़कर जाने से रोकने के लिए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बीच, बादशाह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने नए गाने से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचने के लिए माफी मांगी। पंचकूला पुलिस ने बादशाह को तत्काल पेश होने को लेकर नोटिस जारी किया है। बादशाह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

## लेखपाल भर्ती की मुख्य लिखित परीक्षा 21 मई को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा लेखपाल के 7,994 पदों के लिए मुख्य लिखित परीक्षा 21 मई 2026 (गुरुवार) को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। पीईटी-2025 के स्कोर के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए 3,66,712 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, जिसमें एक पद के लिए लगभग 46 दावेदार हैं। 7994 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 3.60 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। लेखपाल भर्ती मुख्य परीक्षा 21 मई, 2026 को एकल पाली में आयोजित की जाएगी। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित कटऑफ क्लियर की है व आयोग ने उन्हें अर्ह घोषित किया है वही मुख्य परीक्षा के लिए योग्य होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिक्त पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों सहित) अर्थात कुल 3,66,712 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह घोषित किया गया है।

# बेपटरी हुई मालगाड़ी, रेल यातायात प्रभावित

कटनी (मप्र), एजेंसी

मध्यप्रदेश के कटनी जिले में शनिवार को कोयला लदी एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस कारण इस व्यस्त रेलमार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और कई रेलगाड़ियों का मार्ग बदलना पड़ा। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि न्यू कटनी जंक्शन (एनकेजे) सेक्शन में रेल लाइन बहाल करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य की निगरानी के लिए जबलपुर से एक टीम मौके पर पहुंची है। यह हादसा सुबह करीब साढ़े 10 बजे एनकेजे क्षेत्र में 'ए केबिन' के पास हुआ, जिससे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से जुड़े मार्गों पर रेल संचालन प्रभावित हुआ। कटनी क्षेत्र प्रबंधक रोहित सिंह ने बताया कि कोयला लदी यह मालगाड़ी बिलासपुर से पश्चिम बड़ौदा जा रही थी, तभी इसके छह डिब्बे पटरी से उतर गए। सूचना मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का आकलन शुरू किया। कि बिलासपुर की ओर जाने वाला रेल यातायात प्रभावित हुआ है। चार रेलगाड़ियों का मार्ग बदला गया है, जबकि दो को शॉर्ट टर्मिनेट और दो को शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है। रेलगाड़ी के निर्धारित गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही किसी अन्य स्टेशन पर यात्रा समाप्त कर देने को शॉर्ट टर्मिनेट कहा जाता है।



- मप्र के कटनी में छह डिब्बे पटरी से उतरे, कई ट्रेनों के रूट बदले
- रेल लाइन बहाल करने का काम युद्धस्तर पर किया गया शुरू

## एसबीआई का महिलाओं को 4597 करोड़ के सामाजिक ऋण का तोहफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- लैंगिक अंतर को कम करने के लिए बैंक ने दिखाई प्रतिबद्धता

एसबीआई ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित 4597 करोड़ रुपये की सिंडिकेटेड सामाजिक सावधि ऋण सुविधा शुरू करने की घोषणा की।

बैंक ने कहा कि यह सिंडिकेटेड ऋण एसबीआई और वैश्विक ईएसजी (ईएसजी) वित्तपोषण परिदृश्य में महिला सशक्तिकरण के लिए एक मील का पत्थर है। यह वित्तपोषण सामाजिक प्रभाव को तेज करने पर केंद्रित है और लैंगिक अंतर को कम करने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5 - लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना में सार्थक योगदान देता है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने कहा, इस महिला दिवस पर हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एक जिम्मेदार संगठन के रूप में हम सतत विकास की आधारशिला के रूप में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं।

**संदेश** | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने कहा- महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की नींव

# शिक्षित और सशक्त महिलाएं राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

शनिवार को जारी एक संदेश में राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की नींव हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं ने शिक्षा, विज्ञान, खेल, कला और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन किया है। शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त महिलाओं के एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान देने का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि युवा महिलाएं एक नए भारत के सपनों को आकार दे रही हैं, और उन्हें उचित अवसरों, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा, आइए हम सब मिलकर एक ऐसे समाज की दिशा में काम करें जहां महिलाओं को समान अवसर मिलें और वे अपनी क्षमताओं के आधार पर आगे बढ़ सकें और सफलता प्राप्त कर सकें। मुर्मू ने महिला दिवस के सफल आयोजन और सभी महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



### महिला दिवस पर ताजमहल समेत संरक्षित स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरातत्व विभाग ने पर्यटकों को विशेष तोहफा दिया है। रविवार को ताजमहल सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। अधिकारियों के अनुसार देशी और विदेशी पर्यटक रविवार को ताजमहल में बिना प्रवेश शुल्क के जा सकेंगे। हालांकि मुख्य मकबरे में प्रवेश के लिए निर्धारित टिकट लेना होगा। ताजमहल के अलावा फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा स्मारक और आगरा किला सहित एएसआई के सभी संरक्षित स्मारकों में भी प्रवेश मुफ्त रहेगा। ताजमहल में पर्यटकों का प्रवेश सूर्योदय से लगभग 30 मिनट पहले शुरू हो जाता है और सूर्यास्त से करीब 30 मिनट पहले पर्यटकों को बाहर निकलना होता है। महिला दिवस के अवसर पर प्रवेश नि:शुल्क होने के कारण रविवार को ताजमहल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

## दुकान से महिला ने चुराई चांदी की पाजेब सीसीटीवी में कैद

पाकबड़ा, अमृत विचार : सर्राफा की दुकान पर पहुंचे पति-पत्नी ने देखने के बहाने एक जोड़ी पाजेब चुरा ली। जिसकी जानकारी दुकान स्वामी को सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद हुई। उसने रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। फिलहाल पुलिस को तहरीर नहीं दी है। कस्बे के मोहल्ला अंगूर वाली मस्जिद के पास होली वाले कुएं के निवासी सतीश वर्मा की सर्राफा की दुकान है। वह शनिवार दोपहर दुकान पर बेटे को बैठाकर खाना खाने घर गए थे। कुछ देर बाद ही एक दंपती दुकान पर पहुंचे और पहले सोने की लौंग दिखाने के लिए कहा। बेटे ने मना कर दिया तो चांदी की पाजेब दिखाने के लिए कहा। महिला ने देखने के दौरान एक जोड़ी पाजेब चुरा ली। सर्राफा व्यवसायी सतीश वर्मा घर से मोबाइल में कैमरे की रिकॉर्डिंग देख रहे थे। जैसे ही उनकी नजर इस पर पड़ी वह तुरंत दुकान पर पहुंचे लेकिन तब तक दंपती रफू चक्कर हो गए थे। फिलहाल सर्राफा व्यवसायी ने जानकारी पुलिस को नहीं दी है।

## ऑनलाइन प्रोग्राम में नामांकन की अंतिम तिथि 15 मार्च

मुरादाबाद, अमृत विचार : इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन प्रोग्राम में नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15 मार्च कर दी है। इस तिथि विस्तार से उन विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, जो किसी कारणवश आवेदन नहीं कर सके थे। हालांकि, सर्टिफिकेट प्रोग्राम और सेमेस्टर आधारित कुछ कार्यक्रम इस विस्तार के दायरे से बाहर हैं। हिन्दू कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. एके सिंह ने बताया कि इग्नू अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, डिप्लोमा और पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा सहित विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित करता है। कम शुल्क, लचीली अध्ययन व्यवस्था और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता के कारण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इन पाठ्यक्रमों में नामांकन लेते हैं। ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल स्टडी मटेरियल भी छात्रों को पढ़ाई में सुविधा प्रदान करते हैं। इच्छुक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# बीएलओ के पाले में एसआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की गेंद अब बीएलओ के पाले में है। मतदाता बनने के लिए जिन्होंने फार्म 6 भरकर जमा किया है उनकी मैपिंग कर पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य बीएलओ ही करेंगे। वहीं दावे व आपत्ति का समय बीतने के बाद अन्य औपचारिकता पूरी की जानी है।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में दो बार निर्वाचन आयोग ने दावे व आपत्ति की आखिरी तारीख बढ़ाकर छह मार्च की थी। इस दिन तक डेढ़ लाख लोगों ने फार्म 6 भरकर मतदाता बनने के लिए दावा किया। इसमें अधिकांश नगर विधानसभा क्षेत्र के नागरिक हैं। जिसमें युवा वर्ग भी शामिल है। अब जमा किए गए फार्मों की प्रक्रिया बीएलओ को पूरी करनी है। इसके बाद मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन अगले महीने किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम का कहना है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में जो फार्म बीएलओ के पास रह गए होंगे उसे जल्द मैपिंग करने का निर्देश दिया है। आपत्तियों व दावों के संबंध में जमा किए गए डाक्यूमेंट का परीक्षण करने के बाद सूची में नाम शामिल करने या हटाने का कार्य होगा। अगले महीने मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमले का निर्यात पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव

# ट्रंप टैरिफ से उबर नहीं सके, युद्ध ने कारोबार को दी एक और चपत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- खाड़ी देशों में युद्ध, निर्यातकों को हर दिन हजारों करोड़ का झटका
- घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ने से लोगों की जेब पर पड़ा बोझ

**अमृत विचार :** अमेरिका, इजरायल द्वारा ईरान पर हमले के बाद खाड़ी देश युद्ध की लपटों में झुलस रहे हैं। आए दिन हो रहे हमले से इन देशों से कारोबारी रिश्ता रखने वाले देशों पर बुरा असर पड़ रहा है। भारत के ईरान के अलावा अमेरिका और इजरायल से भी आर्थिक रिश्ते मजबूत हैं। लेकिन वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में चल रहे युद्ध का असर देश का निर्यात बुरी तरह प्रभावित है। इससे मुरादाबाद का ब्रास इंडस्ट्री भी प्रभावित हुआ है। प्रतिदिन हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। यहां के निर्यातक अभी ट्रंप टैरिफ की मार से उबरे नहीं थे, वहीं अब ईरान-अमेरिका, इजरायल युद्ध की लपटों में घिर गए हैं।

खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के चलते ईंधन की आपूर्ति भी प्रभावित होने से इसके दाम बढ़ने लगे हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ने के साथ पेट्रोल डीजल की कीमतें भी बढ़नी तय हैं। वहीं ईरान युद्ध में होर्मुज बंद होने से कंटेनरों के दाम भी 150 प्रतिशत तक उछल गए हैं। इससे निर्यातकों की कमर टूट रही है।

ईरान-युद्ध में होर्मुज बंद होने से कंटेनरों की कीमतें 150 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। इससे लागत दोगुनी हो गई है। ट्रंप टैरिफ के बाद अब युद्ध के चलते खाड़ी देशों से कारोबार लगभग ठप होने की स्थिति में है। लागत दोगुनी होने से मुनाफे की सोचना ही बेमानी है। - नावेद उर रहमान, अध्यक्ष मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन



वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और ईरान-अमेरिका-इजरायल और खाड़ी देशों में युद्ध के चलते ब्रास इंडस्ट्री के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं। अधिकतर निर्यात खाड़ी देशों ईरान, इराक, सउदी अरब सहित अन्य देशों को किया जाता है। अभी युद्ध के चलते संकट के बादल छाए हैं। आगे जब तक स्थिति सामान्य नहीं होती है, यह संकट बना रहेगा। - विशाल अग्रवाल, नेशनल चेयरमैन, यस



# बहन पर किए चाकू के 40 प्रहार प्रेम की राह में मान रहा था बाधा

### बुद्धि विहार हत्याकांड: प्रेमिका से शादी न होने पर नफरत करने लगा था हार्दिक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बहन की हत्या करने वाले भाई को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बहन पर चाकू से हमला करने के दौरान हैवान बन गया, उसने 40 वार किए। मां पर भी चाकू से हमला किया, गनीमत रही कि चीख-पुकार सुनकार पड़ोसियों के पहुंच जाने से उनकी जान बच गई।



आरोपी हार्दिक।

- जुड़वा बहन के चेहरे, गर्दन, सीने और पेट पर किए थे ताबड़तोड़ वार

थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार सेक्टर दो में गणेश पार्क के नजदीक रहने वाली नीलिमा शर्मा इंश्योरेंस कंपनी में काम करती हैं। जबकि उनके जुड़वा बच्चे बेटा हार्दिक और बेटी हिमशिखा कंपनी में नौकरी करते थे। हिमशिखा आइटी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर थी। हार्दिक पहले गूगल कंपनी में काम करता था। बाद में वह यू-ट्यूबर बन गया। स्थायी नौकरी नहीं होने के कारण वह अवसाद में चल रहा था। होली की छुट्टी में दोनों तीन मार्च को घर आए थे। शुक्रवार को नीलिमा आफिस गई थीं, जबकि हिमशिखा और हार्दिक घर पर ही थी। इस दौरान दोनों में झगड़ा हुआ और हैवान बने हार्दिक ने चाकू से बहन पर हमला कर ताबड़तोड़ वार किए। बहन की मौके पर ही मौत हो गई।

### कंबल में लपेटा शव

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक ने हिमशिखा के चेहरे, गर्दन, पेट, सीने पर 40 बार वार किए। इससे उसकी मौके पर ही मौत गई। बहन की मौत होने के बाद शव को कंबल में लपेटकर घर का दरवाजा बाहर से बंद करके कार से निकल गया।

### ऑफिस से मां को गिफ्ट के बहाने बुलाकर लाया

घर से निकलकर सीधे मां के आफिस पहुंचा। आफिस में मां से बोला कि घर उनके लिए गिफ्ट रखा है, जल्दी चलो। मां ने मना किया तो जिद कर उन्हें साथ ले आया। मां जब घर में घुसी तो अंदर का हाल देखकर उनकी चीख निकल गई। इसके बाद हार्दिक ने उन पर भी चाकू से हमला किया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी इकट्ठा होने लगे तो हत्यारा कार में बैठकर फरार हो गया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मां-बेटी को अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में चिकित्सकों ने हिमशिखा को मृत घोषित कर दिया। नीलिमा शर्मा का उपचार अभी चल रहा है।

### शादी का विरोध करने पर खोया आपा

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में हार्दिक ने बताया कि वह पहले उसके साथ कार्य करने वाली पुणे की युवती से प्रेम करता था और शादी करना चाहता था, लेकिन दूसरा धर्म की होने के कारण मां और बहन विरोध करती थीं। बताया जा रहा है कि हार्दिक जब शादी के लिए मां और बहन को नहीं मना पाया तो उसका युवती के साथ ब्रेकअप को गया और वह अवसाद में चला गया। बहन ने उसे कई बार समझाया लेकिन उसकी हालत में सुधार भी आया। होली पर घर आने के बाद भी इस बात को लेकर विवाद हुआ। शुक्रवार को फिर से इस बात को लेकर हिमशिखा से झगड़ा हुआ तो वह अपना आपा खो बैठा और चाकू से ताबड़तोड़ वार कर बहन की हत्या कर दी। वह मान रहा था कि बहन ही मां को शादी के विरोध के लिए भड़का रही है, इसलिए वह अंदर ही अंदर उससे नफरत करने लगा था।

### पड़ोसी भी रह गए स्तब्ध

पड़ोसियों का कहना है कि मां और बच्चों में एक दूसरे काफी लगाव था। हर त्योहार पर बच्चे घर आते और साथ में खुशियां मनाते। साथ ही घूमने भी जाते। हालांकि, हार्दिक लोगों से ज्यादा घुलता मिलता नहीं था। हार्दिक इतना बड़ा कदम उठाएगा यह किसी भरोसा नहीं हो रहा है। वहीं, शुक्रवार को पुलिस ने हार्दिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार तीन छात्र घायल

बिलासपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव नवाबगंज मार्ग पर पिकअप चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए उत्तराखंड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी हरमनप्रीत सिंह और गुरजस दोनों सगे भाई अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर पेपर देने के लिए गदरपुर उत्तराखंड जा रहे थे। इस दौरान गांव पसियापुरा के पास पिकअप चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते तीनों छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही घायलों की चीज पुकार पर आस-पास के लोगों समेत राहगीरों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर घायलों के परिजन भी मौके पर आ गए। बाद में घायलों को उत्तराखंड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर गुरजस सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं आई है, तहरीर आने पर ही कार्रवाई की जाएगी।

# नाला निर्माण के दौरान फटी गैस पाइपलाइन

संवाददाता, पाकबड़ा

- पाकबड़ा में आवाज सुनकर घरों से बाहर निकल गए लोग
- पाइपलाइन जुड़ने के बाद सामान्य हुई स्थिति

**अमृत विचार :** नाला निर्माण के दौरान शुक्रवार की देर रात गैस की पाइपलाइन फटने से तेज आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल गए। आग लगने की आशंका पर भगदड़ मच गई। सूचना फायर ब्रिगेड, 112 पुलिस, थाना पुलिस एवं गैस पाइपलाइन कंपनी के कर्मचारियों को लोगों ने दी। पाइपलाइन जुड़ने के बाद स्थिति सामान्य हुई।

पाकबड़ा कस्बे में हाईवे की सर्विस रोड पर नाला निर्माण चल रहा है। तेजी से काम करने के लिए रात में भी नाले का निर्माण किया जा रहा है। शुक्रवार की देर रात कस्बा चौकी के पास जेसीबी से नाला खोदाई के दौरान गैस की पाइपलाइन फट गई। जिससे गैस रिसाव होने की तेज आवाज से आसपास के लोग डर गए। आग लगने के डर से सभी अपने घरों से बाहर निकल आए।

लोगों ने सबसे पहले पीआरवी 112 को सूचना दी। उसके पहुंचने के बाद थाने की पुलिस भी पहुंची। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दे दी गई। सूचना देकर टॉरेंट गैस के कर्मचारियों को भी बुलाया गया। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने गैस के पाइप को जोड़कर रिसाव बंद किया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



गैस पाइपलाइन ठीक करते टॉरेंट गैस कंपनी के कर्मी।

# खुले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र सुरक्षित जगह शिफ्ट कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने शनिवार को ग्राम पंचायत मथाना व अलीपुर खालसा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों और वीएचएसएनडी सत्रों का निरीक्षण किया गया। जहां खुले में केंद्र व सत्र का संचालन होते देख उन्होंने नाराजगी जताई। आंगनबाड़ी केंद्रों को प्राइमरी स्कूल, जूनियर हाईस्कूल, पंचायत भवन या अन्य किसी सुरक्षित और सार्वजनिक स्थान पर स्थानान्तरित कराने का निर्देश दिया।

मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिकाएं, आशा और एएनएम उपस्थित मिलीं। वीएचएसएनडी सत्रों पर जीएमडी उपलब्ध पाई गई और बच्चों का टीकाकरण व वजन किया जा रहा था। ग्राम पंचायत तेलीपुरा खालसा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का भी उन्होंने निरीक्षण किया। ग्राम समाज की भूमि पर दो आंगनबाड़ी केंद्र बने हैं। जो जर्जर हाल में थे। केंद्रों का संचालन भवनों के बाहर खुले में किया जा रहा था। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्राइमरी स्कूल, जूनियर हाईस्कूल, पंचायत भवन या अन्य किसी सुरक्षित और सार्वजनिक स्थान पर स्थानान्तरित कराएं। मुख्य विकास अधिकारी ने हाट कुक्ड फूड योजना को ठीक से चलाने के लिए निर्देश दिया।



आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करतीं मुख्य विकास अधिकारी। ● अमृत विचार

- सीडीओ ने किया ग्राम पंचायत मथाना व अलीपुर खालसा में आंगनबाड़ी व वीएचएसएनडी सत्रों का निरीक्षण

## शादी के लिए प्रेमी के घर पहुंची युवती, हंगामा

सैदनगर, अमृत विचार : मामला अजीम नगर थाना क्षेत्र के नवाबगंज गांव का है। एक युवक का थाना टांडा क्षेत्र के सरावा गांव में नर्सिंग होम है। नर्सिंग होम पर ही रामपुर निवासी एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग हो गया।

युवक ने नर्सिंग होम बुलाकर युवती से शादी का झांसा देकर संबंध बना लिए। करीब एक वर्ष तक दोनों में प्रेम प्रसंग चला रहा। 8 दिन पहले प्रेमी ने युवती से शादी के लिए इंकार कर दिया। प्रेमी के शादी से इनकार करने पर प्रेमिका भड़क गई। प्रेमी को सबक सिखाने युवती उसके घर पहुंच गई और हंगामा करने लगी। बीते कई दिन से युवती गांव में चक्कर लगा रही है। जबकि आरोपी और उसके परिजन घर से फरार हैं। शनिवार शाम को पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सम्मानित लोग समझौते की कोशिश कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर गेट तिराहे पर शनिवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान इमरान के रूप में हुई है। जिला अस्पताल में मां जुबैदा ने बताया कि उनका बेटा इमरान पैदल जा रहा था, तभी बिलासपुर गेट के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल प्रशासन ने जानकारी दी कि परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराए और बिना पुलिस को सूचित किए ही घर ले गए। मामले में थाना गंज प्रभारी पवन शर्मा ने बताया कि पुलिस को अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि परिजनों की ओर से प्रार्थना पत्र मिलने पर पुलिस पूरे मामले की जांच करेगी और उचित कार्रवाई की जाएगी। युवक की मौत से परिवार में शोक का माहौल है।



जिला अस्पताल में बिलखती मां।

- बिलासपुर गेट तिराहे पर शनिवार दोपहर हुआ हादसा, पैदल जा रहा था इमरान

### ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत, मदद को पहुंच रहा देवर भी हादसे का शिकार



शाहबाद, अमृत विचार : नगर के मंगोली निवासी महिपाल की पत्नी पूजा सड़क पार कर रही थीं। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पूजा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शाहबाद में गाड़ी धुलाई का काम करने वाले उनके देवर राजवीर ग्राहक की स्कॉर्पियो लेकर मौके की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शाहबाद-बिलारी मार्ग पर आदित्य चड्ढा स्कॉर्पियो मोड़ रहे थे। इसी बीच दोनों गाड़ियों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों वाहनों में सवार लोग भी घायल हो गए। घायल राजवीर को भी सीएचसी लाया गया। वहीं, घायल पूजा की मुरादाबाद के निजी अस्पताल में मौत हो गई।



लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे सड़क हादसों को रोका जा सके।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष

### हादसे में पैर गंवाने के बाद भी आशा तोमर का नहीं टूटा हौसला, बनीं आत्मनिर्भर

# मुश्किल हालात भी नहीं रोक पाए बेटियों के कदम

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जीवन में कई बार ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं जो इंसान की हिम्मत और धैर्य की कठिन परीक्षा लेती हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो मुश्किलों के आगे हार मानने के बजाय उनसे लड़कर अपनी पहचान बना लेते हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दो ऐसी महिलाओं की कहानी है, जिन्होंने विपरीत हालात के बावजूद अपने हौसलों को कमजोर नहीं पड़ने दिया। एक ट्रेन हादसे में दोनों पैर गंवाने के बाद भी आत्मनिर्भर बनकर नया जीवन शुरू करने वाली आशा तोमर हैं, तो दूसरी ओर सीमित संसाधनों और पारिवारिक असहमति के बावजूद एथलेटिक्स में सपनों को साकार करने के लिए संघर्ष कर रही युवा खिलाड़ी आशी यादव। दोनों की कहानियां यह साबित करती हैं कि मजबूत इरादों के सामने मुश्किलें ज्यादा देर तक टिक नहीं पातीं।



आशी यादव।



आशा तोमर।

मूल रूप से दिल्ली के शाहदरा में जन्मी आशा तोमर की शादी के बाद उनका जीवन पिलखुआ में परिवार के साथ सामान्य रूप से चल रहा था। बच्चों की परवरिश और घर-परिवार की जिम्मेदारियों में व्यस्त थीं। 31 मार्च 2022 का दिन उनके जीवन में ऐसा तूफान लेकर आया जिसने सब कुछ बदल कर रख दिया।

उस दिन हुए एक दुर्भाग्यपूर्ण ट्रेन हादसे में आशा तोमर ने दोनों पैर गंवा दिए। यह हादसा केवल शारीरिक क्षति ही नहीं था, बल्कि गहरी मानसिक और भावनात्मक परीक्षा था। हादसे के बाद उन्हें लगभग आठ महीने तक दिल्ली के अस्पताल में उपचार कराना पड़ा। इलाज के बाद जब वे पिलखुआ स्थित ससुराल लौटीं तो परिस्थितियां उनके अनुकूल नहीं थीं। बच्चे छोटे थे और उनकी देखभाल के लिए कोई स्थायी सहारा नहीं था। ऐसे कठिन समय में उनकी बहन कंचन चौहान सहारा बनकर आईं। कंचन उन्हें अपने साथ मुरादाबाद ले आईं और घर में जगह देने के साथ नया जीवन शुरू करने का हौसला भी दिया। शुरुआत में आशा ने एक छोटी सी टिफिन सर्विस शुरू की। मेहनत और लगन से किए गए इस काम से धीरे-धीरे उन्हें छोटे आयोजनों में भी भोजन व्यवस्था के अवसर मिलने लगे। समय के साथ उन्होंने अपने बलबूते एक छोटा कैटरिंग व्यवसाय खड़ा कर लिया और अब उन्हें नियमित रूप से ऑर्डर मिलने लगे हैं। आज आशा तोमर केवल एक उद्यमी ही नहीं, बल्कि एक शिक्षिका भी हैं। वह बहन के स्कूल में कक्षा तीन के बच्चों को पढ़ाती हैं। उन्होंने अपाहिज होकर किसी पर बोझ बनने के बजाय जिंदगी में संघर्ष की राह पकड़ी। परिणाम है कि वह दूसरों पर निर्भर न होकर बच्चों का भविष्य संवार रही है, साथ ही परेशानियों से हार मान जाने वालों के लिए उदाहरण भी प्रस्तुत कर रही हैं।

### सपनों की दौड़ में संघर्ष से आशी ने बनाई पहचान

नया गांव निवासी 17 वर्षीया आशी यादव को बचपन से ही खेलों में रुचि थी। स्कूल स्तर पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग के दौरान मिली जीत के बाद उन्होंने एथलेटिक्स में करियर बनाने का निर्णय लिया। जब उन्होंने अपने माता-पिता से खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा जताई तो शुरुआत में परिवार ने इसका विरोध किया और पढ़ाई पर ध्यान देने की सलाह दी। लेकिन, आशी ने अपने सपनों को छोड़ने के बजाय उन्हें पूरा करने का रास्ता तलाशा। उन्होंने सहेली के घर जाने का बहाना बनाकर स्टेडियम पहुंचना शुरू किया और वहां नियमित रूप से एथलेटिक्स का प्रशिक्षण लेने लगीं। लगातार अभ्यास और परिश्रम का परिणाम यह हुआ कि उन्होंने राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। आशी ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 1,500 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया है। हाल ही में उन्होंने गोवा में आयोजित ओपन नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। हालांकि इस प्रतियोगिता में उन्हें पदक नहीं मिल सका, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का अनुभव उनके लिए आगे बढ़ने की नई प्रेरणा बन गया। पिता विजेंद्र यादव ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटी की सफलता के बाद उन्हें पहले के निर्णय पर पछतावा है और अब बेटी पर गर्व करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद आशी का लक्ष्य एथलेटिक्स में देश का नाम रोशन करना है।

# नशे में चालक, दुकान में घुसी पिकअप

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** शुक्रवार रात रामपुर मार्ग पर पिकअप चालक ने नशे में वाहन पर नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क किनारे बनी दुकान में जा घुसी। जिससे दुकान की दीवार भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि उस समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

घटना रामपुर रोड स्थित समोदिया गांव के पास शुक्रवार रात लगभग नौ बजे हुई। कोतवाली क्षेत्र के गांव धनपुर शाहदरा नई बस्ती निवासी सोनू पिकअप चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक नशे में था और इसी कारण वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका। अनियंत्रित पिकअप मिलक काजी निवासी जाकिर की दुकान में जा घुसी। टक्कर लगते ही दुकान की दीवार ढह गई। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए और चालक को गाड़ी से बाहर निकाला। लोगों के अनुसार चालक नशे में धुत था। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और लोग इस लापरवाही पर नाराजगी जताने लगे। बाद में गांव के संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया। किसी भी पक्ष ने थाने में तहरीर नहीं दी। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया।



दुकान में घुसी पिकअप। ● अमृत विचार

### बाइकों की भिड़ंत में दो दंपती घायल, रेफर

शाहबाद, अमृत विचार : शाहबाद-रामपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दो दंपती बुरी तरह जख्मी हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मडैयान तुलसी निवासी विरजलाल पत्नी धनवती के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान शाहबाद-रामपुर मार्ग पर सामने से आ रही दूसरी बाइक पर रामलाल पत्नी सुखिया के साथ थे। दोनों आपस में भिड़ गई। हादसे में चारों लोग सड़क पर गिरकर लहुलुहान हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत सीएचसी ले जाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



**इफ्तार** 08 मार्च
सुन्नी : 6:22
शिया : 6:33

**सहरी** 09 मार्च
सुन्नी : 5:08
शिया : 5:04

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया : नेकी करो, जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करो।

## शहर में आज

- अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-6 और 9 में प्रवेश के लिए परीक्षा चित्रगुप्त इंटर कॉलेज निकट जैन मंदिर में 11:00 बजे
- यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब द्वारा होली मिलन समारोह लेडीज क्लब में शाम 4:00 बजे

## परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा 16 से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय, मान्यता प्राप्त स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षाएं 16 से 20 मार्च तक दो पालियों में कराई जाएंगी। शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल ने आदेश जारी कर कार्यक्रम घोषित कर दिया है। पहले दिन 16 मार्च को एक से पांच तक के सभी विषयों की मौखिक परीक्षा कराई जाएगी। 17 को एक से आठ तक की पहली पाली में गणित और दूसरी पाली में संस्कृत-उर्दू विषय की परीक्षा होगी। 18 को पहली पाली में तीन से आठ तक की सामाजिक विषय और दूसरी पाली में अंग्रेजी की परीक्षा कराई जाएगी। 19 को पहली पाली में दो से आठ तक के छात्र छात्राओं की हिंदी और दूसरी पाली में कला-संगीत की परीक्षा होगी। जबकि 20 को तीन से पांच तक पहली पाली में कार्यानुभव-नैतिक शिक्षा विषय की परीक्षा कराई जाएगी। जबकि छह से आठ तक विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में अपराह्न 12:30 से 2:30 बजे तक पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा होगी। बेसिक शिक्षाधिकारी ने खंड शिक्षाधिकारियों, प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को परीक्षा संबंधी निर्देश दिए है।

# विद्युत पेंशनर्स इकाई की कार्यकारिणी घोषित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीके कपूर अध्यक्ष, राजेंद्र सिंह उपाध्यक्ष व एसपी सिंह बने सचिव

**अमृत विचार:** विद्युत पेंशनर्स परिषद की जनपद कार्यकारिणी का दो वर्षीय चुनाव शनिवार को सिविल लाइंस स्थित कोठी नंबर पांच पर हुई। इसमें विद्युत पेंशन परिषद के 100 से अधिक पेंशनधारी शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया।

चुनाव अधिकारी इंजीनियर अनवार अली ने चुनाव कराया। संरक्षक मंडल में एपी माथुर और संयोजक एके सिंघल रहे। चुनाव में अध्यक्ष पद पर इंजीनियर पीके कपूर, राजेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, एसपी सिंह सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार चुने गए।

इसके अलावा संगठन सचिव महमूद हसन जाफरी, प्रचार सचिव अशोक कुमार गुप्ता, लेखा निरीक्षक एसके अग्रवाल चुने गए। सदस्य कार्यकारिणी एसके अग्रवाल, जीवन लाल सिंह राणा, महावीर सिंह, आनन्द सिंह, जय किशोर आदि चुने गए।

इस दौरान एसएस यादव, विभूति त्यागी, दिनेश विश्नोई, सैयद शहजाद अली, राकेश कुमार गुप्ता, एलके त्यागी, ओमकार सिंह, नेम पाल सिंह, मोहर सिंह, जगदीश सरन, सूर्य कुमार, पीके सक्सेना आदि मौजूद रहे।


जनपद इकाई के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी व मौजूद पेंशनर। ● अमृत विचार

## बदलते मौसम में रहें सावधान, चिकित्सकों के अनुसार लापरवाही पड़ सकती है भारी

# चैत्र माह में ही गर्मी दिखाने लगी अपना असर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अधिकतम तापमान 31 व न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज, शीतल पेय बने राहत का सहारा

**अमृत विचार :** चैत्र माह की शुरुआत होते ही मौसम ज्येष्ठ जैसी गर्मी का अहसास करा रही है। शनिवार को तेज धूप के कारण लोग परेशान नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दोपहर के समय धूप की तीव्रता अधिक होने से लोग छांव और ठंडे पेय पदार्थों की तलाश में दिखाई दिए। शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों और सड़कों के किनारे गन्ने के जूस, नींबू पानी और अन्य शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। तेज धूप से राहत पाने के लिए कई लोग ठंडे पेय का सहारा लेते नजर आए।

मौसम में अचानक आए इस बदलाव को देखते हुए चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह का कहना है कि मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।


दोपहर में कुछ इस तरह निकले लोग।

उन्होंने बताया कि इस समय दिन में गर्मी और सुबह-शाम हल्की ठंडक रहती है, ऐसे में लापरवाही बरतने से सर्दी-जुकाम, बुखार, डिहाइड्रेशन और वायरल संक्रमण जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। लोगों को तेज धूप में निकलने से बचना चाहिए और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

बताया कि इलाज के लिए आ रहे मरीजों को दवा के साथ सलाह दी जा रही है कि धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखें, हल्के व सूती कपड़े पहनें और तले-भुने भोजन से परहेज करें। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने की वजह से बदलते मौसम का असर उन पर जल्दी पड़ता है।

# वायु प्रदूषण बढ़ा, खुली हवा में सांस लेना मुश्किल

## सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्र रहा हयातनगर और कोठीवाल नगर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** क्लीन एंड ग्रीन मुरादाबाद की संकल्पना को वायु प्रदूषण मुंह चिढ़ा रहा है। इन दिनों वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसमें वाहनों से निकलने वाला धुआं के अलावा सड़कों पर उड़ती धूल और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाली हानिकारक गैस कारक बन रही है। प्रभावी नियंत्रण का उपाय न होने से वायु प्रदूषण के अनहेल्दी श्रेणी में पहुंचने से लोगों को खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो रहा है।

वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। एलर्जी, दमा व सांस संबंधित मरीजों को वायु प्रदूषण बढ़ने से और परेशानी बढ़ रही है। खुली हवा में सांस लेने के लिए मार्निंग वॉक करने वाले भी वायु प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। क्योंकि उस समय वातावरण में नमी होने के चलते दिक्कत होने से उन्हें मास्क लगाना पड़ रहा है। वहीं दिन में वाहनों का धुआं लोगों की सांसों में जहर घोल रहा है। नगर निगम की ओर से वायु प्रदूषण नियंत्रित करने का उपाय भी प्रभावी साबित नहीं हो रहा है। वाटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव व मैकेनिकल रोड क्लीनिंग भी प्रदूषण का स्तर कम नहीं कर पा रहा है। होलिका दहन से निकला धुआं अभी भी वातावरण में व्याप्त होने की बात कही जा रही है।

**मोहल्लों में वायु गुणवत्ता सूचकांक की स्थिति**

| मोहल्ले | वायु गुणवत्ता सूचकांक | श्रेणी |
|---|---|---|
| चक्कर की मिलक | 169 | अनहेल्दी |
| चौधरपुर | 167 | अनहेल्दी |
| हरथला | 162 | अनहेल्दी |
| हयात नगर | 194 | अनहेल्दी |
| कांशीराम नगर | 166 | अनहेल्दी |
| खुशहालपुर | 164 | अनहेल्दी |
| कोठीवाल नगर | 174 | अनहेल्दी |
| लाजपत नगर | 173 | अनहेल्दी |
| ट्रांसपोर्ट नगर | 170 | अनहेल्दी |

## युवतियों की एथलेटिक्स स्पर्धाओं में उड़ेंगे 500 से अधिक गुब्बारे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मेरा युवा भारत द्वारा खेलो इंडिया अभियान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को सोनकपुर स्टेडियम में कार्यक्रम होगा। प्रथम सत्र में सुबह 10 बजे से युवतियों के लिए एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। जिसमें 13 वर्ष से कम, 18 वर्ष से कम और 25 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतिभागियों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

दूसरे सत्र में सुबह 11:30 बजे से फन एक्टिविटी का आयोजन होगा। इसमें अष्टभुजा चक्र का निर्माण किया जाएगा, जो शक्ति की प्रतीक देवी दुर्गा की अष्टभुजा का प्रतीकात्मक रूप प्रस्तुत करेगा। आठ चक्रों पर खड़ी युवतियां एक साथ 500 से अधिक मुद्रित गुब्बारों को आकाश में छोड़ेंगी, जिनके माध्यम से पूरे शहर में महिला दिवस के महत्व और महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह और जिलाधिकारी अनुज सिंह मुख्य अतिथि रहेंगे।

# भारी बजट की जरूरत नहीं बल्कि विचारों से होता है नवाचार का जन्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से सस्टेनेबल इन्नोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप पर कार्याशाला आयोजित हुई। इसमें विशिष्ट अतिथि लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया में रिसर्च एंड इन्नोवेशन के डिप्टी वाइस चांसलर प्रो. संदीप पोद्दार रहे। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला की शुरुआत हुई।

प्रो. संदीप पोद्दार ने सतत नवाचार और उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टेलीफोन और विमान जैसे आविष्कार सीमित संसाधनों और असफलताओं के बावजूद विकसित किए गए हैं। बड़े नवाचार हमेशा बड़े बजट से नहीं, बल्कि बड़े विचारों से जन्म लेते हैं। यदि सोच स्पष्ट हो और उद्देश्य मजबूत हो, तो कम फंडिंग में भी प्रभावशाली और उपयोगी इन्नोवेशन किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रो. हमें प्रकृति से सीखना चाहिए। एक साधारण विचार को सही दिशा, शोध और दृढ़ संकल्प के माध्यम से सफल स्टार्टअप में बदला जा सकता है।


टीएमयू में वर्कशॉप को संबोधित करते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

- रिसर्च एंड इन्नोवेशन के डिप्टी वाइस चांसलर ने बताया सतत नवाचार और उद्यमिता का महत्व

मुख्य अतिथि कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज़ के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार रहे। कार्यशाला में उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र लेखन, यूजीसी-केयर जर्नल चयन, शोध में नैतिकता, पेटेंट प्रक्रिया, तथा अकादमिक नवाचार को उद्योग से जोड़ने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। संचालन सौम्या त्रिपाठी ने किया। इस दौरान ऑप्टोमेट्री के एचओडी डॉ. राकेश कुमार यादव, फॉरेंसिक साइंसेज के एचओडी रवि कुमार, आईआईसी कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार, रेडियोलॉजी के एचओडी अमित बिष्ट, डॉ. पिनाकी अदक आदि मौजूद रहे।

# खुश हुए परीक्षार्थी, सरल बताया पेपर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से संचालित परीक्षाओं के क्रम में शनिवार को परीक्षाएं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुईं। पहली पाली में हाईस्कूल के विद्यार्थियों की वाणिज्य विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए कुल 785 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 765 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 20 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

इसी पाली में इंटरमीडिएट के व्यवसायिक वर्ग के विषय की परीक्षा भी कराई गई। इस परीक्षा में कुल 217 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 206 उपस्थित रहे, जबकि 11 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। दूसरी पाली में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की मानवविज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए दो विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से एक विद्यार्थी उपस्थित रहा, जबकि एक अनुपस्थित रहा।


के सी एम स्कूल के बाहर परीक्षा के बाद चर्चा करती छात्राएं। ● अमृत विचार

- दसवीं में 785 में से 765 और बारहवीं में अधिकांश परीक्षार्थी रहे उपस्थित

परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलने के बाद विद्यार्थियों ने पेपर को संतुलित बताया। हाईस्कूल के छात्र अभिषेक और रोहित ने बताया कि वाणिज्य का प्रश्नपत्र सिलेबस के अनुरूप था और अधिकांश प्रश्न सीधे पूछे गए थे, जिससे उन्हें उत्तर लिखने में अधिक कठिनाई नहीं हुई। वहीं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों ने भी प्रश्नपत्र को सामान्य स्तर का बताया। उनका कहना था कि जिन विद्यार्थियों ने नियमित रूप से तैयारी की थी, उनके लिए पेपर हल करना आसान रहा। परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थी संतुष्ट नजर आए और उन्होंने पेपर को अपेक्षाकृत सरल से मध्यम स्तर का बताया। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि किसी भी केंद्र से अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए विद्यार्थी की जानकारी नहीं मिली।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिले के बिलारी तहसील के पीपली गांव स्थित मंडल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-6 और 9 में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए 8 मार्च को प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। उप श्रमायुक्त ने बताया कि प्रवेश परीक्षा मंडल के सभी जिलों में पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्रों में कराई जाएगी। परीक्षा कक्ष 6 में प्रवेश के लिए पूर्वान्ह 11:00 बजे से एक बजे तक और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए 11:00 से 1:30 बजे तक परीक्षा कराई जाएगी। दिव्यांग बच्चों को परीक्षा में 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद में प्रवेश परीक्षा चित्रगुप्त इंटर कॉलेज निकट जैन मंदिर, सिविल लाइंस में होगी। प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। सुबह 9:00 बजे केंद्र पर पहुंचना है। मोबाइल या इलेक्ट्रिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित है।

# नोटबंदी के बाद अब वोटबंदी अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइन स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को मासिक बैठक हुई। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा ने पहले नोटबंदी की अब वोटबंदी अभियान चला रही है। बोले, मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं को जानबूझकर सरकार के इशारे पर परेशान किया जा रहा है।

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने विभिन्न पार्टियों से सपा में आए अतीक सैफी, सलीम अख्तर, मो. युसूफ, चौधरी गजराज सिंह, इशिका आदि का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सभी ने सपा की नीतियों में आस्था जताई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने कार्यशैली से जनता का विश्वास खो दिया है इसलिए भाजपा धांधली पर उतर आई है। भाजपा की गलत नीतियों, महंगाई, बेरोज़गारी के चलते जनता परेशान है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में पीडीए के वोट काटने का षड्यंत्र चल रहा है। हालांकि पीडीए के जागरूक प्रहरियों और ईमानदार बीएलओ की वजह से वह अपनी चाल में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। पूर्व विधायक हाजी रिजवान ने कहा अरविंद केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े हैं। भाजपा ने दिल्ली वालों से विश्वासघात किया है। जिला महासचिव फुरकान अली, लाखन सिह सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी, जिला महासचिव फुरकान अली, वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, आश्कार पाशा, नौशाद पाशा, धर्मेंद्र यादव, शीरी गुल, आदित्य चौधरी, मो. तकी, मो. महमूद, नबी हसन, नवीन यादव, बासु गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मासिक बैठक में बोलते सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव। ● अमृत विचार

- सपा की बैठक में बोले जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव

## महेश मीना के शतक से एमबी अकाउंट्स जीता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को राजधानी और एमबी अकाउंट्स की टीमों के बीच 20 ओवर का मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर एमबी ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए राजधानी की ने निर्धारित 20 ओवर में 211 रन बनाए।

महेंद्र ने नाबाद 109, राहुल पाल ने 38 व सोनू ने 27 रन बनाए। जवाब में उतरी एमबी अकाउंट्स की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 13.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 212 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से महेश मीना ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 125 रन की शानदार पारी खेली और जीत में अहम भूमिका निभाई। अंकुर त्यागी ने 28 रन और देवेंद्र कुमार वर्मा ने 17 रन का योगदान दिया। महेश मीना की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर एमबी अकाउंट्स ने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर शानदार जीत दर्ज की।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

## सोमवती शर्मा और सौम्या सागर अग्रवाल उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

# होली मिलन समारोह में क्लब की सदस्यों ने मचाया धमाल


मुरादाबाद क्लब में होली मिलन समारोह में मौजूद मीताक्षी क्लब की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार


ब्यूटीफुल लेडीज क्लब के होली उत्सव में शामिल क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद क्लब में शनिवार को मीताक्षी क्लब द्वारा होली मिलन व महिला शक्ति दिवस आयोजित किया गया। सोमवती शर्मा और सौम्या सागर अग्रवाल को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

होली मिलन समारोह की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। डॉ. ऋतु रजनी और कनिका ने राधाकृष्ण गीत पर नृत्य किया। इसके बाद सभी सदस्यों को गेम खिलवाए गए और होली से संबंधित सरप्राइज पूछे गए। नीना अग्रवाल ने सभी का मनोरंजन कराया। निशा कपूर और मधु बंसल ने सदस्यों को टाइटल सुनाए। अध्यक्ष शीतल अग्रवाल ने महिला दिवस व होली की बधाई दी। सदस्यों ने हाउजी खेली और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस दौरान सोनम मेहरोत्रा, विदुषी टंडन, ज्योति सिंह, रश्मि सुमेधा, निधि, शीनो, दीपाली, अंजली, पूनम, बरखा, सविता, रूबी, शैल आदि मौजूद रहीं।

## समाज सेवा करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ब्यूटीफुल लेडीज क्लब द्वारा होली उत्सव के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को मुरादाबाद क्लब में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना था। मुख्य अतिथि वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पीएल श्रीधर, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल रहीं। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए गौरी जैन और अनीता श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. संगीता मदान ने कहा कि महिलाएं आज समाज की रीढ़ बनकर हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। नारी की भागीदारी से ही समाज और देश का समग्र विकास संभव है। डॉ. बबीता गुप्ता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष, सपनों और साहस की प्रतीक विरासत है। इस वर्ष की थीम गिव टू गेन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञान, सहयोग और प्रेरणा के आदान-प्रदान से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। होली हुड़दंग में नृत्य व प्रस्तुति देकर माहौल को रंगीन बना दिया। डॉ. सुदीप और रश्मि द्वारा प्रस्तुत डॉक्टर-मरीज संवाद पर आधारित हास्य नाटक ने खूब हंसाया। संचालन डॉ. प्रियाल और डॉ. प्रीना ने किया। सचिव डॉ. गरिमा गुप्ता, डॉ. उपमा अग्रवाल, संयोजक डॉ. पायल पुरी, डॉ. प्रीति, सीमा सिंह, मोनिका अग्रवाल आदि रहीं।

## क्रिकेट: यूथ अकादमी ने पारकर को हराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पारकर इंटर कॉलेज के मैदान पर शनिवार को पारकर क्रिकेट अकादमी और यूथ अकादमी के बीच 35 ओवर का मैच खेला गया। यूथ अकादमी की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर जीत नाम की। पारकर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

टीम 34.5 ओवर में 234 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। पारकर के काव्यांश सिसोदिया ने 95 रन बनाए। जेम्स रॉय ने 19 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ अकादमी की टीम ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। टीम ने मात्र 30.4 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 236 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यूथ अकादमी की ओर से संदीप ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 104 रन बनाए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं श्लोक विश्नोई ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 82 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

# होली सभा में बिखरी रंग राग और रिदम की छटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण का कार्यक्रम
- गायिका कशिश भारद्वाज की प्रस्तुति ने बांधा समां

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण की ओर से होली के अवसर पर होली सभा रंग, राग और रिदम कार्यक्रम का आयोजन आईएमए भवन में हुआ। क्लब के सदस्यों ने होली के रंगों और संगीत से सजी इस शाम का आनंद लिया। मुख्य अतिथि लखनऊ से आईं गायिका कशिश भारद्वाज रहीं। क्लब के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

कशिश भारद्वाज ने अपनी मधुर आवाज और संगीतमय प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को सुरमय बना दिया। उनकी शानदार गायकी ने उपस्थित सभी सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन गोपाल अग्रवाल द्वारा सभी अतिथियों और सदस्यों के स्वागत के साथ हुई। इस दौरान क्लब के सचिव रोटेरियन आशीष अग्रवाल ने क्लब द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए आने वाले प्रोजेक्ट्स और गतिविधियों के बारे में भी बताया। इस दौरान हाउसी गेम, अद्विक गर्ग द्वारा गिटार वादन, पूजा अग्रवाल द्वारा होली गीत पर नृत्य, सचिन अग्रवाल और अंजलि अग्रवाल की हास्य स्किट, दैविक गर्ग द्वारा की-बोर्ड वादन, डॉ. प्रतीक और डॉ. ऋचा तथा आशीष अग्रवाल और नेहा अग्रवाल के कपल डांस ने सभी का खूब मनोरंजन किया।

वहीं, रंजना अग्रवाल और पूजा अग्रवाल की स्किट व अंताक्षरी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। संयोजक रोटेरियन सुबोध भारद्वाज और अनामिका भारद्वाज ने संचालन किया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat
PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# 40 शिकायतों में एक का भी निस्तारण नहीं

## संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं, सभी शिकायतें विभागों को सौंपीं

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनाने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को तहसील परिसर सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 40 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। एक भी शिकायत का निस्तारण मौके पर नहीं किया जा सका। एसडीएम प्रीति सिंह ने टीम गठित कर समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के ग्राम रहटा माफी निवासी कौशल्या देवी पत्नी स्व सुरेंद्र सिंह ने अपनी आवासीय भूमि पर जाने वाले रास्ते को जबरन बंद किए जाने का आरोप लगाया। कहा कि उसे अपने घर तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्राम मिलक हुजरा निवासी कल्लो देवी ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। कहा कि कुछ लोगों द्वारा सड़क किनारे कूड़ा, लकड़ी व अन्य सामान डालकर रास्ता बाधित किया जा रहा है। ग्राम गोपीवाला निवासी मोहम्मद यूसुफने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी द्वारा पुलिया के पास मिट्टी डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य कृषि कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। किसान ने बताया कि रास्ता बंद होने से उसे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम रायभूड़ निवासी सोम सिंह ने समाधान दिवस में बताया कि उनके पुश्तैनी मकान के सामने गांव की आबादी के लिए सुरक्षित गाटा संख्या 127 स्थित है, जबकि पश्चिम दिशा में सार्वजनिक गाटा संख्या 126 दर्ज है। गांव के ही कुछ लोगों ने उक्त सार्वजनिक गाटा संख्या 126 पर अवैध रूप से बाजूड़ी बनाकर निर्माण कर लिया है। वह अपने मकान की मरम्मत या अन्य कार्य करते हैं तो उक्त लोग झगड़ा करते हैं और झूठी शिकायतें कर देते हैं। पीड़ित ने जांच कर सार्वजनिक गाटा संख्या 126 से अवैध कब्जा हटवाने तथा ग्राम रायभूड़ व ग्राम विढ़तौरा की सीमाओं की स्पष्ट निशानदेही कराने की मांग की है। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार प्रवीण सिंह, खंड विकास अधिकारी उमाशंकर मुद्‌गल,कानूनगो बाहीद, सर्वेश कुमार, लेखपाल हिमांशु आदि मौजूद रहे।

### 28 में तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस में 28 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर इसकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर ग्राम समाज की भूमि और सार्वजनिक चक रोड से संबंधित अगर कोई मामला है तो उसे गंभीरता से लेकर उसे पर से अवैध कब्जा हटवाया जाएं क्योंकि ग्राम समाज की भूमि सार्वजनिक चक रोड, तालाब आदि पर कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से कब्जा करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम संत दास पवार ने सभी लेखपाल राजस्व निरीक्षकों भी निर्देश जारी किए हैं और संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद उनके निस्तारण के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार राजकुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अवनीत कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जबर सिंह, बाल विकास सप्लाई इंस्पेक्टर हिरदेश कुमार, पुलिस वन विभाग सभी विभागों के अधिकारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बैंक में चोरी की योजना बनाते चार बदमाश पकड़े


पुलिस हिरासत में बैंक में चोरी की योजना बना रहे चार आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में चोरी करने की योजना बना रहे चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर हथौड़ा,छैनी,सूम्मा एवं डंडा बरामद कर चालान कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के मुताबिक शुक्रवार को वांक्षित अपराधियों की धरपकड़ एवं जुर्म की रोकथाम करने के लिए धारक नगला विवेकानंद हाइवे पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। गश्त के दौरान इस्लामनगर चौराहे पर हसनगढ़ी वाले रास्ते पर इतवार के बाजार में खाली कोठरी में चार युवक बैठे दिखाई दिए। उन्होंने अपने नाम जीतू,अनुज,रूस्तम एवं रोहित उर्फ मुंशी निवासी मौहब्बतपुर सुल्तानपुर बताया। उनके पास से हथौड़ा,छैनी, सूम्मा व ठंडा मिला। आरोपियों ने बताया कि 28 फरवरी की रात को इस्लामनगर चौराहे पर स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा में चोरी करने के उद्देश्य से दीवार काटकर घुसे और छैनी हथौड़े से स्ट्रांग रूम की आरसीसी की दीवार काटने लगे। बैंक व स्कूल का चौकीदार मौके पर आया तो उसे सिर में हथौड़ा मारकर जान से मारने की धमकी देकर चुप कराकर अपने बराबर में बैठा लिया। उस रात ग्रामीणों के मौके पर आने पर फरार हो गए थे। आज पुनः चोरी करने के लिए इकट्ठा हुए थे। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

## परामर्शदाता ने दिया कुष्ठ खोजी अभियान का प्रशिक्षण

**कांठ , अमृत विचारः** जिला मुख्यालय से आए जिला कुष्ठ परामर्श दाता ने कुष्ठ खोजी अभियान का प्रशिक्षण सुपरवाइजर एवं गठित टीम को दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में पहुंचे जिला मुख्यालय से आए जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉक्टर भास्कर अग्रवाल ने सुपरवाइजरों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की गठित टीमों को कुष्ठ खोजी अभियान की सफलता के लिए आवश्यक टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि टीम में मौजूद सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर कुष्ठ रोग की खोज करेंगे। त्वचा पर लाल, पीले हल्के रंग के धब्बे, सुन्नपन पसीना नहीं आना आदि लक्षण पहचान है। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार, अनीता सिंह, सीएचओ मुकेश पैरामेडिकल अनिल कुमार सैनी, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, 60 सुपरवाइजर, 300 टीम के 600 सदस्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर किसानों का प्रदर्शन


संपूर्ण समाधान दिवस में प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- तेज रफ्तार डंपरों पर अंकुश लगाने पुलिया की मरम्मत की मांग

**अमृत विचार :** क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर तेज रफ्तार थे ओवरलोड डंपरों पर रोक लगाने व अन्य समस्याओं को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन ने संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रदर्शन किया।

ज्ञापन में कहा कि मुरादाबाद रोड पर स्थित रामू वाला गणेश कि निकट काफी समय से पुलिया क्षतिग्रस्त है।वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गंजादा आलम से सरकलाकारीं तक नहर की पटरी पर मिट्टी डाल कर उसे पक्का कराया जाए। निर्माणाधीन हाईवे पर मिट्टी उड़ने से परेशानी होती है। किसानों ने मांग की कि दिन में काम रुकवाया जाए याकच्चे निर्माण पर पानी डलवाया जाए ताकि धूल नहीं उड़े।

जिला अध्यक्ष घनेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी अयूब अली, गजेंद्र सिंह, अनूप सिंह, सत्यव्रत सिंह, मास्टर हरकेश सिंह ,सुशील चौधरी, विजेंद्र चौधरी, राजेंद्र यादव, उदय पाल सिंह, राकेश विश्वकर्मा, सुमित चौहान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने जबकि संचालन महासचिव हरीराज सिंह ने किया।

## सऊदी अरब भेजने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** डिलारी के ग्राम सुल्तानपुर मुंडा निवासी एक महिला ने गांव के ही युवक पर बेटे को सऊदी अरब भेजने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महरुल ने बताया कि मस्तापुर निवासी मुन्नाजिर ने उसके बेटे कासिम को सऊदी अरब में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। मुन्नाजिर ने वीजा, पासपोर्ट और अन्य कागजी कार्रवाई कराने के नाम पर पहले करीब 60 हजार रुपये लिए। इसके बाद मेडिकल आदि कराने के नाम पर 10 हजार रुपये और मांगे। इस तरह अलग-अलग बहाने बनाकर आरोपी ने कुल लगभग 1.50 लाख रुपये ले लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी बेटे को न तो सऊदी अरब भेजा गया और न ही रुपये वापस किए गए। गांव के कुछ लोगों ने पंचायत भी कराई, जिसमें आरोपी ने पैसे लौटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक रकम वापस नहीं की गई।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने दिल्ली में भरी हुंकार



दिल्ली में प्रदर्शन करते ठाकुरद्वारा क्षेत्र के शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- अधिकारों के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करने का आह्वान

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में शनिवार को टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया की एक महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए उस आदेश पर चर्चा की गई, जिसमें आरटीई एक्ट लागू होने से पहले से कार्यरत शिक्षकों के लिए भी टीईटी (टेट) अनिवार्य किए जाने के निर्णय के विरोध में आगामी रणनीति तय की गई।

डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से देशभर में लंबे समय से कार्यरत लाखों शिक्षकों के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। राष्ट्रीय सचिव त्रिवेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक अपने अधिकारों के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे। महामंत्री राममूर्ति ठाकुर ने कहा कि आरटीई लागू होने से पहले से कार्यरत शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता लागू करना उचित नहीं है। मांडलिक मंत्री सर्वेश शर्मा, सचिव त्रिवेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह, महामंत्री राममूर्ति ठाकुर, केदार जैन, विपिन प्रकाश शर्मा सहित विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बाजार में ई-रिक्शों से लग रहा जाम, लोग परेशान

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा



बाजार गंज में ई-रिक्शों के कारण जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

- ईद की खरीदारी के चलते बाजारों में रौनक

**अमृत विचार :** ईद का त्योहार नजदीक आते ही कस्बे के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शनिवार को ईद की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचे, जिसके चलते मुख्य बाजार सहित कई मार्गों पर भीषण जाम की स्थिति बनजाती है। जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार सुबह से कपड़े, जूते, सेवइयां, मिठाई और अन्य जरूरी सामान खरीदने के लिए बाजार में भीड़ उमड़ने लगी । दोपहर तक स्थिति यह हो गई कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। सड़क किनारे खड़े वाहनों और ई रिक्शा चालकों की मनमानी से कई जगह जाम लगा। जाम में फंसे लोग काफी देर तक निकलने का इंतजार करते रहे। कई बाइक और ई-रिक्शा चालकों को गलियों के रास्ते निकलना पड़ा। वहीं बाजार में खरीदारी करने आए लोगों को भी भारी भीड़ के बीच से गुजरना पड़ा। लोगों का कहना है कि ईद के करीब आते ही हर साल बाजार में इसी तरह भीड़ बढ़ जाती है, लेकिन पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने और सड़क किनारे खड़े ई रिक्शा व अन्य वाहनों के खड़े होने से जाम की समस्या और बढ़ जाती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि त्योहार के मद्देनजर बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाए और अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई की जाए।

## जानलेवा हमले में एसएसपी से गुहार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में मारपीट जानलेवा हमले के मुकदमे में फैंसले का दबाव बनाने का आरोप लगाकर और अभियुक्त की गिरफ्तारी न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर उनकी गिरफ्तारी करने की मांग की है।

थाना कांठ के ग्राम गढ़ी निवासी मोहम्मद शादाब ने दूसरे पक्ष के युसूफ़, इमरान, आदिल आदि के खिलाफ मारपीट का जानलेवा हमला करने का योग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने नाम ज्यादा अभियुक्त यूसुफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य की पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की है और अन्य आरोपी झूंठे मुकदमे में फंसाने और स्वेजनों पर फैंसले का दबाव बना रहे हैं। एसपी ने थाना कांठ पुलिस को सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं।

# गोकशी करने वाले गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ऊधम सिंह नगर जिले के जसपुर क्षेत्र में पुलिस और गोवंश स्क्वायड की संयुक्त टीम ने लावारिस गायों का वध कर मांस बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान ठाकुरद्वारा के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में गौवंशीय मांस, मांस काटने के उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एक थ्री-व्हीलर टेंपो और स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है।

6 मार्च 2026 को गौवंश स्क्वायड परिक्षेत्रीय कार्यालय किच्छा के प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज बेलवाल अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे। कलियावाला मोड़ के पास मुखबिर से सूचना मिली कि ठाकुरद्वारा क्षेत्र के कुछ लोग लावारिस गायों को काटकर उनका मांस राजपुर क्षेत्र के पुराने स्लॉटर हाउस में बेच रहे हैं। उपनिरीक्षक पंकज बेलवाल ने चौकी नादेही प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष देवरानी और कांस्टेबल अशोक पंवार के साथ दबिश दी। एक दुकान में बड़े-बड़े टुकड़ों में गौवंशीय मांस रखा मिला। पुलिस ने मौके से मांस काटने के उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद किए। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर जमील अहमद,फईम, वसीम , इकरार निवासी ठाकुरद्वारा, मोहम्मद अरमान निवासी ग्राम मलपुरा को दबोच लिया। आरोपियों ने बताया कि वे रात में लावारिस गायों को पकड़कर सुनसान स्थानों, खासकर नहर किनारे उनका वध कर देते थे। इसके बाद मांस कट्टों में भरकर इकरार के टेंपो से अलग-अलग स्थानों पर मांग के अनुसार सप्लाई करते थे। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी

## एफडी के नाम पर तीन लाख की ठगी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी नईम अहमद ने थाना समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 2013 में गांव के ही कमरुद्दीन ने उससे कहा कि उसके चार बेटियां हैं, इसलिए वह उनके नाम एफडी कर दे, जिससे तीन साल में रकम दोगुनी हो जाएगी। कमरुद्दीन की बातों पर विश्वास कर उसने तीन लाख रुपये उसे दे दिए।

22 फरवरी 2013 को कमरुद्दीन ने उसे एक एफडी का कागज दिया, जिस पर केवल हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया। बाद में उसे पता चला कि वह कागज यूनियन प्रोटेक इंडिया लिमिटेड के नाम से मात्र 50 हजार रुपये की एफडी का था। जबकि उसने तीन लाख रुपये नकद दिए थे। कई बार पैसे वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करता रहा। करीब 15 दिन पहले जब वह अपने पैसे लेने उसके घर गया तो आरोपी और उसके बेटे ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी।

# न्यूज डायरी



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिकाओं व छात्राओं का सम्मान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में खेल क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली दो छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। पर एआरपी मोनिका गहलौत, एआरपी रूपा आर्य, शिखा गुप्ता, सोनिया चौहान, सपना चौहान, सोनी और नीतू चौहान को शिक्षा विभाग में सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर गढ़वाला की छात्राओं अर्चना और नैना को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज बोस, मारूफ अली (एआरपी डिलारी) , अरविंद कुमार ( सहायक अध्यापक) की विशेष भूमिका रही।



### संगठन के नाम का फायदा उठाने वालों पर होगी कार्यवाही

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक में कहा गया कि संगठन के नाम का गलत फायदा उठाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। गन्ना भुगतान के अलावा अनेकों बिंदुओं पर चर्चा हुई। संगठन के विस्तार पर बल दिया। कहा कि संगठन का विस्तार किया जाए, अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ा जाए। आजकल देखा जा रहा है कि संगठन के नाम का गलत फायदा उठाया जा रहा है और अनैतिक कार्य भी किया जा रहा हैं जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी,युवा जिला अध्यक्ष अंकुर चौधरी, जिला सचिव राजवीर यादव, उदित चौधरी, तहसील उपाध्यक्ष युवा मनोज यादव, शिवा राघव, मोहित चौधरी, विशाल, मेहंदी हसन, इस्तियार हुसैन, हिम्मत सैनी, अमन सैनी आदि मौजूद रहे।




### सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राएं सम्मानित

**कांठ, अमृत विचार :** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूलमें शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अंकपत्र, मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ममता बिश्नोई ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति को समाज में हर जगह सम्मान मिलता है। परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने के लिए कड़ी महनत, अनुशासन और लगन की आवश्यकता होती है तथा परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। स्कूल चेयरमैन जितेंद्र बिश्नोई, रितु बिश्नोई और मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन बिश्नोई ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं कीं।




### रमजान में जरूरतमंदों को वितरित की राशन किट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुन्नी पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से शनिवार को जरूरतमंद महिलाओं को अफ्तार के लिए राशन किट वितरित की गई। मुख्य अतिथि हिंदुस्तानी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संगठन महामंत्री तुषार कांत ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके। समाजसेवी डॉ. आफताब हाशमी सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।



**इफ्तार** 08 मार्च
सुन्नी : 6:23
शिया : 6:31

**सहरी** 09 मार्च
सुन्नी : 4:59
शिया : 5:00

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया : सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## इफ्तार और सहरी के वक्त मांगी गई दुआ को कुबूल करता है अल्लाह

# जहन्नुम की आग से बचाता है रमजान का तीसरा अशरा

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रमजान का तीसरा अशरा जहन्नुम से आग से बचाने का होता है। इफ्तार और सहरी के वक्त मांगी गई दुआ अल्लाह कुबूल करता है। माहे रमजान का रोजा रूह को पाक कर देता है। माहे रमजान में सहरी और इफ्तार करने की काफी फजीलत होती है। माहे रमजान को दस-दस दिन में बांट लिया जाता है। दस को अरबी भाषा में अशरा कहते हैं।

रमजान उल मुबारक का पहला अशरा रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा अशरा जहन्नुम से निजात का होता है। रमजान के महीने में अल्लाह की रहमत बरसती है। तीसरा अशरा 21 से 30 रमजान तक होता है। यह दस दिन जहन्नुम की आग से बचने की दुआ करने के हैं। आखिरी अशरे की रातों में लैलातुल कद्र होती है। रमजान की इबादत में अपनी रूह को पाक बनाने और भूखों की भूख मिटाने से बेहतर और क्या हो सकता है। हर कोई जानता है कि भूख और प्यास में क्या तकलीफ होती है। इसका एहसास रोजे में हर रोजेदार को करना जरूरी है। लेकिन, सिर्फ एहसास करना ही काफी नहीं बल्कि इस एहसास के बाद भूखों की भूख मिटाने की कोशिश भी जरूरी है।

- नेकियों का मौसम-ए-बहार कहा गया है रमजान



मौलवी नासिर खां, शहर इमाम।

शहर इमाम मौलवी नासिर खां बताते हैं कि माहे रमजान में तिलावत-ए-कुरआन मजीद में बताई गई हिदायतों को रुक-रुक कर और उस पर रमजान के तीस दिनों में बाकायदा अमल करते हुए अपने ऊपर फर्ज कर लिया जाए तो हर रोजेदार नेक दिल इंसान बन जाएगा। रमजान में हिदायतों पर अमल करते हुए बेहतर इंसान बना जा सकता है। इस एक महीने के दौरान हर मुसलमान को एक सच्चा रोजेदार बनकर रहना चाहिए। जकात, सदका, फितरा, खैरात, गरीबों की मदद, दोस्त अहबाब में जो जरूरतमंद हैं उनकी मदद करने का दर्स रमजान देता है। रमजान को नेकियों का मौसम-ए-बहार कहा गया है।

# ईरान के दूतावास पहुंचे नवेद मियां, जताया शोक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नई दिल्ली स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के दूतावास पहुंचकर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने आयतुल्लाह इमाम सैयद अली खामेनेई की शहादत पर शोक व्यक्त किया।

नवेद मियां ने दूतावास में ईरान के राजनयिकों से मुलाकात कर शोक पुस्तिका में विचार लिखे। इससे पूर्व भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। नवेद मियां ने बताया कि 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर को शहीद कर दिया गया था। भारत ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए संवेदनाएं प्रकट की हैं। विदेश सचिव का यह कदम दोनों देशों के बीच संबंधों और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। नवेद मियां ने बताया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान में जुल्म और ज्यादती की जा रही है। इसका विरोध जारी है और आगे भी जारी रहेगा। नवेद मियां लगातार ईरान के समर्थन में सक्रिय हैं। उन्होंने रामपुर में शिया और सुन्नी मुसलमानों को एक मंच पर लाकर ईरान की हिमायत की थी और वो ईरान पर ज्यादती के खिलाफ लगातार आवाज़ उठा रहे हैं।



नई दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास में शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर करते नवेद मियां।

- पूर्व मंत्री ने शोक पुस्तिका पर किए हस्ताक्षर

## न्यूज ब्रीफ

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिलाओं की दौड़ आज

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नेहरू युवा केंद्र एवं खेल विभाग के समन्वय से स्मिता खेल का आयोजन शहीद ए आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में 8 मार्च को सुबह 10 बजे से होगा। जिसमें महिलाओं की 100, 200 और 400 मीटर दौड़ होगी। इस आयोजन मे जनपद की शिक्षण संस्थाओ, विभिन्न संगठनों एवं ग्रामीण आंचल से विभिन्न संगठन की महिलाये एवं बालिकाएं प्रतिभाग करेंगी।

### तालाब पाटकर मकान बनाने का आरोप

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद के भगवतीपुर गांव में ग्रामीणों ने दबंगों पर तालाब पाटकर मकान बनाने का आरोप लगाया है। वहीं हल्का लेखपाल पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है। गांव निवासी दाताराम के मुताबिक गांव में स्थित तालाबों पर कुछ दबंगों ने मिट्टी डालकर तालाब पाट लिया है। इतना ही नहीं कुछ पर तो मकान भी बना लिए गए हैं। शिकायतकर्ता ने लेखपाल पर भी कब्जेदारों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इससे पहले भी शिकायतें की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। यदि कोई दबंगों के अवैध कब्जे की शिकायत करता है, तो उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। शनिवार को शिकायतकर्ता ने समाधान दिवस में शिकायत कर तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटाये जाने की मांग की है।

### महिला आर्य समाज होली मिलन समारोह आज

**रामपुर, अमृत विचार :** हर वर्ष की भांति महिला आर्य समाज ज्वालानगर सिविल लाइंस रामपुर के तत्वावधान में रविवार आज होली मिलन समारोह होगा। समारोह के प्रथम चरण में यज्ञ के ब्रह्मा भारत सिंह आर्य द्वारा वैदिक महायज्ञ संपन्न कराने के उपरांत साप्ताहिक वैदिक सत्संग के रूप में पधारे हुए प्रबुद्धजनों एवं विद्वानों द्वारा होली पर्व के वैज्ञानिक एवं वैदिक स्वरूप के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। सत्संग के बाद होली मिलन समारोह होगा। होली मिलन समारोह के अंतिम चरण में फूलों द्वारा होली का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। शांति पाठ और जयघोष के उपरांत समापन होगा। महिला आर्य समाज ज्वालानगर सिविल लाइंस की प्रधान चंद्रलेखा आर्या व मंत्री गीता देवी आर्या ने जानकारी दी है।

### आज 6 घंटे बाधित रहेगी मसवासी की बिजली

**मसवासी, अमृत विचार :** मसवासी 33 केवी बिजली लाइन में बाधा बन रही पेड़ों की टहनियों की छटाई रविवार 8 मार्च को की जाएगी। इस दौरान सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मसवासी और स्वर 33 केवी बिजली लाइन में बिजली आपूर्ति में बाधा बन रही पेड़ों की टहनियों को रविवार सुबह 8 बजे से 3 बजे तक छटाई की जाएगी इस दौरान बिजली आपूर्ति बंद रहेगी स्वार बिजली उपखंड अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

# खेतीबाड़ी से अंतरिक्ष तक महिलाओं ने बढ़ाया मान

## पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रहीं महिलाएं, हक की लड़ाई लड़ खुद को साबित कर दिखाया

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आधुनिक दौर में आज खेती बाड़ी से लेकर अंतरिक्ष तक महिलाओं ने देश का मान बढ़ाया है। महिलाओं ने घूंघट को उठाकर दुनिया की आंखों में आंखे डालकर अपने हक की लड़ाई लड़ी और खुद को साबित करके दिखाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अति महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मिशन शक्ति ने महिलाओं को खासी मजबूती दी और उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाया है। आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाते हैं। रामपुर जिले के महिलाओं ने समाज के कुरीतियों को पीछे छोड़ खुद को साबित कर दिखाया।

पुरुषों की भांति परिवार के लालन पालन और जिम्मेदारियों में बराबर साथ निभाया और ऊंचाइयों को छुआ है।

### स्वयं सहायता समूह से जुड़कर लिखी तरक्की की इबारत



स्वार तहसील के गांव कुआंरपुर नानकार की रहने वाली सविता देवी आज ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की एक बड़ी मिसाल बन गई हैं। कभी जिनकी अपनी कोई कमाई नहीं थी, वे आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के तहत विद्युत सखी बनकर हर महीने 70 से 80 हजार रुपये की आमदनी कर रही हैं। सविता का यह सफर वर्ष 2018 में ''रानी स्वयं सहायता समूह'' से जुड़ने के बाद शुरू हुआ। समूह से जुड़ने के लगभग एक साल बाद, ब्लॉक स्तर से उन्हें विद्युत सखी योजना के बारे में जानकारी मिली और 2021 में उनका चयन इस पद के लिए हो गया। ब्लॉक के अधिकारियों द्वारा मिले प्रशिक्षण के बाद उन्होंने अपना काम शुरू किया। आज सविता अपनी पंचायत की इकलौती विद्युत सखी हैं और जरूरत पड़ने पर अन्य गांवों और बिजलीघर जाकर भी बिल जमा करने का काम करती हैं। वह हर दिन औसतन 80 से 100 उपभोक्ताओं के बिजली बिल की रसीदें काटती हैं। ओटीएस योजना के दौरान वह रोजाना 2 लाख से 5 लाख रुपये तक का बिल कलेक्शन करती हैं। जनवरी में उन्होंने 70 से 85 लाख रुपये तक का कलेक्शन किया है, जबकि इससे पहले ओटीएस के माध्यम से एक करोड़ तक का आंकड़ा भी पार कर चुकी हैं।

### संगीत का सफर पथरीला, जुनून की जरूरत



संगीत का सफर बहुत पथरीला होता है इसमें जुनून की जरूरत होती है। संगीत को अपने भविष्य का आधार बनाने की प्रेरणा मुझे अपनी मौसी संध्या रानी शाक्य से मिली। डॉ. अंकिता की पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण संगीत में रुचि बचपन से ही थी। उन्होंने राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगीत विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर में विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की और संगीत विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. अंकिता टीवी और रेडियो की कलाकार हैं और राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर में संगीत विभागाध्यक्ष हैं। इसके बावजूद वर्तमान में रामपुर-सहसवान घराने के उस्ताद सखावत हुसैन खां से संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। डॉ. अंकिता ने राष्ट्रीय -अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में प्रतिभाग एवं शोध पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। वह कहती हैं कि मानव जीवन में संगीत के बिना उच्च मानवीय गुणों की कल्पना नहीं की जा सकती है, मानव जीवन संगीत के बिना शून्य है।

### सामाजिक चुनौतियों के बावजूद पाई उच्च शिक्षा



डॉ. रजिया परवीन ने कहा कि अगर इरादा मजबूत हो तो अपनी मंजिल तक पहुंचा जा सकता है। रजिया परवीन राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उर्दू विभागाध्यक्ष के साथ-साथ परीक्षा प्रभारी, करियर काउंसलिंग और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हूं। अपनी मेहनत, ईमानदारी और आत्मविश्वास से उसका लाभ उठाया और आज वह दूसरों को शिक्षित रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहती हैं कि अपने ऊपर विश्वास रखें और अपना आत्मविश्वास हमेशा बनाए रखें और अपने आप को निरंतर प्रेरित करते रहें। नारी एक ऐसी ईश्वरीय कृति है जिसके बिना आप जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। निरंतर तरक्की की राहों पर आगे बढ़ती रहें।

### 40 देशों में घूमकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जू लॉजी की प्राध्यापक डॉ. तबस्सुम के अब तक 92 शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं और उनके शोध कार्यों ने विज्ञान तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भाग लेते हुए उन्होंने लगभग 40 देशों की यात्राएं की हैं, जहां उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और जनस्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूकता का संदेश दिया। डॉ. तबस्सुम कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझकर विजेता के रूप में उभरीं और इसी कठिन दौर में उन्होंने कोविड-19 संक्रमण पर भी विजय प्राप्त की। इन चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने शैक्षणिक और सामाजिक दायित्वों को निरंतर निभाय शिक्षा और वैज्ञानिक सोच ही समाज को आगे बढ़ाने की सबसे बड़ी शक्ति है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उनकी यात्रा यह संदेश देती है कि मजबूत संकल्प, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास से कोई भी महिला कठिन परिस्थितियों को पार कर समाज के लिए प्रेरणा बन सकती है।

## आज की नारी परंपरा व प्रगति के बीच संतुलन का प्रतीक

**बिलासपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुरादाबाद की विभाग संयोजिका एवं महिला समन्वय निवेदिता मित्तल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज की नारी परंपरा और प्रगति के बीच एक अद्भुत संतुलन का प्रतीक है।



निवेदिता मित्तल।

उन्होंने कहा कि 8 मार्च केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि उस नारी शक्ति के अभिनंदन का पर्व है। जोकि ममता में मां, संस्कारों में गुरु और साहस में योद्धा की भूमिका निभाती है। हर क्षेत्र में महिलाएं प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। कहा कि सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ अधिकारों की प्राप्ति नहीं, बल्कि स्वयं के आत्मसम्मान को पहचानना है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नारी के स्वाभिमान और शिक्षा की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।

# अबला नहीं सबला बन चुकीं महिलाएं



स्वार कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे एवं विद्यालय का स्टाफ। • अमृत विचार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया।

प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं अबला नहीं, बल्कि सबला बन चुकी हैं और हर क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। देश की सबसे बड़ी परीक्षा यूपीएससी के परिणामों में भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने सफलता प्राप्त की है। उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में से 12 जिलों में महिला जिलाधिकारी के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, चिकित्सा, सेना, प्रशासन, राजनीति, व्यवसाय और पायलट जैसे क्षेत्रों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। एक कुशल गृहिणी से लेकर महामहिम राज्यपाल और देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तक महिलाओं ने अपनी क्षमता का परिचय दिया है। कार्यक्रम में बालिका शिक्षा प्रमुख राधा शर्मा, पर्यावरण प्रमुख सुनीता रानी मौर्य, वंदना प्रमुख पूजा टैगोर तथा वंदना प्रमुख बहनों में अंशिका, खुशी, विनीता, नंदिनी, माही, सोनाक्षी, नीरज और झिलमिल ने भाग लिया।

- सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया महिला दिवस

## नबी ए करीम में 313 सहाबा के साथ लड़ी थी जंग: मौलाना रफी

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला पहाड़ी गेट चाह खजान खां स्थित ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के मुख्य कार्यालय पर रोजा इफ्तार की महफिल हुई। मौलाना मोहम्मद रफी और मौलाना शादाब कादरी ने जंगे बदर की ऐतिहासिक अहमियत से रूबरू कराया।

मौलाना मोहम्मद रफी ने कहा कि रमजान की 17 तारीख को इस्लामी तारीख का अहम वाकिया जंग-ए-बद्र पेश आया था। जिसमें नबी ए करीम मोहम्मद साहब ने अपने 313 सहाबा के साथ हक और इंसाफ की खातिर जंग लड़ी और अल्लाह की मदद से फतह हासिल की। यह वाकिया सब्र, हिम्मत और सच्चाई पर डटे रहने का पैगाम देता है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां, जमीर रिजवी, ख़ान शुएब यूनुस, असलम खां, बाबू अली खां, मास्टर अब्दुल वहाब, राहत जान खां, अर्शी खां, फैज़ान खां, बाबू खां, जाफर खां, हसीन खां, आरिज खां, फसाहत खां आदि मौजूद रहे।

# रिया को पहले ही प्रयास में 318वीं रैंक

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** अनाज व्यापारी अनिल जैन की बेटी रिया जैन ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पहले ही प्रयास में 318वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि से उन्होंने परिवार व शहर का नाम रोशन किया है।

नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी व्यापारी अनिल जैन और गृहिणी निशा जैन की 25 वर्षीया पुत्री रिया उनकी मंझली संतान हैं। बड़ी बेटी गुड़गांव में कार्यरत हैं, छोटा बेटा दिल्ली में पढ़ाई कर रहा है। रिया शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उन्होंने हर कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परिजनों के अनुसार, रिया की इस उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और बेहतर टाइम मैनेजमेंट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एसएस जैन सभा के अध्यक्ष रामनिवास जैन और महामंत्री विनोद जैन, तथा दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष नरेश जैन और महामंत्री नवीन जैन ने रिया को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने समाज को गौरवान्वित किया है।



माता-पिता के साथ रिया जैन। • अमृत विचार

### शाहबाद की गुल्फिजा ने उत्तीर्ण की यूपीएससी परीक्षा



**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद की होनहार बेटी ने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से यूपीएससी की परीक्षा पास कर शाहबाद और जिले का नाम रोशन किया है। शाहबाद की यह पहली बेटी बताई जा रही है, जिसने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है। नगर के मोहल्ला खटपुर निवासी मंजू खां की बेटी गुल्फिजा ने बताया कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के लिए लगातार मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही वह इस मुकाम तक पहुंच सकीं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। वहीं, छात्रा की इस सफलता से क्षेत्र की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी आगे बढ़कर अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करेंगी।

# हाफिज अली अकबर मस्जिद में कुरान मुकम्मल



कुरान मुकम्मल होने पर मस्जिद में मौजूद लोग। • अमृत विचार



हाफिजों की गुलपोशी के बाद साथ में मौजूद लोग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नाला पार मोरी गेट हाफिज अली अकबर अस्ताना आलिया पर रमजान शरीफ 16वीं नमाज-ए-तरावीह में कुरान पाक मुकम्मल हुआ। महमूद खान के बेटे हाफिज मोहम्मद अकबर ने कुरान ए पाक सुनाया।

जबकि मोहम्मद अलीम हाफिज ने कुरान शरीफ सुना। नमाज के बाद मौलाना फुरकान ने कहा कि रमजान, रहमतों, बरकतों, मगफिरत और जहन्नुम से निजात का महीना है। यह महीना सब्र, तकवा और अपने किरदार को बेहतर बनाने का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि कुरान करीम इंसान को सीधी राह दिखाने वाली मुकम्मल किताब है। जो लोग कुरान से अपना रिश्ता जोड़ लेते हैं, उनकी जिंदगी में कामयाबी सुकून आता है। मौलाना ने कहा कि आज इंसानियत को सबसे ज्यादा जरूरत आपसी भाईचारे, सब्र और तकवा की है, नफरत और फसाद से कोई मसला हल नहीं होता, कुरआन हमें मोहब्बत, इंसाफ और रहमदिली का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि औलिया-ए-किराम हमेशा लोगों को जोड़ने का काम करते आए हैं। मस्जिदें और खानकाहें सिर्फ इबादत की जगह नहीं बल्कि इंसानियत और अच्छाई का पैगाम देने के मरकज हैं। आखिर में मुल्क में अमन-ओ-अमान, मोहब्बत और भाईचारे के साथ देश की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं कराई गईं। इस मौके पर मुन्ने, सोहेल खान, मोहम्मद खान, मंजू खान, जावेद खान, शरीफ अहमद, शोएब खान बड़ी तादाद में मोहल्ले के लोग और अकीदतमंद शरीक हुए।

- मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए हुईं खास दुआ

बिगड़ा बजट | घरेलू सिलेंडर पर 60 और कमर्शियल पर बढ़े 114 .50 रुपये

# 6 लाख उपभोक्ताओं पर पड़ेगा 3 .96 लाख का बोझ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिलेंडर महंगा होने से जिले के 6 लाख उपभोक्ताओं पर 3.96 लाख रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। शनिवार को भारत सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 और कमर्शियल गैस सिलेंडर पर 114.50 रुपये बढ़ा दिए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग अब 25 दिन बाद हो सकेगी और सिलेंडर की पर्ची लेने से पहले एजेंसी पर ओटीपी देना होगी। इसके बाद सिलेंडर की डिलीवरी हो पाएगी। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से महिलाओं में रोष है।

घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से महिलाओं में काफी गुस्सा है वह कहती हैं कि सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर पर एक दम 60 रुपये बढ़ा दिए हैं। महिलाओं ने गैस सिलेंडर पर बढ़े हुए दाम वापस लिए जाने की मांग की है। कहा कि सिलेंडर के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बढ़ जाएगा जबकि, आमदनी कम हो रही है। ऐसे में सरकार को इस ओर कदम उठाना चाहिए। अब सिलेंडर की कीमत 873 रुपये 50 पैसे से बढ़कर 933 रुपये 50 पैसे हो जाएगी।

### दूसरी घरेलू गैस बुकिंग पर नियम

अधिकारियों ने बताया कि एहतियातन पेट्रोलियम कंपनियों ने एक के बाद दूसरी घरेलू गैस बुकिंग तीन सप्ताह बाद का नियम लागू किया है। इससे उन उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा, जिनके घर में कोई आयोजन प्रस्तावित है। समारोह में कामर्शियल सिलेंडर बुक होते हैं, इसकी बुकिंग के लिए दिन की कोई बाध्यता नहीं है।



सरकार महंगाई आए दिन बढ़ा रही है लोगों को दो वक्त की रोटी कमाना मुश्किल हो रही है। सिलेंडर पर 60 रुपये बढ़ाया जाना उचित नहीं है। सरकार बढ़ाए गए दाम को वापस ले ताकि, मध्यम वर्ग के रसोई का बजट नहीं बिगड़े।

– रीनू तिवारी



घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 और कमर्शियल पर सरकार ने 114 रुपये 50 पैसे बढ़ा दिए हैं। सिलेंडर महंगा होने से महंगाई बढ़ेगी। रामपुर में 6 लाख उपभोक्ता हैं और उनपर प्रति माह 3 करोड़ 96 लाख का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

– अनु श्री



सरकार ने एक दम प्रति सिलेंडर 60 रुपये बढ़ा दिए हैं। जिसके कारण मध्यम वर्ग के रसोई का बजट गड़बड़ा जाएगा। पहले सिलेंडर पर 1 रुपये बढ़ने पर शोर मच जाता था लेकिन, अब कभी 50 रुपये तो कभी 60 रुपये बढ़ा दिए जाते हैं।

– आकांक्षा श्रीवास्तव



सरकार दाल-रोटी महंगी कर अब आम लोगों के घरों का चूल्हा भी बंद कराना चाहती है। अगर रसोई गैस के दाम बढ़ते हैं तो कई गरीबों के घर के चूल्हे बंद हो जाएंगे। सरकार को गरीब लोगों को ध्यान में रखकर फैसला लेने की जरूरत है।

– अपर्णा

## न्यूज ब्रीफ

### एसआईआर में जमा हुए 1,76,181 फार्म

**रामपुर, अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि एसआईआर के तहत 27 अक्टूबर से 6 मार्च तक जिले की सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों में आपत्तियों के बाद कुल 1,76,181 फार्म जमा हुए हैं। बताया कि 34-स्वार, 35-चमरौआ, 36-बिलासपुर, 37-रामपुर एवं 38-मिलक (अ.जा.) में बीएलओ को दावे एवं आपत्तियां प्राप्त हुई। बीएलओ द्वारा फार्म 6, 7 एवं 8 में विधानसभा 34-स्वार में फार्म 6-18503, फार्म 7-1586 एवं फार्म 8-4855, विधानसभा 35-चमरौआ में फार्म 6-22404, फार्म 7-588, फार्म 8-18503, विधानसभा 36-बिलासपुर में फार्म 6-19956, फार्म 7-1244, फार्म 8-5965, विधानसभा 37-रामपुर में फार्म 6-37309, फार्म 7-1382, फार्म 8-19365 एवं विधानसभा 38-मिलक (अ0जा0) में फार्म 6-17409, फार्म 7-1604 एवं 5508 ऑनलाइन जमा किए। जिले में कुल 6-115581, फार्म 7-6404 एवं फार्म 8-54196 मिले।

### नगर व केमरी में चार-चार घंटे गुल रहेगी बिजली

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मरम्मत कार्य के चलते आठ मार्च को नगर एवं केमरी क्षेत्र में चार-चार घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि आज उपखण्ड अशोकनगर के अंतर्गत 33/11 केवीए उपकेंद्र रुद्रपुर बॉर्डर, दिबदिबा, बेगमाबाद और गोधी में 33 केवी लाइन के पास आ रहे पेड़ों की टहनियों की छंटाई का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते दस से दोपहर दो बजे तक चार घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपकेन्द्र केमरी की मुख्य 33 केवीए लाइन के पास आ रहे पेड़ों की टहनियों की छंटाई के चलते 11 से लेकर अपराह्न 3 बजे तक आपूर्ति चार घंटे के लिए बाधित रहेगी।

### बोनस व एरियर भुगतान की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारण की मांग उठाई है। जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह व जिला महामंत्री डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना ने बताया कि गत वर्ष के पीपीएफ राशि खातों की लिमिट के कारण रुके हुए बोनस एवं अवशेष डीए एरियर अभी तक नहीं मिले हैं। पिछले महीनों में सामूहिक स्वीकृत चयन वेतनमान का फिक्सेशन अभी तक नहीं हुआ है। जिससे अध्यापकों को बढ़ा हुआ वेतन अप्राप्त है। जिन अध्यापकों को चयन वेतनमान प्राप्त हो चुका है उनका अवशेष देय विशेष कृपा पात्र लोगों का ही निकल रहा है, शेष की आपत्ति लगा दी जा रही है। अवशेष एरियर के ऑनलाइन आवेदन के प्रपत्र आवेदन की सूचना सार्वजनिक की जाए।

# 85 शिकायतों में 25 का मौके पर निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस में आईं राजस्व, विद्युत, पुलिस, भूमि पैमाइश, आवास से संबंधित शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को जिले की सदर सहित सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें कुल 84 शिकायतें आईं, इनमें 25 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील स्वार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

स्वार तहसील सभागार में कुल 21 शिकायत आईं, इनमें से 12 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत, पुलिस, भूमि पैमाइश, आवास, राशन कार्ड से संबंधित शिकायती प्रार्थना प्राप्त हुए। शिकायतकर्ता द्वारा जिलाधिकारी को ग्राम पंचायत अलीनगर जागीर एवं ग्राम पंचायत रसूलपुर फरीदपुर में चकरोड पर अवैध कब्जा को लेकर शिकायती पत्र दिया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर मुआयना करने तथा चकरोड को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ लिया जाए और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। वहीं तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 15 शिकायतें आईं, इनमें 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टांडा में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। इसमें 10 शिकायतें आईं, इनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 18 शिकायतें आईं, इसमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अलावा तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें आईं और इनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी शाहबाद की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 9 शिकायतों में से 2 का मौके पर निस्तारण हुआ।



तहसील स्वार में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादी को खतौनी सौंपते डीएम।

- डीएम बोले, शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें अधिकारी

### मौके पर ही मिली खतौनी

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान खतौनी में नाम सही कराने के लिए आए लोगों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही खतौनी की नकल उपलब्ध कराई गई, जिससे फरियादियों को त्वरित राहत मिली।

### चोरी के खुलासे को लेकर सौंपा ज्ञापन



**स्वार, अमृत विचार :** केमरी कस्बे में अधिवक्ता के घर हुई लाखों की चोरी का मामला अब प्रशासनिक दफ्तरों तक पहुंच गया है। घटना के करीब पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली होने पर सीनियर बार अधिवक्ताओं में गहरा रोष है। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ताओं ने एसडीएम अमन देओल को ज्ञापन देकर मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि बीती 20 फरवरी की रात केमरी कस्बे में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरिओम सक्सेना के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया था। उस समय परिवार किसी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने घर के ताले तोड़कर नकदी और कीमती जेवरात चोरी कर लिए। अब तक चोरी का कोई सुराग नहीं लग सका है। इतने दिनों बाद भी पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न किए जाने से अधिवक्ता समुदाय में भारी नाराजगी है। ज्ञापन देने वालों में सीनियर बार अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, महबूब अली, हरस्वरूप मौर्य, फारुख राज, रफीक अहमद अंसारी, राशीद खां, ब्रजकिशोर दिवाकर आदि वकील मौजूद रहें।

# लापरवाही बरतने पर दो सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पुलिस अधीक्षक बोले, कर्तव्य से लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

**अमृत विचार :** अनुशासित बल में रहते हुए कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने और अनुपस्थित रहने पर कांस्टेबल जयवीर सिंह व शुभम कुमार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कांस्टेबल जयवीर सिंह को रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर से 31 दिसंबर 2025 से 30 दिवस का उपार्जित अवकाश पर रवाना किया गया था। लेकिन अवकाश समाप्ति के बाद 30 जनवरी 2026 को कर्तव्य पर उपस्थित न होकर मनमाने ढंग से अनाधिकृत रूप से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण निलंबन की कार्यवाही की गई। वहीं कान्सटेबल शुभम कुमार को रिजर्व पुलिस लाइन 2 जनपरी 2026 से 25 दिवस का उपार्जित अवकाश पर रवाना किया गया था। लेकिन अवकाश समाप्ति बाद 26 जनवरी 2026 को ड्यूटी पर ना लौटने और अनाधिकृत रूप से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण निलंबन की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कर्तव्य से लापरवाही एवं अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दो पक्षों में मारपीट,पुलिस ने रुकवाया निर्माण

**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर में जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार को जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। गांव निवासी राम सिंह और श्याम लाल के बीच जमीन के मालिकाना हक और निर्माण को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। शुक्रवार को निर्माण कार्य के दौरान दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। मारपीट की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत किया। फिलहाल पुलिस ने विवादित स्थल पर चल रहे निर्माण कार्य को अग्रिम आदेश तक रुकवा दिया है। पुलिस का कहना है कि विवाद का समाधान कानून के दायरे में होगा और दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जमीन और संपत्ति से जुड़े मामलों में आपसी समझौते और कानूनी मार्ग का पालन किया जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

# युवक को गोली मारने के चार आरोपी पकड़े

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और तमंचे से फायर कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली के गांव जालफ नगला निवासी रईस अहमद का यासिफ से मेड़ पर पेड़ लगाने को लेकर विवाद चला आ रहा था। गुरुवार को यासिफ, जीशान, नबाब दुला, इरफान अवैध असलैह लहराते हुए घर में घुस आये और रईस अहमद के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। जिससे रईस गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को मुखबिर ने नरपतनगर कस्बा इंचार्ज मनोज कुमार मिश्र को सूचना दी कि आरोपी गांव के बाहर स्थित मजार पर भागने की फिराक में सवारी के इंतजार में खड़े है। जिस पर कस्बा इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घेराबंदी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और आरोपी जीशान की तलाशी के दौरान घटना में प्रयुक्त 12 बोर का एक तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जबकि इरफान के पास से 315 बोर का तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर कोतवाली ले आई। पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को जेल भेजा है।



स्वार पुलिस की गिरफ्त में गोली मारने के आरोपी। • अमृत विचार

### घर में घुसकर दो भाइयों को पीटा, केस दर्ज

**शाहबाद,अमृत विचार :** शराब पीकर घर में दो भाइयों से मारपीट करना आरोपियों को भारी पड़ गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी पुनेश में पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पांच मार्च को उसके गांव के ही सत्यपाल, राजवीर, इंद्रजीत और जबर सिंह शराब के नशे में उसके घर मे घुस आये। आरोप है कि चारों ने आते ही गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विकास भवन में 11 को होगी जनसुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्य ने बताया कि 11 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे विकास भवन सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी की अध्यक्षता में जन सुनवाई होगी। महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और समस्याओं के प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा। जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित एवं न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित करना है, ताकि पीड़ित महिलाओं को समयबद्ध तरीके से राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतों, जैसे घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, दहेज उत्पीड़न आदि प्रकरणों को सुना जाएगा तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण की कार्यवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# वेतनभोगी समिति के सभापति बने अंजुम



शिक्षक वेतनभोगी सहकारी समिति लिमिटेड रामपुर की नवीन कार्यकारिणी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शिक्षक वेतनभोगी सहकारी समिति लिमिटेड की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन

**अमृत विचर :** शिक्षक वेतनभोगी सहकारी समिति लिमिटेड रामपुर की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमें डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना सभापति और कुलभूषण गौतम उपसभापति निर्वाचित हुए। उप्र राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ के आदेशानुसार यह निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

निर्वाचन आयुक्त राजमणि पांडेय द्वारा तिथि-वार कार्यक्रम जारी किया गया। चुनाव अधिकारी नलकूप विभाग से अरशद अली को नियुक्त किया गया था। समिति के इस चुनाव में नौ वार्डों से नौ निदेशक निर्विरोध चुने गए, जिन्होंने बाद में सभापति और उपसभापति का चयन किया। निर्वाचित निदेशकों में अनूप पांडेय, उमेश पाल सिंह, राजेश कुमार, विनीत श्रीवास्तव, ओमप्रकाश सिंह, महेंद्र कुमार हल्दिया और रश्मि सागर शामिल हैं। समिति के सचिव के रूप में मोहित कुमार सक्सेना को मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित सभापति डॉ. अंजुम सक्सेना ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को सरल प्रक्रिया के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराना रहेगा।इस अवसर पर दर्पण गौतम, कमर इस्हाक जव्वाद, आनंद प्रकाश गुप्ता, मुजाहिद खान, हिमेन्द्र प्रताप, सुरेंद्र पाल सिंह यादव, मनोज भारती, फात्मा इकबाल, प्रीति गंगवार, वरुण आर्या, अंकुर शुक्ला, महेंद्र दिवाकर, तेजपाल सिंह, प्रताप सिंह सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# आप के इफ्तार में शामिल हुए संजय सिंह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश प्रवक्ता फैसल लाला की ओर से शनिवार को बरेली गेट स्थित महफिल बैंक्वेट हॉल में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें राज्यसभा सांसद संजय सिंह शामिल हुए। उन्होंने रामपुर के लोगों से राजनीतिक और गैर राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। शहर इमाम मौलवी नासिर खां सहित काफी संख्या में शहर के लोग रोजा इफ्तार में मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष अंसार अहमद, सभासद मौहम्मद ज़फ़र, सभासद सरफराज गुड्डू, सभासद वकील अहमद, सभासद मो. तारिक, सभासद शारिक परवेज, सभासद मौ. वकील, सभासद अब्दुल अय्यूब, सभासद फैजान सैफी, सभासद वकील हैदराबादी, सभासद नियाज अहमद, सभासद बशीर अहमद, इकबाल हुसैन, इमरान, शिराज अहमद, मुन्ने अली, सलीम अहमद, एजाज अहमद, पूर्व प्रधान रईस उद्दीन, इकरार अहमद, सलीम अहमद, जावेद हबीब, शहनाज मालिक, मैसरा मुख्तार, राशिद अली, नजम खां, फैज खां, जुबैर मियां, आमिर खां, नासिर हुसैन, शिराज जमील खां, वासिफ खां,अब्दुल समद, उवैज खां, रय्यान खां आदि मौजूद रहे।



आप के रोजा इफ्तार में मौजूद संजय सिंह, फैसल लाला व अन्य लोग।

# लखनऊ गईं प्रियांशी व प्रियंका रामपुर का करेंगी प्रतिनिधित्व

**रामपुर, अमृत विचार :** 'प्रगति-आत्म सम्मान से समानता तक' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए रामपुर जिले की छात्राओं की टीम शनिवार को लखनऊ पहुंची। जहां खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति शुक्ला ने छात्राओं का स्वागत किया।

रविवार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिलक ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैना की कक्षा-7 की छात्रा कुमारी प्रियांशी और प्रियंका रामपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रियांशी ल्यूकोडरमा से ग्रसित हैं। शिक्षक आफाक हुसैन ने प्रियांशी की प्रतिभा को पहचाना और उसको आगे लेकर आए। शिक्षकों ने बताया कि दोनों छात्राएं राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।



लखनऊ पहुंची प्रियांशी व प्रियंका, साथ में शिक्षक। • अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### समारोह की तैयारियों पर मंथन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक सभागार में शनिवार को सैनी, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा समाज की बैठक हुई। बैठक में 22 मार्च को होने वाले होली मिलन समारोह पर चर्चा हुई। सुझाव एवं प्रस्ताव लेने के बाद पन्ना लाल सैनी जिलाध्यक्ष, निरंजन लाल सैनी उपाध्यक्ष और रोहताश मौर्य व राजकिशोर सैनी को महामंत्री बनाया गया। प्रेमपाल सैनी ने निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने आश्वासन दिलाया कि वह ईमानदारी से कार्य करेंगे। होली मिलन समारोह को यादगार बनाया जाएगा। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, हेम सिंह सैनी, उमेश शरन सैनी, करन सिंह सैनी, गंगाराम सैनी,सुनील मौर्य संजय मौर्य परविंदर मौर्य डॉ. भूदेव सैनी योगेश सैनी,आईपी सिंह सैनी, राकेश सैनी, सोरन सिंह सैनी, मुंशीलाल सैनी, राजू सैनी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता बार एसोसिएशन रामपुर के पूर्व अध्यक्ष रामऔतार सैनी व संचालन प्रेमपाल सिंह सैनी ने किया।



### सौहार्द का संदेश देते हैं समारोह

**रामपुर, अमृत विचार :** गांधी समाधि के निकट एक होटल में केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा भव्य होली मिलन और रोजा इफ्तार कराया। रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि रमजान के पवित्र माह में इस तरह के सामूहिक इफ्तार का विशेष महत्व होता है। लोग एक साथ बैठकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हैं। इफ्तार के दौरान खजूर, फल, शर्बत और अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे गए, जिन्हें सभी ने प्रेम और श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। कारी फैजान साहब ने मुल्को कौम की तरक्की के दुआ मांगी। रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव नूर मोहम्मद खान, मामून शाह खां, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, नवीन सारस्वत, सोनू जिंदल, नरेंद्र कालरा, सौरभ गोयल, राजेंद्र कुमार गुप्ता, रवि अग्रवाल, विक्की बंसल, पारस जिंदल, महमून खान, शैलेंद्र शर्मा, समर्थ आहूजा आदि मौजूद रहे।

### न्यायालय की यथा स्थिति का आदेश, नहीं रुका निर्माण कार्य

**मिलक, अमृत विचार :** रेवेन्यू बोर्ड के स्थगन के आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य जारी है। कार्य रुकवाने के लिए पीड़ितों ने डीएम और मंडलायुक्त को शिकायत पत्र भेजा है। क्षेत्र के ग्राम भैसोड़ी में एक भूमि को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा था। जिसमें तहसील प्रशासन की मदद से निर्माण कराया जा रहा था। जिसपर दूसरे पक्ष के मखदूम हसन, नवेद हसन, शहनवाज मियां, शराफत मियां ने मंडलायुक्त और अफसरी बेगम ने डीएम को शिकायती पत्र देकर आपत्ति जताई है। उन्होंने बताया कि उन्हें गाटा संख्या-742 भूमि विरासत में मिली है। कुछ माह पूर्व तहसील प्रशासन ने मौके पर हदबंदी कराई थी। इसमें 5 भाइयों को 9-9 बीघा भूमि मिली थी। जिसके पास मौके पर कम थी, उसे पूरी कराई गई थी। इसके बाद दूसरे पक्ष ने जो 12 बीघा भूमि पर कब्जा कर रहे थे। वही विवाद न्यायालय तक पहुंचा और न्यायालय लखनऊ रेवेन्यू बोर्ड ने भूमि पर स्थगन आदेश जारी किया। न्यायालय ने किसी भी प्रकार की गतिविधि से विवादित भूमि को खुर्द बुर्द करने से सभी सहखातेदारों को रोक दिया। आरोप है दूसरे पक्ष जबरन उक्त 12 बीघा पर ही कब्जा रखना चाह रहे हैं। जिसके चलते शनिवार को उन्होंने पक्की दीवार बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने मामले में न्यायालय द्वारा अंतिम आदेश आने तक निर्माण कार्य रुकवाने और यथा स्थिति बनाए रखने की गुहार लगाई है।



### गाडगे जयंती को लेकर बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को अशोक विहार स्थित अखिल भारतीय धोबी महासंघ के जिलाध्यक्ष चरण सिंह के आवास पर बैठक की गई। जिसमें संत शिरोमणि गाडगे की 150 वीं जयंती समारोह को लेकर मंथन हुआ। जिलाध्यक्ष ने बताया कि समारोह में मुख्यतिथि गुलाब देवी जी माध्यमिक शिक्षा मंत्री, आकाश सक्सेना नगर विधायक, हरीश गंगवार भाजपा जिलाध्यक्ष तथा अशोक जी महाराज पीठाधीश्वर ज्वाला पीठ लखनऊ मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि जय सिंह आईआईएस भारत सरकार, प्रोफेसर डॉ. रोहतास सिंह सदस्य उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग उप्र, राकेश कुमार आर्य एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय धोबी महासंघ उत्तर प्रदेश मुख्य वक्ता रहेंगे। बैठक में सुनील कुमार, राजू दिवाकर, रघुवीर शरण, गुलशन दिवाकर, सुनील कुमार दिवाकर, सतवीर सिंह धोबी, प्रसन्न प्रकाश, अशोक कुमार, हेमंत दिवाकर, नन्नू सिंह, कृपाल सिंह,ओमवीर दिवाकर, विक्रम दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# होली मिलन समारोह में गले मिलकर दूर किए गिले शिकवे




होली मिलन समारोह में गले मिलते पदाधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राहे रजा स्थित कृषि भवन में शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वावधान में होली मिलन हुआ। जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने कहा कि होली मिलन गिले शिकवे दूर करने का मौका है।

सभागार में एक दूसरे के गले मिलकर सुख-दुख में काम आने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दो दर्जन संगठनों के पदाधिकारी व सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया। संरक्षक परवेज अहमद खान, मुराद अली खान, रोहित राय, दिलशाद अली पाशा, प्रकाश केवट, सरदार फतेह सिंह, सरदार मंगल सिंह, मनोज कुमार सक्सेना, सोवंत सिंह, शैलेंद्र कुमार, कमलेश कुमार गुप्ता, सुधांशु कश्यप, मोहम्मद जुहेब, नरेंद्र कुमार, बरकत अली, पी राज सिंह, हरि चरण लाल, सुशांत कुमार, योगेश पाल, शुभम कुमार, कांति गंगवार, शत्रुघ्न सिन्हा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जबकि, संचालन जिला मंत्री जगदीश पटेल ने किया।

# 3730 ने दी 10वीं की सोशल साइंस परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई में 10वीं की सोशल साइंस की परीक्षा में 3760 के सापेक्ष 3730 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिले के 13 केंद्रों पर बुधवार की सुबह 10:30 बजे से 10वीं के परीक्षार्थियों की परीक्षा शुरू हुई। 12वीं के 129 परीक्षार्थियों की योगा की परीक्षा हुई और 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

सीबीएसई परीक्षा में शनिवार को 10वीं की सोशल साइंस विषय की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9 बजे से परीक्षार्थी पहुंचना शुरू हो गए थे। तलाशी के बाद 9:30 बजे उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा कक्ष में पहुंचने से पहले भी परीक्षार्थियों की तलाशी हुई। सुबह 10 बजे परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों के पहुंचने के बाद प्रश्न पत्र बांटना शुरू हुआ। 10:15 से 10:30 बजे तक परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने का समय दिया गया। इसके बाद 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा हुई।

10वीं के सोशल साइंस के पेपर से 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 12वीं की योगा की परीक्षा के लिए 131 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 129 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 2 अनुपस्थित रहे।



परीक्षा के बाद सोशल साइंस के पेपर में मिलान करते 10वीं के परीक्षार्थी।

- कड़ी सुरक्षा के बीच 13 केंद्रों पर हुआ आयोजन

"सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा शनिवार को संपन्न हो गई है। परीक्षा के दौरान कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। अब 9 मार्च को 12वीं का गणित का पेपर होगा। – **नीरज तिवारी**, सिटी कोआर्डिनेट सीबीएसई

# पांच साल के बच्चे का अपहरण कर मांगी 12 लाख की फिरौती

## पुलिस ने बिजनौर जिले के नूरपुर से सकुशल बरामद किया, तीन आरोपी दबोचे

कार्यालय संवाददाता अमरोहा


बच्चे को परिजन को सौंपते एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार

- बीमा की रकम से फिरौती वसूलने के लिए आरोपियों ने किया बच्चे का अपहरण

> विवान के पिता की मौत के बाद परिवार को बीमा क्लेम की रकम मिली थी। आरोपियों में शामिल लवीश रिश्तेदार होने के कारण इस बात से अवगत था। उसी ने रकम हड़पने की नीयत से अपने साथियों के साथ मिलकर बच्चे के अपहरण की साजिश रची थी। तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। - **अमित कुमार आनंद**, एसपी

**अमृत विचार :** नौगावां सादात थाना क्षेत्र में शनिवार को पांच साल के बच्चे का अपहरण कर 12 लाख रुपये की फिरौती मांगने का मामला सामने आया। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए बच्चे को बिजनौर जिले के नूरपुर से सकुशल बरामद कर तीन आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों ने बच्चे के पिता के बीमा की रकम से फिरौती लेने के लालच में अपहरण की साजिश रची थी।

धनौरा मार्ग स्थित गांव रसूलपुर गांवड़ी निवासी हरपाल सिंह का परिवार वर्ष 2014 में अमरोहा-नौगावां सादात मार्ग स्थित गांव याहियापुर में आकर बस गया था। हरपाल सिंह का बेटा अवनीश उर्फ सौरभ नोएडा की एक निजी कंपनी में इंजीनियर था, लेकिन वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान एक सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई थी। परिवार में अवनीश की पत्नी डॉली यादव, 10 वर्षीय बेटा सार्थक उर्फ कृष्णा और पांच वर्षीय बेटा विवान उर्फ वासु हैं। विवान गांव ढक्का स्थित जियोन पब्लिक स्कूल में एलकेजी का छात्र है। पति की मौत के बाद बच्चों के पालन-पोषण के लिए डॉली ने घर में ही ब्यूटी पार्लर खोल रखा है।

शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे विवान घर के बाहर बैठा मोबाइल देख रहा था। उसी दौरान वह अचानक लापता हो गया। कुछ देर बाद जब डॉली किसी काम से बाहर आईं तो विवान को न पाकर उनके होश उड़ गए। परिवार और ग्रामीणों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसी बीच करीब 1:45 बजे डॉली के मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने विवान का अपहरण करने की बात कहते हुए उसकी जान की सलामती के बदले 12 लाख रुपये की फिरौती मांगी। परिजनों के मुताबिक अपहरणकर्ताओं ने चेतावनी दी कि रात करीब 11 बजे नौगावां सादात रोड स्थित एक ईंट भट्ठा परिसर में रुपये लेकर नहीं पहुंचे तो बच्चे की हत्या कर दी जाएगी। साथ ही पुलिस को सूचना देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। दिनदहाड़े अपहरण और फिरौती की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी। सर्विलांस की मदद से नंबर को ट्रेस करते हुए पुलिस ने क्षेत्र के गांव गजस्थल निवासी आकाश, धर्मेंद्र और गांव बरखेड़ा निवासी लवीश को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद भी थाने पहुंच गए। बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गईं। सख्ती बरतने पर तीनों आरोपियों ने विवान के अपहरण की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने बिजनौर जिले के नूरपुर बस स्टैंड के पास छापा मारकर विवान को सकुशल बरामद कर लिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली।

# शहर के विकास को मिलेगी गति

- नगर पालिका का बजट पास 1.61 अरब रुपये की आय का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


बोर्ड बैठक में बोलतीं पालिकाध्यक्ष शशि जैन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पालिका की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट को मंजूरी दे दी गई। बैठक में आय-व्यय पर विस्तार से चर्चा की गई और शहर के विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया गया।

नगर पालिका परिषद कार्यालय में शनिवार शाम करीब छह बजे बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने की। बैठक में अधिशासी अधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर पालिका का वार्षिक मूल बजट प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत बजट के अनुसार पालिका का प्रारंभिक अवशेष 7,27,952 रुपये बताया गया। वहीं अनुमानित आय 1,61,65,00,000 रुपये निर्धारित की गई है। इस प्रकार अनुमानित कुल आय 1,61,72,27,952 रुपये आंकी गई है। वहीं खर्च के मद में 1,61,67,50,000 रुपये का अनुमानित व्यय रखा गया है। बजट में सभी मदों को शामिल करते हुए 4,77,952 रुपये का अनुमानित अंतिम अवशेष दर्शाया गया है।

नगर के विकास कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़कों के निर्माण और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सभी सभासदों ने शहर के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए सभी सभासदों और अधिकारियों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। उन्होंने बोर्ड के सभी सदस्यों का सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि सभी के सहयोग से शहर में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

# मोबाइल लूटने के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**अमरोहा, अमृत विचार:** पुलिस ने मोबाइल लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूटा गया मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

थाना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव मोहनपुर सुमाली में चाय की दुकान के पास से आकाशदी नाम के युवक से शुक्रवार को मोबाइल लूट की घटना सामने आई थी। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने बताया कि शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों कीर तलाशी ली गई। उनके पास से मोबाइल फोन, जिसकी कीमत करीब 23 हजार रुपये बताई गई हैबरामद कर लिया गया। आरोपियों ने बताया कि यह मोबाइल छह मार्च को थाना क्षेत्र के एक गांव से लूटा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छोटू, आकाश निवासी ग्राम नंगली जाजू थाना नूरपुर के रूप में हुई है।

## न्यूज डायरी

### युवक के हत्यारोपी पत्नी के प्रेमी को पुलिस ने पकड़ा


आरोपी बब्लू गिरफ्तार।

**संवाददाता, गजरौला,अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव दारानगर निवासी ओमपाल की हत्या में शामिल कल्लो के प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र के दारानगर गांव निवासी ओमपाल (35) पुत्र महावीर की शादी 13 साल पूर्व जनपद हापुड़ के गढ़ मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव निवासी कल्लो के साथ हुई थी। गुरुवार की सुबह ओमपाल का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका मिला था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि ओमपाल के भाई की तहरीर में कल्लो व उसके प्रेमी पर ओमपाल की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। तहरीर के अनुसार चार मार्च को कल्लो का प्रेमी बब्लू उसकी ससुराल पहुंचा था। इस बीच ओमपाल व बब्लू के बीच कहासुनी हो गई थी। गांव वालों ने किसी तरह विवाद को शांत कराया था। बुधवार की रात किसी समय कल्लो ने बब्लू के साथ मिलकर ओमपाल की हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया। प्रभारी निरीक्षक ने इस मामले में कल्लो व उसके प्रेमी आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद निवासी बबलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। कल्लो व उसके प्रेमी के बीच डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस मामले में शनिवार को कल्लो के प्रेमी बब्लू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### दबंगों के हमले में युवक का सिर फटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** शहर के टीपी नगर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला अहमद नगर निवासी दीपक कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि पांच मार्च की रात करीब आठ बजे टेकचंद उसका बेटा अनुज, एक लड़की और कुछ अन्य अज्ञात लोग आए। उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोट लगी और सिर फट गया। सिर से खून की धार बहने लगी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एम्बुलेंस, बाइक व स्कूटी की भिड़ंत में 4 घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** हापुड़ के ब्रजघाट निवासी मदनपाल शर्मा स्कूटी से एक मरीज को लेकर नगर आ रहे थे। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार खुशनसीब और समीर निवासी रुड़की, मुजफ्फरनगर से भिड़ंत हो गई। इसी दौरान संभल के बहजोई निवासी आस मोहम्मद अपनी एम्बुलेंस से मरीज लेकर दिल्ली एम्स जा रहे थे। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक उछलकर एम्बुलेंस से जा टकराई, जिससे एम्बुलेंस भी क्षतिग्रस्त हो गई। सभी घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### युवक के साथ मारपीट की शिकायत की

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पीपलौती कला निवासी नसीमा पत्नी शमीम अहमद ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र के अनुसार बताया कि उनका पुत्र साहिल 6 मार्च को किसी कार्य से नगर आया था। शुक्रवार की दोपहर नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल के निकट दबंगों द्वारा उसे रोक लिया और लात घूसों एवं बेल्टों से मारपीट की।साहिल की जेब में रखे हुए आठ हजार तीन सौ रुपए भी निकालकर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। एसपी ने कोतवाली पुलिस को मामले की जांच कर दोषियों के विरोध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

- खबरें पेज 9 पर भी

# कच्ची शराब के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

- एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव की महिलाओं द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर गांव में हो रहे कच्ची शराब के कारोबार को बंद कराने की मांग की। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

तहसील क्षेत्र के थाना आदमपुर के गांव तिगरिया नादिर शाह की महिलाएं मंगलवार को तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची और प्रदर्शन किया। महिलाओं द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि गांव में स्थित कुछ दुकानों व घरों में अवैध रूप से कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। गांव के ही कुछ लोग घर का सामान बेचकर पूरे दिन कच्ची शराब खरीदते हैं और पीते हैं मना करने पर मारपीट करते हैं। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। महिलाओं द्वारा बताया गया कि पूर्व में कई बार इस काले कारोबार के खिलाफ धरना प्रदर्शन भी कर चुकी हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा इन माफियाओं के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती। लिस अधीक्षक द्वारा आदमपुर पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रदर्शन करने वालों में गोलियां,शकुंतला,संतोष,भगवती, रेखा,नीरज, मूर्ति, गोविंदी आदि मौजूद रही।


## कार्यालयः ग्राम पंचायत - भदासना, वि0ख0 - मूढापाण्डे (मुरादाबाद)

पत्रांक- मीमो/ मनरेगा निविदा पत्रावली /2025-26 दिनांक- 07.03.2026

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भदासना में महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्राम निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने के लिए उच्चकोटि की निम्नलिखित तालिका में अंकित सामग्री की आपूर्ति मॉग के अनुसार निर्माण स्थल पर करने हेतु मोहरबन्द निविदाए पृथक-पृथक दिनांक-08.03.2026 से दिनांक-16.03.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16.03.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय-भदासना में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते दिनांक-16.03.2026 की अपरान्ह 11.00 बजे तक तक किसी भी कार्यालय दिवस में संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय- भदासना से क्रय कर वहां रखे निविदा बॉक्स में जमा कर सकते है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्तानुसार निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम सचिव, ग्रा0प0 भदासना में निहित होगा।

| क्र. | | Name of Item | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंकुर के घर से पुष्पेन्द्र के घर तक नाली सीसी निर्माण कार्य | CEMENT, 2.25FM COARSE SAND, 40MM BRICK BLAST, 20MM STONE GRIT. M-150 CLASS BRICK, TOR STEEL | रु. 50000.00 | रु. 100.00 |
| 2. | रवि के घर से संजीब के घर तक नाली सीसी निर्माण कार्य | | | |
| 3. | महेन्द्र के घर से रोहित के घर होते हुए जयवीर के घर तक नाली सीसी निर्माण कार्य | | | |
| 4. | अनिल के घर से राजू के घर तक नाली सीसी निर्माण कार्य | | | |
| 5. | एन.एच. 24 से दयानन्द डिग्री कालिज तक सीसी निर्माण कार्य | | | |
| 6. | विनोद के घर से उमेश के घर तक नाली सीसी मार्ग कार्य | | | |
| 7. | सोनू के घर से कुमरपाल के घर तक नाली सीसी निर्माण कार्य | | | |
| 8. | शाजिद के घर से हरपाल के घर तक नाली सीसी निर्माण कार्य | | | |

ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत भदासना वि0ख0 - मूढापाण्डे (मुरादाबाद)



## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत केमरी जनपद रामपुर (उ.प्र.)

पत्रांक : 428/न.पं.के./2026 दिनांक : 6.3.26

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा 15वां वित्त आयोग व 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क व नगरीय पेयजल योजना की धनराशि से कार्य कराये जाने है, जिसके लिए दिनांक 23.3.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक सील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 23.3.2026 सायं 4:00 बजे तक निविदादाताओं की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष नियमानुसार खोली जायेगी।

**कार्यों का विवरण**

| क्र.सं. | | कार्य का विवरण | अनुमानित/प्राक्कलन धनराशि | धरोहर राशि 2% | निविदा मूल्य मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15वां वित्त आयोग | वार्ड नं-06 में रामपुर रोड से सरकारी स्कूल की दीवार तक इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 1,94,583.00 | 3,892.00 | 236.00 | 04 माह |
| 02. | | वार्ड नं.-05 में रामपुर रोड से नत्थू के मकान तक इन्टरलॉकिंग रोड व , नाली का निर्माण कार्य | 1,95,110.00 | 3,902.00 | 236.00 | 04 माह |
| 03. | | वार्ड नं.-06 में सलीम अहमद के मकान से अतीक अहमद के मकान तक इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 2,26,232.00 | 4,525.00 | 295.00 | 04 माह |
| 04. | | वार्ड नं.-13 में गुडडू के मकान से शकील के मकान तक इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 1,89,777.00 | 3,796.00 | 236.00 | 04 माह |
| 05. | 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क | वार्ड नं.-01 में अली मस्जिद से रेलवे रोड शौचालय के निकट तक इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 7,25,400.00 | 14,508.00 | 885.00 | 04 माह |
| 06. | | वार्ड नं-02 में चुन्नी लाल वाली गली (मेम्बर साहब के बराबर में) इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 1,18,000.00 | 2,360.00 | 177.00 | 04 माह |
| 07. | | वार्ड नं.-02 में अफसर अली के मकान से रामलीला बाग रोड तक इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 3,46,300.00 | 6,926.00 | 413.00 | 04 माह |
| 08. | | वार्ड नं.-04 में मेन रोड से आलिया (मामू) तक इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 2,82,000.00 | 5,640.00 | 354.00 | 04 माह |
| 09. | | वार्ड नं.-07 में शफीक डिस्को वाली गलनी में इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 44,600.00 | 892.00 | 59.00 | 04 माह |
| 10. | | वार्ड नं.-07 में हबीब भाई वाली गली (अल्ला वालों में) इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 1,13,700.00 | 2,274.00 | 177.00 | 04 माह |
| 11. | | वार्ड नं.-12 में नसरूद्दीन वाली गली में इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 80,900.00 | 1,618.00 | 118.00 | 04 माह |
| 12. | नगरीय पेयजल योजना | मनकरा मेन रोड से नन्हे के घर तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाईन का कार्य | 3,18,410.00 | 6,638.00 | 413.00 | 04 माह |
| 13. | | मिलक-बिलासपुर मेन रोड से परवेज अली के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 3,68,705.00 | 7,374.00 | 472.00 | 04 माह |
| 14. | | कमुआ रोड से बाजार तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 1,93,706.00 | 8,874.00 | 236.00 | 04 माह |
| 15. | | अब्दुल मदीत के मकान से कालिया भाई के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 2,20,471.00 | 4,409.00 | 295.00 | 04 माह |
| 16. | | मिलक-बिलासपुर मेन रोड बाबू के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य। | 1,98,400.00 | 3,968.00 | 236.00 | 04 माह |
| 17. | | मिलक-बिलासपुर मेन रोड से सजीर के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 91,262.00 | 1,825.00 | 118.00 | 04 माह |
| 18. | | मिलक-बिलासपुर मेन रोड से सुरज अहजद के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 1,12,233.00 | 2,245.00 | 177.00 | 04 माह |
| 19. | | दिल्ली दरबार होटल से नईम के मार्किट तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य। | 6,00,161.00 | 12,003.00 | 708.00 | 04 माह |
| 20. | | कमुआ रोड मो. नवी हसन की दुकान से कादरी पेट्रोल पम्प तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 5,65,673.00 | 11,313.00 | 708.00 | 04 माह |
| 21. | | बाजीद अली बढाई के मकान से सरवन के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 3,78,966.00 | 7,579.00 | 472.00 | 04 माह |
| 22. | | नशा मुक्ति केन्द्र निकट कमरूद्दीन के मकान से प्रेम सिंह के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 5,06,888.00 | 10,138.00 | 590.00 | 04 माह |
| 23. | | वार्ड सं. 3 मोहल्ला सिघाड़ियान, मुडा शाह बाबा के मजान के पास से मिनी ट्रियूबैल अधिष्ठापन का कार्य | 5,27,069.00 | 10,541.00 | 649.00 | 04 माह |
| 24. | | भूरा के मकान से पोले सेठ के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 6,22,661.00 | 12,453.00 | 767.00 | 04 माह |
| 25. | | अली जान के मकान से बफाती के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 1,79,118.00 | 3,582.00 | 236.00 | 04 माह |
| 26. | | राजू बोस के मकान से मुस्ताक के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 1,33,205.00 | 2,664.00 | 236.00 | 04 माह |
| 27. | | रामपुर रोड से शौकत के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 1,43,799.00 | 2,876.00 | 236.00 | 04 माह |
| 28. | | वार्ड नं.-11 मोहल्ला माजुल्लानगर, मुन्ने दर्जी के मकान से निकट मिनी टियूबैल अधिष्ठापन का कार्य | 5,27,069.00 | 10,541.00 | 649.00 | 04 माह |
| 29. | | मिलक-बिलासपुर मैन रोड से जफरूद्दीन के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 1,27,869.00 | 2,557.00 | 177.00 | 04 माह |
| 30. | नगरीय पेयजल योजना | अख्तर भाई के मकान से फजले के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 6,14,167.00 | 12,283.00 | 767.00 | 04 माह |
| 31. | | सन्नो के मकान से छुट्टन के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 1,25,805.00 | 2,516.00 | 177.00 | 04 माह |
| 32. | | निसार पधान के मकान से मिलक-बिलासपुर मेन रोड तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 9,94,382.00 | 19,888.00 | 1,180.00 | 04 माह |
| 33. | | पुत्तन भाई के मकान से वकील हाजी के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 1,83,194.00 | 3,664.00 | 236.00 | 04 माह |
| 34. | | मिलक-बिलासपुर मेन रोड से समर सेबिल तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 3,86,442.00 | 7,729.00 | 472.00 | 04 माह |
| 35. | | रामपुर रोड पुलिया से अन्त्येष्टि स्थल तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 7,71,903.00 | 15,438.00 | 944.00 | 04 माह |
| 36. | | रामपुर रोड से अली के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 1,43,799.00 | 2,876.00 | 236.00 | 04 माह |
| 37. | | वार्ड सं. 11 मोहल्ला माजुल्लानगर, मुन्ने के मकान के निकट मिनी टियूबैल अधिष्ठापन का कार्य | 5,27,069.00 | 10,541.00 | 649.00 | 04 माह |
| 38. | | मनकरा मेन रोड से आसिफ के मकान तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 3,18,411.00 | 6,368.00 | 413.00 | 04 माह |
| 39. | | रामपुर रोड से रामपाल के घर तक एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन का कार्य | 6,15,210.00 | 12,304.00 | 767.00 | 04 माह |

**शर्ते :-**

1. निविदा फार्म की फीस भारतीय स्टेट बैंक खाता सं. 39108284903 आई.एफ.एस.सी. कोड- SBIN0011168 जमा कर रशीद संलग्न करने के उपरान्त ही निविदा फार्म दिनांक 9.3.2026 व दिनांक 10.3.2026 को 2:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, इसके बाद कोई भी निविदा फार्म नहीं बेचा जायेगा।
2. निविदादाताओं को 8% धरोहर राशि निविदा स्वीकृति के उपरान्त एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी के नाम कार्यालय में जमा करनी होगी। जिसको नगर पंचायत केमरी के नाम 1 वर्ष के लिए बंधक करना अनिवार्य होगा। तथा 2 प्रतिशत धरोहर राशि नगर पंचायत केमरी के भारतीय स्टेट बैंक खाता सं. 39108284903 आई.एफ.एस.सी. कोड-SBIN0011168 जमा कर रशीद संलग्न करना अनिवार्य है।
3. शर्त सहित निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा स्वीकृति के पश्चात ठेकेदार/फर्म को अपने व्यय से अनुबन्ध कराना होगा निविदा के साथ रू 100.00 के स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित स्वघोषण पत्र देय अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकरण होना अनिवार्य है, तथा पेन नं. जी.एस.टी. नं. संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदादाता को वैध हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. किसी भी निविदा व समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। जिसे किसी भी दशा में चुनौती नहीं दी जा सकती है। वाद विवाद की स्थिति में मा. न्यायालय रामपुर ही मान्य होगा।
7. निविदादाता को बीच में कार्य नहीं छोड़ना होगा। अगर ठेकेदार/फर्म के द्वारा बीच में कार्य छोड़ा जाता है तो उसे नगर पंचायत केमरी द्वारा ब्लैकलिस्ट कर दिया जायेगा तथा उसकी जमानत राशि को जब्त कर ली जायेगी और नोटिस देने के उपरान्त उसके टेन्डर को निरस्त कर दिया जायेगा।
8. सम्बन्धित कार्य को निर्धारित समय एवं मानक के अनुरूप पूर्ण न करने पर ठेकेदार को शर्तो के अनुरूप 100 प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।
9. ठेकेदार/फर्म को समय-समय पर दिये गये शासन/प्रशासन के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
10. ठेकेदार को कार्य से पहले व कार्य करते समय तथा कार्य के बाद के फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।
11. कार्य आगणन के अनुसार अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार सम्पादित करना होगा।
12. उक्त धनराशि की समय-सीमा समाप्त होती है तो शासन से समय अवधि प्राप्त होने पर तथा धनराशि होने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
13. ठेकेदार/फर्म को उक्त कार्यो का 3 वर्ष का अनुभव प्रमाण-पत्र लगाना अनिवार्य है।
14. ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार के द्वारा निविदा में प्रतिभाग नहीं किया जायेगा।
15. पाईप लाईन बिछाते समय रोड क्षतिग्रस्त होगी उसकी मरम्मत का कार्य ठेकेदार द्वारा किया जायेगा तथा रोड डालते समय अगर कहीं पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होगी तो उसकी मरम्मत का कार्य भी ठेकेदार द्वारा ही किया जायेगा।
16. अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केमरी (रामपुर)

अध्यक्ष
नगर पंचायत केमरी (रामपुर)

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस शिविर में युवाओं को सेवा का दिया संदेश

**चंदौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज चंदौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आभारंभ शनिवार को ग्राम देवरखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया। कौशल विकास हेतु युवा विषय पर आयोजित इस शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के नेतृत्व में किया जा रहा है। उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव, भूपाल सिंह शास्त्री, प्रधानाचार्य राजेश कुमार तथा शिक्षक शरद शर्मा ने किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने और जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### विजेता खिलाड़ियों के ट्रायल 8 से 10 तक

**संभल,अमृत विचार :** चंदौसी, संभल और असमोली विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के ट्रायल 8 से 10 मार्च तक कराए जाएंगे। ट्रायल के माध्यम से आगे की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खेल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च को बैडमिंटन और जूडो के ट्रायल आयोजित होंगे। बैडमिंटन का ट्रायल सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल बहजोई में, जबकि जूडो का ट्रायल एसवीएम कॉन्वेंट स्कूल बहजोई में कराया जाएगा। 9 मार्च को फुटबॉल, कुश्ती और कबड्डी के ट्रायल होंगे। फुटबॉल का ट्रायल जेएलएम इंटर कॉलेज सिरसी में, जबकि कुश्ती और कबड्डी के ट्रायल त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल कल्याणपुर रिठाली में आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 10 मार्च को एथलेटिक्स और वॉलीबॉल के ट्रायल सिंहपुर साहनी खेल मैदान, विकासखंड बनियाखेड़ा में कराए जाएंगे। खेल विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों से निर्धारित तिथियों और स्थानों पर समय से पहुंचकर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है।

### एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू

**चंदौसी, अमृत विचार :** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश गौतम और शर्मिल उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 42 बीघा भूमि को कराया मुक्त, फसलें जोतीं

## संभल तहसील के मन्नी खेड़ा गांव में 106 बीघा पशुचर भूमि पर गांव के लोगों ने कब्जा कर बोई फसलें

- **पशुचर भूमि पर उगाई गई थी गेहूं,सरसों,ईख व मक्का की फसल**
- **दो करोड़ बताई जा रही है कब्जामुक्त कराई गई जमीन की कीमत**

**कार्यालय संवाददाता ,संभल**



मन्नीखेड़ा गांव में पशुचर भूमि के दस्तावेज देखते नायब तहसीलदार व अन्य। ● अमृत विचार



सरकारी भूमि पर खड़ी फसल को उजाड़ता ट्रैक्टर।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर जनपद संभल में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए राजस्व प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को तहसील संभल के नखासा थाना क्षेत्र अंतर्गत मन्नीखेड़ा में बड़ी कार्रवाई की गई।

106 बीघा पशुचर भूमि से अवैध कब्जा हटाने का अभियान शुरु करते हुए राजस्व टीम ने पुलिस और पीएसी की मौजूदगी में करीब 42 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए उस पर खड़ी गेहूं, सरसों, ईख और मक्का की फसल को ट्रैक्टर-हैरो चलवाकर नष्ट करा दिया।

शनिवार दोपहर नायब तहसीलदार बबलू कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम गांव मन्नीखेड़ा पहुंची। राजस्व निरीक्षक योगेंद्र पाल, चंद्रपाल, लेखपाल मनोज कुमार, रविंद्र सिंह, अनुराग शर्मा, सचिन गुप्ता और मयूरी सिंह ने पुलिस और पीएसी बल की मौजूदगी में सरकारी पशुचर भूमि का सीमांकन कर निशान लगाने का काम किया। इसके बाद पशुचर भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। राजस्व विभाग के अभिलेखों के अनुसार गांव मन्नीखेड़ा में गाटा संख्या 1266, 1267 और 1339 समेत करीब 6.7 हेक्टेयर यानि 106 बीघा पशुचर श्रेणी की सरकारी भूमि है। इस भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने लंबे समय से कब्जा कर खेती कर रखी थी। जांच में सामने आया कि गाटा संख्या 1266 की भूमि पर विजय ने सरसों और गेहूं की फसल बो रखी थी, जबकि धीरज, नीरज और रनवीर ने भी गेहूं की खेती कर रखी थी। इसी तरह गाटा संख्या 1339 की करीब 0.324 हेक्टेयर पशुचर भूमि पर धीरज, नीरज और रनवीर द्वारा ईख की फसल उगाई जा रही थी। इसके अलावा गाटा संख्या 1267 की करीब 0.660 हेक्टेयर भूमि पर सुरेश और जयसिंह तथा राकेश ने कब्जा कर गेहूं और मक्का की खेती कर रखी थी।

### पुलिस और पीएसी रही तैनात

राजस्व टीम ने मौके पर ट्रैक्टर-हैरो चलवाकर अवैध रूप से उगाई गई फसलों को नष्ट करा दिया और लगभग 42 बीघा भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए सरकारी नियंत्रण में ले लिया। अधिकारियों के अनुसार कब्जा मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई की सूचना मिलते ही गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए, हालांकि पुलिस और पीएसी की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पूरे अभियान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई।

> शासन और जिला प्रशासन के निर्देश पर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने का अभियान लगातार चल रहा है। इसी अभियान के तहत गांव मन्नीखेड़ा में पशुचर की करीब 106 बीघा भूमि में से लगभग 42 बीघा भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। शेष भूमि को भी जल्द खाली कराने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि सरकारी जमीन को सुरक्षित रखा जा सके। – **बबलू कुमार**,नायब तहसीलदार संभल

# जिला अस्पताल के निरीक्षण में मिलीं कई खामियां

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

- **तीन दिन के भीतर शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट**
- **संसाधन उपलब्ध करा व्यवस्थाओं में सुधार की कवायद**

**अमृत विचारः** शासन के निर्देश पर जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण करने पहुंची टीम ने अस्पताल में मैनपावर के साथ ही उपकरणों और भवन मरम्मत से जुड़ी कई कमियां चिन्हित की हैं। अधिकारियों ने कहा कि विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन के भीतर शासन को भेजी जाएगी।

जिला अस्यपताल रामपुर के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. ओपी आर्य के नेतृत्व में टीम जिला संयुक्त अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची। टीम में वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. राजेश गंगवार भी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय और संयुक्त जिला चिकित्सालयों में मानव संसाधन, उपकरणों और इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति का आकलन किया जा रहा है। जहां भी कमियां मिल रही हैं, उन्हें चिन्हित कर रिपोर्ट के माध्यम से शासन को अवगत कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले अस्पताल में स्वीकृत पदों और कार्यरत चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा कार्यालय कर्मचारियों की संख्या का मिलान किया गया, जिससे वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके। इसके बाद टीम ने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों जैसे ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, दवा वितरण कक्ष और वार्डों का निरीक्षण किया। अस्पताल में कई स्थानों पर भवन की मरम्मत, प्लास्टर और पेंटिंग की आवश्यकता पाई गई। वहीं ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम में कुछ जरूरी उपकरणों की कमी भी सामने आई। जहां भी कमियां मिल रही हैं, उन्हें चिन्हित कर रिपोर्ट के माध्यम से शासन को अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा कई विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद स्वीकृत होने के बावजूद उनकी तैनाती नहीं होने की बात भी सामने आई। डॉ. ओपी आर्य ने बताया कि निरीक्षण के आधार पर तैयार विस्तृत रिपोर्ट तीन दिनों के भीतर शासन को भेज दी जाएगी, ताकि आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सके।

# विधानसभा चुनाव में जुटने का आह्वान

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का किया स्वागत**

**कार्यालय संवाददाता,संभल**



चंदौसी में परमेश्वर लाल सैनी के घर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ अभिनंदन किया। वह चंदौसी में परमेश्वर लाल सैनी के आवास पर पहुंचे। कुछ देर रुकने के बाद उत्तराखंड के रामनगर रवाना हो गए। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अभी से जुटने का आह्वान किया।

शनिवार को दिल्ली से रामनगर जाते समय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जनपद की सीमा में प्रवेश किया तो नरौरा में उनका स्वागत किया गया। इसके बाद बहजोई कस्बे में नगर पालिका चेयरमैन राजेश शंकर राजू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य और भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू भी मौजूद रहे। वह पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के आवास पर पहुंचे। उन्होंने परमेश्वर लाल सैनी के पिता डूंगरमल सिंह सैनी का कुशलक्षेम जाना। शिक्षामंत्री गुलाब देवी, केंद्रीय सफाई आयोग की पूर्व सदस्य मंजू दिलेर ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी चुनाव के लिए हर स्थिति में तैयार रहें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह, सतीश अरोड़ा, सौरभ गुप्ता मुखिया, सोनू चाहल, जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन, चंद्रसैन दिवाकर, सुधीर मेहरोत्रा, विकास वार्ष्णेय, साक्षी सिंह, राजकुमार यादव, हरीश सैनी, शुभम अग्रवाल, यश मदान, उदयवीर सिंह यादव पप्पू, धीरेन्द्र पाल सिंह पिंटू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में 53 शिकायतें दर्ज, 5 का निस्तारण

**संवाददाता, बबराला**

- **गुन्नौर में एडीएम और सीडीओ पहुंचे शिकायतें सुनने**



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एडीएम व सीडीओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं। कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का निस्तारण किया, जबकि शेष 48 शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक मामले सामने आए। इसके अलावा पूर्ति विभाग की 6, पुलिस विभाग की 13, ग्राम विकास विभाग की 2 तथा चकबंदी विभाग की 1 शिकायत दर्ज की गई। अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने भी अधिकारियों से कहा कि अधिकांश समस्याओं का निस्तारण निचले स्तर पर ही कर दिया जाए, जिससे लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी अवधेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी आलोक सिद्धू और तहसीलदार रविंद्र विक्रम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**चंदौसीः** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

सुभाषचंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि उनके प्लॉट के सामने कुछ लोगों द्वारा दबाव बनाकर ज्यारत का निर्माण कर दिया गया है। ग्राम पंचायत रीठ के प्रधान महेन्द्र सिंह मौर्य ने मतदाता सूची में बाहरी लोगों के नाम जोड़ने और मृतकों के नाम हटाने की मांग की। ग्राम मोहम्मदपुर काशी निवासी शरीफ ने गाटा संख्या 243 और 242 में मृत व्यक्तियों के वारिसों की जांच कराने की मांग की। सैदपुर क्षेत्र के गाटा संख्या 474 और 475 पर कथित अवैध कब्जे को हटवाने की शिकायत भी अधिकारियों के समक्ष रखी गई। समाधान दिवस में एक बड़ा मामला आर्थिक ठगी से जुड़ा भी सामने आया। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एक लेखपाल और उसके साथियों ने निवेश के नाम पर लोगों से बड़ी रकम जमा कराई और हर माह निश्चित लाभ देने का झांसा दिया। उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने जांच टीम गठित करने के निर्देश दिए। डॉ. हरवेन्द्र चौधरी और तहसीलदार रवि सोनकर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

# दूसरे समुदाय के युवक के घर मिली किशोरी

**कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी**



गुमथल गांव में हिदायत देते थाना प्रभारी मनोज वर्मा। ● अमृत विचार

- **बजरंग दल ने लव जिहाद बताकर किया हंगामा**
- **पुलिस ने युवती को बरामद कर शुरू की जांच**

**अमृत विचारः** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में शनिवार को एक किशोरी को दूसरे समुदाय के युवक के घर मिली। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। कार्यकर्ता पहले गांव में डटे रहे फिर थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल निवासी नवी जान व चंदौसी कस्बा निवासी एक किशोरी एक ही अध्यापक से ट्यूशन पढ़ते हैं। शनिवार सुबह करीब 11 बजे किशोरी के नबी जान के घर में होने की जानकारी मिली तो बजरंग दल के कार्यकर्ता आशीष तूफानी के नेतृत्व में नबी जान के घर पहुंच गए और लव जिहाद का आरापे लगा हंगामा करने लगे। कार्यकर्ताओं ने डायल 112 और थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी को युवक के घर से बरामद कर लिया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही नबी जान फरार हो गया। पुलिस किशोरी को अपने साथ थाने ले आई।

सूचना मिलने पर किशोरी का पिता भी थाने पहुंच गया। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पर पहुंचे। आरोप लगाया कि युवक किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर घर लाया है। आशीष तूफानी ने दावा किया कि घटना से संबंधित वीडियो भी उनके पास है। थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि किशोरी के पिता ने शिकायत देकर बेटी को नाबालिग बताया है। जिस युवक पर आरोप लगाए जा रहे हैं उसे थाने बुलाया गया है।

# महिला से घर में घुसकर मारपीट डॉक्टर समेत छह पर केस दर्ज

**कार्यालय संवाददाता,संभल/ ओबरी**

- **एक आरोपी गिरफ्तार, जमीन को लेकर है विवाद**

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रतुपुरा में जमीन के पुराने विवाद में घर में घुसकर महिला से मारपीट और अभद्रता करने के आरोप में पुलिस ने मुरादाबाद के एक डॉक्टर सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव रतुपुरा निवासी महिला का कहना है कि गांव के ही रहने वाले शाने और मुन्नन , फईम, श्वाले तथा इसरार और डॉ. साजिद निवासी गांव महलकपुर थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद ने छह मार्च को घर में घुसकर लाठी-डंडों और सरिया से मारपीट की। महिला का आरोप है कि जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। इसी विवाद में गली बंद करने का विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए निर्वस्त्र कर दिया। शोर सुनकर परिवार के सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि एक आरोपी शाने अली को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

## न्यूज डायरी



### श्रीबारहसैनी रामलीला ट्रस्ट चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**चंदौसी, अमृत विचार :** श्रीबारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के आगामी चुनाव को लेकर शनिवार को कैथल गेट स्थित निर्वाचन कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोरमुकट वार्ष्णेय और सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार वार्ष्णेय व सुशील कुमार वार्ष्णेय ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। 1 से 3 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे, जबकि 4 अप्रैल को नामांकन सूची प्रकाशित होगी। 5 और 6 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे तथा 6 अप्रैल शाम तक अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। ट्रस्ट का चुनाव 19 अप्रैल 2026 को गुप्त मतदान से कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना भी होगी।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

**बबराला , अमृत विचार :** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी का जनपद सीमा में प्रवेश करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। नरोरा बैराज पर भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू, पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, धर्मेंद्र प्रजापति, विनय वार्ष्णेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया ।इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सफाईकर्मियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**चंदौसी, अमृत विचार :** होली के अवसर पर नगर सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शनिवार को जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर के नेतृत्व में नगरपालिका अध्यक्ष के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आपसी सौहार्द और आत्मीयता के साथ होली की शुभकामनाएं दी गईं। अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पालिका हमेशा गंभीर रहती है। उन्होंने संविदा कर्मचारियों के एरियर, वेतन और कोरोना काल के बकाया भुगतान को जल्द किस्तों में देने की बात कही।

### पंडित उपाध्याय महाअभियान के तहत दिया प्रशिक्षण

**संभल/चंदौसी,अमृत विचार :** चंदौसी नगर मंडल की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर आधारित है। प्रशिक्षण में पार्टी का इतिहास और विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्यकर्ता विस्तार, संगठन की कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिभा दर्शन जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को भाजपा के इतिहास और विकास के बारे में विस्तार से बताया। वहीं सुधीर मल्होत्रा ने कहा कि पार्टी में रहते हुए कार्यकर्ताओं को राष्ट्रवाद की भावना के साथ अपना श्रेष्ठ योगदान देने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चौधरी, परमेश्वर लाल सैनी, अंकित जैन, अंकुर अग्रवाल, गिरीश रतन, मंजू दिलेर, चंद्रपाल सिंह, मनोज कठेरिया, शरद शर्मा, अभिनव शर्मा, शुभम अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता, ज्ञान प्रकाश शर्मा, अंकुल देव, आकाश आहूजा, राखी सिरोही आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नवनियुक्त एसडीएम निधि पटेल का किया स्वागत

**संभल, अमृत विचार :** विकास दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त एसडीएम निधि पटेल का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान समिति के महिला प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। समिति की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत खलील के नेतृत्व में पदाधिकारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम निधि पटेल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए जनहित के कार्यों में सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शमा परवीन, महासचिव शाहीन एडवोकेट, अहमद अली, अजीम गाजी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**महिला दिवस**

**शहद पहुंचा विदेश तक, वर्तमान में उनके पास करीब 250 मधुमक्खी बक्से हैं**

# दिव्यांग शालिनी ने मधुमक्खी पालन से पाया मुकाम

**कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी**



शालिनी दीक्षित को प्रमाणपत्र देते डीएम राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** चुनौतियों के बीच भी अगर हौसले मजबूत हों तो सफलता का रास्ता जरूर निकलता है। चंदौसी के संभल गेट क्षेत्र की रहने वाली पोलियोग्रस्त शालिनी दीक्षित ने यही कर दिखाया है। एक पैर से दिव्यांग शालिनी ने मधुमक्खी पालन से न सिर्फ आत्मनिर्भरता हासिल की, बल्कि अपने उत्पाद को विदेश तक पहुंचाने में भी सफलता पाई है।

संभल गेट क्षेत्र स्थित मोहल्ला उदय देवता के पास होली चौक की निवासी शालिनी दीक्षित ने एमए, बीएड और एलएलबी की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने कई प्रतियोगी परीक्षाएं भी दीं, लेकिन मनचाहा मुकाम हासिल नहीं हो सका। वर्ष 2016 में विवाह के बाद शारीरिक अक्षमता के कारण बच्चे के पालन-पोषण में परेशानी होने पर वह मायके लौट आईं। यहीं से उनके जीवन का नया अध्याय शुरू हुआ। वर्ष 2019 में उन्होंने अपने भाई मधुकर शंखधार और पति शिवेंदु दीक्षित के साथ मिलकर मधुमक्खी पालन का काम शुरू किया। शुरुआत में फील्ड वर्क में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। कोरोना काल और लॉकडाउन के दौरान जब गतिविधियां ठप थीं, तब शालिनी ने यूट्यूब पर विदेशी मधुमक्खी पालकों के वीडियो देखकर इस क्षेत्र की बारीकियां सीखीं। करीब ढाई से तीन लाख रुपये के निवेश से शुरू किए गए इस काम में बाद में उद्यान विभाग और जिला प्रशासन का भी सहयोग मिला। हाल ही में उद्यान विभाग की ओर से उन्हें 20 मधुमक्खी बक्सों की सहायता भी प्रदान की गई।

### प्राकृतिक फूलों से तैयार शहद की कई राज्यों में मांग

प्राकृतिक और विभिन्न फूलों के शहद के लिए उनके परिवार के सदस्य मौसम के अनुसार मधुमक्खी बक्सों को अलग-अलग राज्यों में ले जाते हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश तक का सफर तय किया जाता है। राजस्थान में सरसों, उत्तर प्रदेश में सफेदा, तुलसी और नीम, जबकि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में लीची और मल्टीफ्लोरा शहद के लिए मधुमक्खियों को रखा जाता है। शुरुआत में थोक बाजार में उचित मूल्य न मिलने से उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ा। इसके बाद शालिनी ने खुद पैकेजिंग और विपणन की जिम्मेदारी संभाली और सरकारी मेलों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से उत्पाद बेचने शुरू किए। शुरुआती दौर में जहां महीने में 10 से 15 हजार रुपये की आमदनी होती थी, वहीं अब यह बढ़कर करीब 35 से 40 हजार रुपये प्रतिमाह हो गई है।

### यूरोप के स्लोवेनिया से भी हुई डील

शालिनी की फर्म ने अपने उत्पादों के निर्यात के लिए यूरोप के स्लोवेनिया में भी एक डील की है। इसके अलावा लखनऊ के जनभवन परिसर में आयोजित 57वीं प्रादेशिक प्रदर्शनी में उन्हें मधुमक्खी पालन के लिए प्रदेश में दूसरा स्थान और शहद के लिए तीसरा स्थान भी मिला है। शालिनी ने 4 से 6 महिलाओं को शहद की छनाई, पैकेजिंग और लेबलिंग के कार्य से जोड़कर उन्हें भी आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। शालिनी कहती हैं कि जीवन में मुश्किलें जरूर आती हैं, लेकिन उनसे घबराने के बजाय उनका सामना करना चाहिए। अपनी मेहनत और हौसले के दम पर उन्होंने यह साबित कर दिया कि शारीरिक बाधाएं भी सफलता की राह नहीं रोक सकतीं।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**शाहबाद, अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव मधुकर निवासी नेमचंद (70) खेत से लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत उपचार के लिए शाहबाद सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान नेमचंद ने दम तोड़ दिया।



### सफाई व्यवस्था पर सभासद ने उठाए सवाल

**संभल, अमृत विचार :** वार्ड नंबर 13 के सभासद मोहम्मद रेहान ने रमजान के महीने में सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई है। कहा कि उनके वार्ड में दस सफाई कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, इसके बावजूद इलाके में नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। केवल चार-पांच कर्मचारी ही काम करते दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में सफाई व्यवस्था ठीक न होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# शिकायतों का निस्तारण न होने पर भड़कीं डीएम

## अधिकारियों की लगाई फटकार, लापरवाही न करने के निर्देश, 28 शिकायतों में 3 का निस्तारण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के आए हुए फरियादियों की फरियाद जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी। इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में 28 शिकायत दर्ज हुई, जिसमें से अधिकारियों द्वारा 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी बची 25 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दी गई।

शनिवार को ग्राम करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने क्षेत्र वासियों की शिकायतें सुनी। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 9, पुलिस विभाग की 5, विकास विभाग की 4, पूर्ति विभाग की 1, चकबंदी विभाग की 3, विद्युत विभाग की 4 एवं अन्य विभागों की 2 कुल मिलाकर 28 शिकायत दर्ज हुई। जिसमें से अधिकारियों द्वारा तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी बची हुई 25 शिकायतों के जल्द निस्तारण के निर्देश देते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दी गई।



शिकायतें सुनते डीएम निधि गुप्ता वत्स और एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार

- परि राजस्व, पुलिस, पूर्ति विभाग चकबंदी की शिकायतें आईं

इस दौरान डीएम ने पिछली शिकायतों की समीक्षा की जिसमें कई शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाया था। जिस पर डीएम ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। जल्द से जल्द शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आई हुई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर निस्तारण करें। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, वन क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



शिकायतें सुनते एडीएम न्यायिक धीरेंद्र प्रताप यादव। ● अमृत विचार

### एडीएम न्यायिक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

मंडी धनौरा, अमृत विचार : शनिवार को तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 18, पुलिस विभाग की 06 शिकायतों सहित 24 शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष 21 शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द से जल्द समाधान जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एडीएम धीरेंद्र प्रताप यादव ने विशेष रूप से भूमि विवाद और अवैध कब्जों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मूसा राम थारु, नायब तहसीलदार योगेश कुमार व राजपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बैंक वादों के प्री-लिटिगेशन निस्तारण पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की हुई समीक्षा

**अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सैयद माऊज़ बिन आसिम के मार्गदर्शन में 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए शनिवार को बैंक प्रबंधकों और फाइनेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपस्या त्रिपाठी ने की।

उन्होंने सभी बैंक एवं फाइनेंस कंपनियों के प्रबंधकों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंकों के ऋण वसूली मामलों का अधिकाधिक संख्या में चिन्हांकन करें। जिससे सुलह-समझौते के आधार पर उनका त्वरित निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य आपसी सहमति के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करना है। ऐसे में बैंकिंग मामलों, विशेषकर ऋण संबंधी विवादों के निपटारे के लिए यह प्रभावी मंच साबित हो सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, बैनर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से आमजन को जागरूक करने के लिए कहा।



राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# बच्चों को निःशुल्क वितरित की पठन पाठन सामग्री



बच्चों को सामग्री देते सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** ग्राम करनपुर में शनिवार को आप्ति ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को शिक्षा एवं स्वच्छता का कार्यक्रम किया गया। जिसमें संस्था प्रतिनिधि राकेश कुमार ने बच्चों को शिक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित विस्तार पूर्वक समझाया। संस्था आप्ति ग्रामीण विकास संस्थान ने गांव के जनप्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य पति सुरेंद्र पाल सिंह ने बच्चों को पठन पाठन की सामग्री वितरण किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनिता, सहायिका कृष्णा, सुनील, गुंजन, पंकज, सुनील आदि मौजूद रहे।

### बच्चों के झगड़े ने पकड़ा तूल, दो पक्षों में मारपीट

**मैनाठेर, अमृत विचार :** गांव रूस्तमपुर सराए में बच्चों के बीच शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते दो पक्षों के बीच मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंकने लगे।

शुक्रवार को गांव में मोटरसाइकिल को लेकर बच्चों के बीच कहासुनी हो गई थी। पहले तो ग्रामीणों ने मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बड़े भी पहुंच गए और विवाद बढ़ गया।कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों तरफ से ईंट-पत्थर चलने लगे। घटना में कई लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। बाद में ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। मैनाठेर इंस्पेक्टर किरणपाल सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संभल एसपी की दुल्हनिया बनेंगी आईपीएस अंशिका

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बरेली में एसपी साउथ आईपीएस अंशिका वर्मा और संभल के एसपी केके बिश्नोई की शादी तय हो गई है। शादी का कार्ड भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि राजस्थान के बाड़मेर में तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम होंगे।

कृष्ण कुमार बिश्नोई 2018 बैच के आईपीएस हैं और राजस्थान के बाड़मेर के मूल निवासी है। अंशिका वर्मा प्रयागराज की मूल निवासी हैं और 2021 बैच की आईपीएस हैं। बताया जा रहा है कि दोनों की मुलाकात गोरखपुर में तैनाती के दौरान हुई थी। तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की शुरुआत 28 मार्च से होनी है। बाड़मेर के कृष्ण निवास में कृष्ण कुमार बिश्नोई 28 मार्च को बरात लेकर पहुंचेंगे। 29 मार्च की सुबह विदाई का कार्यक्रम है और 30 मार्च को जोधपुर के रिसॉर्ट में रिसेप्शन रखा गया है। एसएसपी अनुराग आर्य समेत कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ राजनेता भी आईपीएस वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए पहुंच सकते हैं।



केके विश्नोई, अंशिका वर्मा।

- प्रदेश के दो आईपीएस अफसर 28 मार्च को वैवाहिक बंधन में बंधेंगे
- राजस्थान के बाड़मेर में होगी शादी कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल

# सफाई कर्मियों का मंत्री आवास पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार :** कोरोना काल के बकाया वेतन, बोनस, वर्दी और एरियर सहित विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने शनिवार को माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के आवास पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा और जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

शनिवार दोपहर बाद सफाई कर्मचारी संघ के सदस्य चंदौसी में शिक्षामंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंचे। कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना महामारी के कठिन समय में उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर शहर की साफ-सफाई का कार्य किया, लेकिन आज तक उस अवधि का बकाया वेतन, बोनस और अन्य सुविधाएं नहीं दी गईं। इस संबंध में कई बार पालिका प्रशासन से शिकायत भी की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने शिक्षामंत्री को ज्ञापन देकर मांगों के जल्द निस्तारण की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सफाई कर्मचारी संघ यूनियन ट्रेड कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नंदू वाल्मीकि ने कहा कि कोरोना काल में कर्मचारियों ने जोखिम उठाकर काम किया, लेकिन उनका बकाया भुगतान अब तक नहीं मिला है। कहा कि यदि कर्मचारियों का शोषण जारी रहा तो आने वाले समय में आंदोलन और हड़ताल की जाएगी। अखिल भारतीय मजदूर सभा कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने कहा कि प्रदेश में संविदा कर्मचारियों को बिना एफिडेविट के भुगतान किया जा रहा है, इसलिए यहां भी ऐसा ही किया जाना चाहिए। शिक्षामंत्री गुलाब देवी ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वह इस संबंध में पालिका प्रशासन से वार्ता कर उचित मांगों के समाधान का प्रयास करेंगी।



मंत्री गुलाब देवी के आवास पर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

- ज्ञापन में उठाई कोरोना काल के बकाया वेतन भुगतान, बोनस, वर्दी, एरियर की मांगें

### दूसरे समुदाय की किशोरी को ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार:** राजस्थान का एक युवक दूसरे समुदाय की किशोरी को ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

नगर के मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी पीड़ित ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी 17 वर्षीया नाबालिग बेटी पर लखवीर सिंह निवासी गंगानगर राजस्थान पिछले एक साल से बुरी नियत रखता था। बदनामी के डर से वह शांत थे और कुछ समय पहले रुद्रपुर छोड़कर यहां आकर बस गए थे। आरोप है कि उक्त युवक ने उनकी बेटी का पीछा नहीं छोड़ा और उसो ढूंढ़ते हुए यहां तक आ पहुंचा। लगभग दो दिन पूर्व अगवाकर ले गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# डॉक्टर की हत्या पूर्व साथी ने ही कराई थी, तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** नगीना क्षेत्र में डॉक्टर हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अस्पताल के विवाद और पुरानी रंजिश के चलते इस हत्या की साजिश रची गई थी, जिसमें एक डॉक्टर ने ही सुपारी देकर हत्या करवा दी।

5 मार्च की शाम अभियुक्त विकास उर्फ छोटू निवासी ग्राम तिबड़ी थाना धामपुर फर्जी पैथोलॉजी रिपोर्ट दिखाने के बहाने शिवालय हेल्थ केयर सेंटर पहुंचा। वहां डॉक्टर राजकुमार मरीज देख रहे थे। इसी दौरान रिपोर्ट दिखाने के बहाने करीब पहुंचकर विकास ने डॉक्टर राजकुमार पर तमंचे से गोली चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

- हत्यारों को दी थी 10 लाख की सुपारी

शनिवार को पुलिस ने विकास, आर्यन उर्फ राजननिवासी मधी हाल निवासी ग्राम जैतरा थाना धामपुर, तथा डॉ. नीरज कुमार निवासी ग्राम तिबड़ा थाना धामपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि 2018 में गाजियाबाद के एक अस्पताल में डॉ. नीरज और डॉ. राजकुमार साथ काम करते थे और दोनों में दोस्ती भी थी। 2022 में दोनों ने नगीना-धामपुर रोड पर सुमित्रा हॉस्पिटल खोला था। अस्पताल की आय से पहले डॉ. नीरज के लोन का भुगतान करने की बात तय हुई थी, लेकिन मनमुटाव के कारण वर्ष 2023 में डॉ. राजकुमार बिना पूरा हिसाब-किताब किए अलग हो गए। जनवरी 2024 में डॉ. राजकुमार ने शिवालय हेल्थ केयर सेंटर नाम से अपना अलग अस्पताल शुरू कर दिया, जिससे सुमित्रा हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या कम होने लगी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया। अभियुक्त विकास ने बताया कि डॉ. नीरज ने करीब छह महीने पहले हत्या की योजना बनाई थी और उसे 10 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी, जिसमें से करीब 2 लाख 20 हजार रुपये एडवांस भी मिल चुके थे। घटना को अंजाम देने के लिए उसने तमंचा अपने साथी राजन से लिया था।पुलिस का कहना है कि अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

### दो गुटों में मारपीट 10 घायल

**सैदनगर, अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह दो गुटों में मारपीट के दौरान 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने 6 गंभीर रूप से घायलों को जरा अस्पताल में भर्ती कराया है।

सीगनखेड़ा में शनिवार सुबह चाचा भतीजे फिर से आमने-सामने आ गए। कुछ देर में ही दोनों ओर से लाठी डंडे और पत्थर बाजी शुरू हो गई। दोनों पक्षों की महिलाओं ने भी घरों से पत्थर बरसाना शुरू कर दिए। दोनों ओर से जमकर हुई मारपीट में एक दर्जन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल नथीहा, दौलत राम, वीर सिंह, हरिसिंह, सोनू, तारावती को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीन के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के निर्देश

**कांठ, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम मथाना एवं अलीपुरा खालसा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण का गर्भवती महिलाओं को शत प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश दिए। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ग्राम मथाना के आंगनवाडी केन्द्र पहुंची। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थिति पंजिका, टीकाकरण रजिस्टर आदि अभिलेख चैक किये। उन्होंने नियमित टीकाकरण के संबंध में विस्तार से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से पूंछताछ की। उन्होंने टीकाकरण को शत प्रतिशत करने तथा प्रत्येक गर्भवती माता को आयरन कैल्शियम का वितरण व कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। इसके उपरांत सीडीओ ने अलीपुरा खालसा ग्राम आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर नियमित एवं सत प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक चंद्रशेखर यादव,सीडीपीओ अनीता, सीमा, सुमन, वंदना आदि मौजूद रहे।



### दहेज के लोभ में विवाहिता को छत से फेंका, रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर छत से फेंक दिया। गंभीर हालत में विवाहिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चंद्रवती पत्नी मदन निवासी रफातपुरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी नीतू का विवाह 19 अप्रैल 2024 को बिजनौर के थाना चांदपुर क्षेत्र के गांव कंकावाला निवासी सचिन पुत्र संजय के साथ किया था। ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नीतू को प्रताड़ित करने लगे। पहले भी उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन समझौता करा दिया गया था।इसके बाद नीतू अपने पति के साथ अमरोहा के मोहल्ला जयओमनगर में किराए पर रहने लगी थी। बावजूद दहेज की मांग बंद नहीं हुई। आरोप है कि चार मार्च को होली के दिन नीतू अपने पति सचिन के साथ घर पर थी। इसी दौरान ससुराली आ गए और मारपीट की। पांच मार्च को सुबह नीतू के मोबाइल से फोन कर बताया गया कि वह अस्पताल में भर्ती है। वह अस्पताल पहुंची तो नीतू ने दहेज के लिए मारपीट कर छत से फेंकने की बात बताई। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्वयंसेवियों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आरम्भ गांव शहवाजपुर गुर्जर की मढइयों में किया गया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज प्रबन्धक अशोक सैनी व प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने किया। स्वयंसेवियों ने गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। रैली के दौरान स्वयंसेवियों ने लोकतंत्र का सम्मान करें, निर्भय होकर मतदान करें तथा युवा शक्ति के तीन काम दृ शिक्षा, सेवा और मतदान जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया और सभी ग्रामीणों से चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी मुशर्रफ खां, योगेश त्यागी, शिवा सैनी, निसार अहमद, अर्शी, रविन्द्र सिंह, समरपाल सिंह, निशिन सैनी, अक्षी प्रजापति सहित अनेक स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

### आपदा में मृतकों के परिजनों को दिए चेक

**बिलारी, अमृत विचार :** सितम्बर माह में देहरादून की प्राकृतिक आपदा में तहसील बिलारी के गांव मुड़िया जैन के नौ लोगों की मौत हुई थी। शनिवार को सपा प्रतिनिधिमंडल ने समाजवादी पार्टी केअध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भेजे गए 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता के चेक प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रदान किया। शोक संवेदनाएं भी व्यक्त की।भरोसा भी दिलाया कि सपा सरकार बनने पर परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। सांसद जियाउर्रहमान बर्क, नूरपुर विधायक रामौतार सैनी, बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान, कांठ विधायक कमाल अख्तर, जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष इश्तियाक सैफी, जिला उपाध्यक्ष हाजी मौहम्मद उसमान एडवोकेट आदि मौजूद रहे। इस दौरान मृतक नरेश की पत्नी सावित्री,किरन के पति अमरपाल ,मदनपाल के पुत्र सुमित कुमार,मृतका रीना देवी की पुत्री रितू, हरचरन के पुत्र रामबाबू, मृतक सुन्दरी देवी के पुत्र ज्ञान सिंह, शौमती के पुत्र अरविन्द, क राजकुमार के भाई कृष्ण, मृतक होराम के भाई राज को चेक दिए गए।



# दूल्हे की प्रेमिका पुलिस के साथ पहुंची और रुकवा दी शादी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** किरतपुर क्षेत्र में शुक्रवार रात एक शादी समारोह उस समय हंगामे में बदल गया, जब जयमाला की रस्म से ठीक पहले दूल्हे की प्रेमिका पुलिस के साथ विवाह स्थल पर पहुंच गई और शादी रुकवा दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से समारोह में मौजूद बराती और घराती दोनों पक्षों में अफरा-तफरी मच गई।

किरतपुर के एक वेंकट हॉल में गांव मसनपुर निवासी एक डॉक्टर की शादी गांव बुडगरी की युवती के साथ हो रही थी। बरात धूमधाम से पहुंच चुकी थी और जयमाला की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान अचानक एक युवती पुलिस के साथ विवाह स्थल पर पहुंच गई, जिससे पूरे समारोह में सनसनी फैल गई। नोएडा निवासी ब्यूटी पार्लर संचालिका ने पुलिस को शिकायत दी थी कि डॉक्टर करीब डेढ़ साल से उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रखे हुए थे। उससे शादी का वादा करता रहा, लेकिन अब वह किसी दूसरी युवती से शादी करने जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद स्थिति को देखते हुए फिलहाल शादी की प्रक्रिया रोक दी गई थी। युवती के आरोपों के बाद वधू पक्ष काफी नाराज हो गया। उन्होंनेशादी करने से साफ इनकार कर दिया। बताया जाता है कि बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई और शादी के लिए दिए गए सामान को वापस करने पर सहमति बन गई।

- लिव-इन रिलेशनशिप का आरोप लगाकर युवती ने किया हंगामा, वधू पक्ष ने शादी से किया इनकार

### रंग लगाने को लेकर मारपीट, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** दुल्हैंडी के दिन रंग खेलने को लेकर मारपीट कर चार लोगों को घायल करने के मामले में पुलिस ने चार हमलावरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

थाना कांठ के ग्राम फैजलाबाद सलेमपुर निवासी अभिषेक ने तहरीर देकर बताया कि 4 मार्च को दूलैंडी के दिन होली का त्यौहार मना रहे थे। तभी 3:30 बजे के करीब गांव के ही निपेंद्र , राहुल, दयानंद, गौरव रंग लगाने की बात कह कर गाली गलौज करने लगे। मना किया तो चारों आरोपियों ने उसके पिता महेंद्र सिंह के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। उन्हें बचाने के लिए अभिषेक उसका भाई पुनीत और ताहिरा, भाई सुभाष पहुंचे तो हमलावरों ने इन्हें भी मारा पीटा। पुलिस ने चारों हमलावरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया।

# बिजली ठीक करते समय लाइनमैन करंट से झुलसा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव लिसड़ी बुजुर्ग में ट्रांसफॉर्मर पर काम कर रहे लाइनमैन करन पाल अचानक हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव छोया निवासी करन पाल सिहाली बिजली घर पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर बाद लाइन ब्रेकडाउन होने के कारण वह शटडाउन लेकर मरम्मत कार्य कर रहा था, लेकिन इसी बीच 11 हजार की लाइन में अचानक हाई टेंशन करंट दौड़ गया। करंट का झटका इतना जोरदार था कि करन पाल बुरी तरह झुलस गए और उनके दोनों हाथों में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। ग्रामीणों के द्वारा घायल लाइनमैन को निजी चिकित्सक क्या भर्ती कराया गया। लेकिन नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उसे तुरंत मेरठ के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल विभाग इस लापरवाही की जांच में जुटा है कि आखिर लाइन में करंट कैसे आया।

- हालत नाजुक होने पर मेरठ रेफर किया गया



घायल करन पाल।

अमृत विचार
रविवार, 8 मार्च 2026



जडभूतविकारेषु चैतन्यं यत्तु दृश्यते। ताम्बूलपूगचूर्णानां योगाद् राग इवोत्थितम्।।

चार्वाक कहते हैं, जिस प्रकार पान के पत्ते और सुपाड़ी के चूर्ण के संयोग से लाल रंग होठों पर छा जाता है, उसी प्रकार इन चेतना शून्य घटक तत्वों के परस्पर संयोग से चेतना की उत्पत्ति होती है। यानी चेतना आत्मा या तत्तुल्य किसी अन्य अभौतिक सत्ता की विद्यमानता से नहीं आती है। विभिन्न पदार्थों के सेवन से चेतना की तीव्रता कम-ज्यादा हो जाती है, जिससे स्पष्ट है कि ये ही पदार्थ चेतना के कारण हैं।



# युद्ध को ईश्वर की योजना बताने का प्रयास घातक

> लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया।

अमेरिका सारी दुनिया को पंथनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाता रहता है, लेकिन वर्तमान अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष के संदर्भ में एक विचित्र प्रवृत्ति सामने आ रही है। इस युद्ध को कुछ लोग सीधे धार्मिक भविष्यवाणियों और अंधविश्वास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार जोनाथन लार्सन द्वारा अमेरिकी सेना के भीतर मजहबी कट्टरवाद और सैनिक अधिकारियों द्वारा बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग का प्रश्न उठाया है। मिलिट्री रिलिजियस फ्रीडम फाउंडेशन को ऐसी 110 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतें 30 से ज्यादा सैनिक ठिकानों और 40 इकाइयों से जुड़ी हैं।

कुछ कमांडरों पर आरोप है कि वे ईरान के साथ संभावित युद्ध को ईश्वर की दिव्य योजना बता रहे हैं। यीशु की वापसी का विश्वास है। युद्ध को यीशु की वापसी मार्ग भी कहा जा रहा है। शिकायत करने वालों में केवल नास्तिक ही नहीं बल्कि ईसाई, मुस्लिम और यहूदी सैनिक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी सैनिक एकता और संविधान की शपथ दोनों का उल्लंघन करती हैं। अमेरिका में सैनिक अनुशासन के स्पष्ट नियम हैं। अमेरिकी सेना में धर्म प्रचार की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अंधविश्वास से जुड़ी शिकायतें बढ़ रही हैं। सेना की चिंता है कि कुछ कमांडर मजहबी संदर्भों का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे युद्ध को पवित्र और अनिवार्य सिद्ध करने के लिए धार्मिक ग्रंथों का सहारा ले रहे हैं।

लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया। एक एनसीओ ने लिखा है कि कमांडर को नेताओं ने सैनिकों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए कहा कि यह युद्ध ईश्वर की दिव्य योजना का हिस्सा है। उन्होंने बाइबल के 'बुक ऑफ रेवलेशन' का संदर्भ देते हुए आर्मगेडन और यीशु की वापसी से जुड़े प्रसंग दोहराए हैं। युद्ध प्रत्यक्ष मानवीय कार्रवाई है। परिस्थितियों के कारण ही युद्ध जैसे कर्म संभव होते हैं। भू-सामरिक कारण युद्ध को बढ़ाते या घटाते हैं। युद्ध में ईश्वर को घसीटना उचित नहीं है। युद्ध और बर्बरता ईश्वर की योजना का परिणाम नहीं होते। शिकायत करने वाले एनसीओ ने ठीक चेतावनी दी है कि ऐसे अंधविश्वासी वक्तव्य उचित नहीं होते। ऐसे वक्तव्य साहस और एकजुटता को नष्ट करते हैं। संविधान की रक्षा की शपथ का उल्लंघन भी करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना में मजहबी कट्टरवाद और बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

बाइबल में अंत समय और आर्मगेडन की भविष्यवाणियों का उल्लेख है। आर्मगेडन शब्द बाइबल की 'बुक ऑफ रेवलेशन' में आया है। यह धारणा अच्छाई और बुराई के बीच होने वाले अंतिम युद्ध से जुड़ी है। अनेक ईसाई मानते हैं कि आर्मगेडन का युद्ध ईसा मसीह की पृथ्वी पर दूसरी वापसी का संकेत होगा, जब वे बुराई को पराजित कर शांति स्थापित करेंगे। कुछ व्याख्याओं में वर्तमान युद्ध और अशांति को भी ईश्वर की योजना का हिस्सा माना जाता है, ताकि भविष्यवाणी पूरी हो सके। सैनिकों की चिंता यह है कि कुछ कमांडर इन धार्मिक संदर्भों का उपयोग युद्ध को पवित्र या अनिवार्य सिद्ध करने के लिए कर रहे हैं। यह सैन्य अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। इतिहास में तथ्य है कि जब-जब युद्ध को धर्म का आवरण मिला है, तब-तब उसका स्वरूप अधिक क्रूर और बर्बर हुआ है। मध्यकालीन यूरोप के धर्मयुद्ध इसका उदाहरण हैं। धर्म के नाम पर लड़े गए युद्धों में लाखों लोग मारे गए, नगर उजड़ गए। सभ्यताओं को भी गहरी चोट पहुंची। युद्ध की ज्वाला जब धार्मिक आवेश से जुड़ जाती है, तो विवेक का स्थान उन्माद ले लेता है।

आधुनिक राष्ट्र-राज्य की अवधारणा इसी अनुभव से विकसित हुई। आधुनिक लोकतंत्रों ने राज्य और धर्म को अलग रखने की व्यवस्था बनाई कि युद्ध जैसे निर्णय राष्ट्रीय हित के आधार पर लिए जाने चाहिए। अंधविश्वास के आधार पर लिए गए निर्णय उचित नहीं होते। अमेरिका स्वयं को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों का अग्रदूत मानता है। उसकी सेना संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेती है, किसी धर्मग्रंथ के प्रति नहीं, इसलिए अमेरिकी सेना में धार्मिक प्रचार या कट्टरता को लेकर उठ रही शिकायतें चिंताजनक हैं।

पश्चिम एशिया की राजनीति में प्रयुक्त भाषा पर भी विचार आवश्यक है। हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक टिप्पणी आई कि 'यहूदियों ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' यह कथन भी मजहबी है। यह गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। किसी राज्य की नीति या कार्रवाई की आलोचना एक बात है, लेकिन उसे किसी पूरे धार्मिक समुदाय से जोड़ देना दूसरी बात है। उचित यह होता कि कथन इस प्रकार होता कि 'इजराइल ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भाषा का संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी राष्ट्र की नीति की आलोचना और किसी धार्मिक समुदाय के प्रति आरोप में स्पष्ट भेद होते हैं।

युद्ध का निर्णय अत्यंत गंभीर राजनीतिक और सामरिक निर्णय होता है। इसके पीछे कूटनीति, रणनीति, सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय समीकरण जैसे अनेक तत्व महत्वपूर्ण होते हैं। धार्मिक भविष्यवाणियों को निर्णायक मानने से विवेकपूर्ण निर्णय प्रक्रिया विकृत हो जाती है। सैनिकों का मनोबल भी प्रभावित होता है। सैनिक किसी धर्मयुद्ध के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा के लिए लड़ते हैं।

आधुनिक विश्व पहले ही अनेक मजहबी पंथिक संघर्षों से जूझ रहा है। पश्चिम एशिया इसका बड़ा उदाहरण है। यदि महाशक्तियों की सेनाओं में भी धार्मिक कट्टरता का प्रभाव बढ़ने लगे, तो अंतर्राष्ट्रीय शांति और अधिक संकट में पड़ सकती है, इसलिए अमेरिकी समाज और सेना के भीतर उठ रहे ये प्रश्न केवल आंतरिक अनुशासन का मामला नहीं हैं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय भी हैं। युद्ध के समय संयम और विवेक की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सैनिक नेतृत्व का दायित्व है कि वह अपने अधीनस्थों को एकजुट रखे, उनके भीतर पेशेवर अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा की भावना मजबूत करे। नेतृत्व को पंथिक व्याख्याओं से युद्ध को पवित्र बताने से बचना चाहिए। यह सैन्य व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है।

युद्ध मानवीय विफलता का प्रतीक है। किसी दिव्य योजना का परिणाम नहीं। सहअस्तित्व और संवाद ही स्थायी समाधान के मार्ग हैं। युद्ध को ईश्वर की योजना बताने से हिंसा के लिए एक नया नैतिक औचित्य तैयार होगा। यह मानवता के लिए घातक है। युद्ध और पंथिक विश्वास के बीच स्पष्ट दूरी आवश्यक है। सैन्य संस्थाओं को अपने मूल पंथनिरपेक्ष अनुशासन को कठोरता से लागू करना चाहिए। पंथिक अंधविश्वास विवेकपूर्ण नहीं होते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल: तमाम देशों को सबक है चुनाव नतीजे

नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है, जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अय्याशीपूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी। देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं, जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी, जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गईं। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुईं, तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गईं। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद सत्ता में आ रही, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिल रही शानदार बढ़त से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली मर्तबा पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं, जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी।

> नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझकर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है।

बालेन शाह के नेतृत्व में बनने जा रही नेपाल की पूर्ण बहुमत की सरकार के काम-काज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है। इस पार्टी के दो प्रमुख चेहरे बालेन शाह और रवि लामी छाने की कोई लंबी राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। बालेन शाह इंजीनियर और रैपर रहे हैं, जबकि रवि लामी छाने की शिनाख्त एक पत्रकार की रही है। 2022 के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और 20 सीटों पर धमाकेदार जीत दर्ज की। बालेन शाह काठमांडू के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे, निर्दल मेयर का चुनाव लड़े और काठमांडू का मेयर बन गए।

एक मेयर से नेपाल का प्रधानमंत्री बनने जा रहे, बालेन शाह का जन्म एक साधरण शिक्षक परिवार में हुआ था। पढ़ाई इस स्तर की थी कि वे दो चार लाख रुपये महीने की नौकरी कर अच्छा जीवन बिता सकते थे, लेकिन उन्हें सनक थी संपूर्ण नेपाल के जीवन शैली सुधारने की। नेपाली जनता ने उन्हें यह मौका दे दिया है। अब नेपाल को तरक्की की ओर ले जाने की जिम्मेदारी उनकी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पूरी नहीं हुई सबके लिए आवास योजना

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए कभी अपना पक्का मकान होना किसी सपने से कम नहीं था। खेतों में दिन-रात मेहनत करने वाले गरीब परिवारों के लिए यह सपना अक्सर कई पीढ़ियों तक अधूरा रह जाता है। इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शुरू की, ताकि कच्चे या जर्जर घरों में रहने वाले परिवारों को पक्का आवास मिल सके। फिर भी देश के कई गांवों में ऐसे लोग आज भी हैं, जिनके लिए यह सपना अभी तक अधूरा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत में गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। यह योजना केवल घर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ स्वच्छ शौचालय, बिजली, पानी और स्वच्छ ऊर्जा जैसी सुविधाओं को भी जोड़ने की कोशिश की गई है ताकि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सके।



काजल कुमारी
एक्टिविस्ट

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत साल 2016 को 'सबके लिए आवास' के लक्ष्य के साथ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बेघर परिवारों या कच्चे और जर्जर घरों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पक्का घर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत सामान्य क्षेत्रों में एक घर के निर्माण के लिए लगभग 1.20 लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जबकि पहाड़ी और कठिन क्षेत्रों में यह राशि 1.30 लाख रुपये तक होती है। लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना, ग्राम सभा की स्वीकृति और तकनीकी सत्यापन की प्रक्रिया के आधार पर किया जाता है, तथा राशि सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में किश्तों के रूप में भेजी जाती है।

राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना का दायरा काफी व्यापक है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार दिसंबर 2025 तक देश भर में इस योजना के तहत लगभग 3.86 करोड़ घरों को स्वीकृति दी जा चुकी थी, जिनमें से करीब 2.92 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार ने 2024 से 2029 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त दो करोड़ घर बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है, ताकि ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके।

बिहार भी उन राज्यों में शामिल है जहां इस योजना का बड़ा दायरा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में योजना शुरू होने के बाद से बिहार में लगभग 39 लाख से अधिक घरों को स्वीकृति दी जा चुकी है और इनमें से करीब 36 लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को पक्का घर मिला। केंद्रीय बजट 2026–27 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए लगभग 54,917 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। यह आवंटन ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के मकानों के निर्माण और बुनियादी सुविधाओं के साथ ग्रामीण आवास को बढ़ावा देने के लिए किया गया है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है। जो गांव के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# नीतीश का नया अध्याय व विपक्ष की बेचैनी

> बिहार की सियासत में फिर भूचाल आया है। भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा नामांकन। सत्ता पक्ष भले इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दे, किंतु विपक्ष के कोहराम ने स्पष्ट कर दिया है कि यह केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है।

बिहार की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आया है और इस बार भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन। बीते गुरुवार जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा में पहुंचकर राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन-पत्र दाखिल किया, तो सत्ता पक्ष ने भले ही इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दी, किंतु विपक्ष में मचे कोहराम ने स्पष्ट कर दिया कि यह घटना केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है। यह बिहार की सत्ता के समीकरणों का आमूल बदलाव है और इसीलिए विपक्ष की बेचैनी की तहें बहुत गहरी हैं।

यह समझने के लिए थोड़ा पीछे जाना होगा। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू ने मिलकर '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा दिया था। इस नारे का निहितार्थ स्पष्ट था— नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन जनता के पास जा रहा है और उन्हीं के नाम पर मत मांगे जा रहे हैं। जनता ने भी इस चेहरे पर भरोसा किया और एनडीए को बहुमत मिला, परंतु अब जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की राह पकड़ रहे हैं, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि जनादेश जिस चेहरे के नाम पर लिया गया था, उस चेहरे को सत्ता की बागडोर से अलग क्यों किया जा रहा है?



जयदेव राठी
अधिवक्ता

राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग मानता है कि उनकी सेहत के कारण मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारियां निभाना कठिन हो रहा था। विधानसभा सहित सार्वजनिक कार्यक्रमों में कई बार उनकी स्थिति पर प्रश्नचिह्न उठे। इस पृष्ठभूमि में राज्यसभा, जो अपेक्षाकृत कम श्रम-साध्य भूमिका है, एक स्वाभाविक विकल्प के रूप में सामने आई। साथ ही नीतीश कुमार ने स्वयं कई अवसरों पर संकेत दिए थे कि वे संसद के दोनों सदनों का हिस्सा बनना चाहते हैं। उनके समकालीन नेता लालू प्रसाद यादव, सुशील कुमार मोदी और रामविलास पासवान सभी राज्यसभा में रहे हैं। कुछ राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि उन्हें राज्यसभा का उपसभापति बनाया जा सकता है, जो कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव के अनुरूप सम्मानजनक पद होगा।

विपक्ष की प्रतिक्रिया देखने से स्पष्ट होता है कि उसकी बेचैनी केवल एक बिंदु पर नहीं, बल्कि कई स्तरों पर है। पहला आयाम- 'भविष्यवाणी सच हुई' का राजनीतिक लाभ। राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस घटनाक्रम पर तुरंत कहा कि उन्होंने पहले ही कहा था कि चुनाव के बाद भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देगी। तेजस्वी का यह भी कहना है, 'भाजपा ने नीतीश कुमार को पूरी तरह से हाईजैक कर लिया है।' यानी विपक्ष इस घटनाक्रम को अपनी 'दूरदर्शिता' के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है और इसके जरिए जनता के बीच यह संदेश देना चाहता है कि उन्होंने सही कहा था।

दूसरा आयाम- जनादेश की नैतिकता का प्रश्न। विपक्षी दलों की सबसे बड़ी आपत्ति यह है कि जनता ने नीतीश कुमार के चेहरे पर वोट दिया था। बिहार में '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा था। ऐसे में जब वही चेहरा सत्ता की बागडोर से हट रहा है, तो विपक्ष इसे जनादेश का अपमान बता रहा है। यह नैतिक तर्क जनमानस में प्रभाव डाल सकता है। तीसरा आयाम- भाजपा का बिहार में पहली बार मुख्यमंत्री। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे है। यह विपक्ष के लिए राजनीतिक रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण स्थिति है। जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे, उनकी 'धर्मनिरपेक्ष' छवि और 'विकास पुरुष' की पहचान के कारण भाजपा की सीधी सत्ता पर रोक थी। अब भाजपा का मुख्यमंत्री होगा और इससे बिहार का राजनीतिक ध्रुवीकरण नए ढंग से होगा, जो विपक्ष के लिए नई चुनौती है।

चौथा आयाम- जदयू में नाराजगी का अवसर। नामांकन के बाद पटना में जदयू कार्यकर्ताओं की नाराजगी सड़कों पर उतर आई। मुख्यमंत्री आवास के बाहर कार्यकर्ता जुटे। कुछ जदयू नेताओं की आंखें भर आईं। विपक्ष इस दरार को और चौड़ा करने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहता। राजद पार्टी ने तो दावा किया कि यह फैसला नीतीश का अपना नहीं था, बल्कि भाजपा के दबाव में लिया गया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रूखी-सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी

प्रायः लोग आपस में मिलते हैं तो 'विश्वास का समय नहीं रह गया है' या 'विश्वास के बदले धोखा मिलता है' विषय पर बात करते देखे जाते हैं। इसका कारण यही निकलता है कि किसी व्यक्ति से कोई अपेक्षा रही हो, वह पूरी नहीं पाई हो या कोई वायदे से मुकर गया हो अथवा किसी ने कोई वस्तु ले ली हो और लौटाने से इनकार कर रहा हो। लगभग ऐसे ही कोई और कारण हो सकते हों, जिससे विश्वास को ठेस पहुंची हो।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वास्तव में विश्वास कोई घनिष्ठ संबंधों वाला व्यक्ति देता है। जो पराया है या जिससे कोई परिचय नहीं, वह विश्वासघात नहीं कर सकता। विश्वासघात करने के लिए घनिष्ठता जरूरी है। जब किसी को विश्वासघात करना होता है, तो वह पहले अनेक प्रकार की लालच देता है। यह ठीक उसी प्रकार का काम है, जैसे- बहेलिया जाल बिछाकर उस पर खाने की कोई वस्तु डाल देता है और लालच में उसमें पशु और पंछी आकर फंस जाते हैं, जिसमें साधारण परिंदे ही नहीं ताकतवर शेर तक फंसते हैं। नदियों में जाल डालकर मछलियां फंसाई जाती हैं। कभी-कभी जाल में खूंखार मगरमच्छ तक फंस जाते हैं।

ऐसी ही स्थिति समाज में भी है। बहेलिया-प्रवृत्ति के लोग अपने वाक-जाल से लोगों पर पहले विश्वास जमाते हैं और जब देखते हैं कि व्यक्ति उसके जाल में आ गया है, तब अपना स्वार्थ साधते हैं। जब कभी जाल में फंसे व्यक्ति से आमना-सामना होता है, तब भी वे फंसे व्यक्ति को कुछ और समय इंतजार करने का बहाना बनाते हैं। जाल में प्रायः अपने से कमजोर को ही फंसाया जाता है। यदा-कदा मजबूत व्यक्ति जाल में फंस गया और उसके साथ वायदा खिलाफी की जाने लगती है तब मारपीट, झगड़ा-फसाद, थाना-अदालत तक की नौबत आ जाती है।

जीवन में कोई लालच दे तो उसे ठुकरा देना चाहिए। बहुत जल्द धन दोगुना करने की संस्थाएं भी होती हैं। लालच में लोग उसमें पैसा जमा कर देते हैं। जब काफी पैसा इकट्ठा हो जाता है तब संस्था भाग जाती है और लोगों की गाढ़ी कमाई सब व्यर्थ चली जाती है, इसलिए 'रूखी सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी' पंक्ति को हमेशा याद रखना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मिट्टी, बीज और उम्मीद: महिलाओं के हाथों उगता नया संसार

सुबह की पहली किरण जब धरती को सहलाती है, तो वह केवल उजाला ही नहीं लाती वह उन अनगिनत स्त्रियों की मौन आस्था भी साथ लाती है, जो अपने श्रम, संवेदना और धैर्य से प्रकृति को फिर से जीवन दे रही हैं। देश के परिदृश्य में देखें तो पाएंगे कि वे बुंदेलखंड की प्यास से फटी धरती पर सूखे तालाबों में पानी की स्मृतियां लौटा रही हैं; तो झारखंड और छत्तीसगढ़ के जंगलों में वे बीजों को ऐसे सहेजती हैं, जैसे मां अपने शिशु को और उत्तराखंड की पहाड़ियों पर वे पेड़ों की रखवाली करती हुई मानो भविष्य की पहरेदार बन जाती हैं। ये स्त्रियां पर्यावरण को नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता को बचा रही हैं।



इसी व्यापक सोच और जीवनानुभव से जन्मी इस चेतना को दुनिया 'इकोफेमिनिज़्म' कहती है यानी पर्यावरण नारीवाद, एक ऐसा नजरिया जो प्रकृति और स्त्री की मुक्ति को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। यह विचार बताता है कि जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता है, वैसे ही समाज में महिलाओं के श्रम और अधिकारों का भी शोषण होता है। जब जलस्रोत सूखते हैं, जंगल कटते हैं या भूमि बंजर होती है, तो सबसे पहले इसका असर महिलाओं पर पड़ता है। उन्हें पानी के लिए दूर तक चलना पड़ता है, ईंधन और चारे के लिए अधिक श्रम करना पड़ता है। यही अनुभव उन्हें पर्यावरण संरक्षण का स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता बना देता है, क्योंकि उनके लिए प्रकृति कोई संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार, सहचर और भविष्य की आशा है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

यह विचार किसी सिद्धांत की उपज नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संचित जीवनानुभव की देन है। भारतीय ग्रामीण और आदिवासी समाज में यह भावना सदियों से रची-बसी है, जहां धरती को मां और प्रकृति को पालनहार माना जाता है। यही कारण है कि जब महिलाएं पर्यावरण संरक्षण की पहल करती हैं, तो वह केवल हरित अभियान नहीं रहता। वह सामाजिक परिवर्तन की एक शांत किंतु सशक्त प्रक्रिया बन जाता है।

ग्रामीण जीवन में महिलाएं पानी लाने, चारा जुटाने, लकड़ी इकट्ठा करने और खेती करने जैसे कार्यों के कारण प्रकृति से प्रत्यक्ष जुड़ी रहती हैं। पर्यावरण चिंतक डॉ. वंदना शिवा ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि आधुनिक विकास मॉडल ने प्रकृति और स्त्री दोनों को 'संसाधन' मानकर उनका उपयोग किया, जबकि पारंपरिक समाज उन्हें जीवन के आधार के रूप में देखता था। इसी सोच को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने नर्मदा घाटी आंदोलन में जीवंत रूप दिया, जहां नदी, विस्थापन और महिलाओं के अधिकार जैसे तीनों प्रश्न एक साथ उठाए। वहीं इंदौर की पद्मश्री जनक मिलिगियन पलटा ने सौर उर्जा के माध्यउम से सैकड़ों आदिवासी युवतियों के जीवन को रोशन करने का प्रयास किया है। पर्यावरणविद् सुनीता नारायण ने दुनिया में कार्बन उत्सर्नजन में कमी लाने के लिए सरकारों के साथ मिलकर नीतिगत मसलों पर काम किया है।

राजस्थान की मरुभूमि में सदियों पहले एक ऐसी घटना घटित हुई, जिसने प्रकृति-प्रेम को आस्था का स्वर दे दिया। 1730 में जोधपुर रियासत के खेजड़ली गांव में अमृता देवी विश्नोई ने पेड़ों को बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। जब शाही सैनिक खेजड़ी वृक्ष काटने पहुंचे, तो उन्होंने पेड़ से लिपटते हुए कहा 'सिर साटे रूख रहे तो भी सस्तो जाण' याने यदि पेड़ बचाने में सिर भी कट जाए तो यह सौदा सस्ता है। उनके साथ 363 विश्नोई स्त्री-पुरुषों ने बलिदान दिया। विश्नोई समाज की जीवन पद्धति प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की मिसाल है। वे पेड़ों को परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं, वन्यजीवों को अपना साथी समझते हैं और पर्यावरण संरक्षण को धर्म मानते हैं। यह घटना केवल इतिहास नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है जिसमें स्त्री, प्रकृति और जीवन एक ही सूत्र में जुड़े हैं। अमृता देवी का बलिदान मानो समय की रेत पर लिखा वह संदेश है जो आज भी हर हरित पहल को प्रेरित करता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी से बदला पढ़ाई का तरीका

**अमृत विचार, लखनऊ:** योगी सरकार के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं। लगभग 16 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्मार्ट टीवी स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था को तकनीक से जोड़ा गया है। इससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होने के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र, प्ले स्कूल जैसी सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में स्मार्ट टीवी स्थापित किये जा रहे हैं, बच्चों को कहानियों, पहेलियों, कार्टून और एनिमेशन के माध्यम से डिजिटल सामग्री दिखाई जा रही है। इसके जरिए छोटे बच्चे खेल खेल में अक्षर ज्ञान, गिनती और रंगों की पहचान करना सीख रहे हैं।

### 12 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने चौक क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5.549 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इंस्पेक्टर अयनुद्दीन के अनुसार सूचना मिली थी कि चौक इलाके में हेरोइन की डिलीवरी होने वाली है। इसके बाद एएनटीएफ ने चौक पुलिस के साथ मिलकर आगाबाकर इमामबाड़ा के सामने खाली मैदान में चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान बाराबंकी के जैदपुर निवासी मोहम्मद इमरान के रूप में हुई है, जो फिलहाल न्यू हैदरगंज में रह रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि कैंपबेल रोड का एक व्यक्ति उसे कम कीमत पर हेरोइन उपलब्ध कराता था, जिसे वह पुड़िया बनाकर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

### पान की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ:** उद्यान, एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में पान की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और आम उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक मैंगो बैग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही रूफ टॉप गार्डेनिंग और राजमार्गों के किनारे पौधरोपण को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। उद्यान मंत्री, शनिवार को अपने सरकारी आवास पर औद्यानिक विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के भौतिक व वित्तीय लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत पूरा किया जाए।

# यूपी बना विश्वास का प्रतीक यही सबसे बड़ी पूंजी : योगी

## निजी क्षेत्र से मेडिकल कॉलेज खोलने की अपील, स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा विस्तार



आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के बाद परिसर का निरीक्षण कर जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, आगरा/लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब समाज, सरकार और संस्थाएं एक दिशा में मिलकर काम करती हैं तो उसका परिणाम विश्वास के रूप में सामने आता है। आज उत्तर प्रदेश विश्वास का प्रतीक बन चुका है और यही प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है।

मुख्यमंत्री शनिवार को आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सस्ती, सुलभ व विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। सरकार अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन जब सरकार और समाज मिलकर काम करते हैं तो परिणाम कई गुना बेहतर होते हैं। उन्होंने यथार्थ ग्रुप से किसी जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए आगे आने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि पहले प्रदेश में 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया' का बोलबाला था, लेकिन अब 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज' की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दो एम्स-रायबरेली और गोरखपुर में संचालित हो रहे हैं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर और एसजीपीजीआई लखनऊ में मेडटेक के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही ललितपुर में 1500 एकड़ में फार्मा पार्क और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित किया जा रहा है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, संत विजय कौशल महाराज, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य और योगेंद्र उपाध्याय समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### 10 करोड़ होंगे आयुष्मान कार्ड धारक

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में 5.60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और यह संख्या जल्द ही 10 करोड़ तक पहुंचने वाली है। इसके अलावा हर जिले में मुफ्त डायलिसिस, सीटी स्कैन समेत कई आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# बुंदेलखंड में 24 हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीडा क्षेत्र में बड़े निवेश की राह साफ, रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड को औद्योगिक विकास का नया केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होने से बड़े निवेश और उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

बीडा के 33 गांवों में कुल लगभग 56,662 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव है। इसमें पहले चरण में 35,298 एकड़ और दूसरे चरण में 21,364 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दी गई है। अब तक करीब 24,201 एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है, जिससे औद्योगिक परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया चल रही है।

सरकार का लक्ष्य बुंदेलखंड को देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना है। इसके लिए बुनियादी ढांचे के विकास, निवेश आकर्षित करने और उद्योगों की स्थापना के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भूमि उपलब्ध होने से निवेशकों की रुचि भी क्षेत्र में बढ़ रही है।

बीडा क्षेत्र को दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से जोड़ने की भी योजना है। इसके तहत करीब 300 एकड़ भूमि पर नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनआईसीडीसी) के सहयोग से औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिससे बुंदेलखंड देश के प्रमुख औद्योगिक नेटवर्क से जुड़ सकेगा।

इसके अलावा रक्षा क्षेत्र में भी निवेश की तैयारी की जा रही है। करीब 250 एकड़ भूमि पर बैटल टैंक के मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (एमआरओ) केंद्र तथा कॉम्बैट व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की योजना है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इन औद्योगिक परियोजनाओं के शुरू होने से बुंदेलखंड क्षेत्र में हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

# मंच पर प्रतिभा दिखाएंगे 75 जिलों के 850 बच्चे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'प्रगति-आत्मसम्मान से समानता तक' थीम पर बाल उत्सव, 23 बालिकाओं को मिलेगा सम्मान

**अमृत विचार :** प्रदेश के 75 जिलों से चयनित लगभग 850 बच्चे राज्य स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 'प्रगति-आत्मसम्मान से समानता तक एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ बालिकाओं के सशक्तिकरण की झलक भी देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान खेल, शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली 23 बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व और निर्देशन में राज्य स्तरीय बाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, 45,656 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय और 1129 पीएम-श्री विद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व होगा।

आयोजन स्थल पर 22 विषयगत स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां सामाजिक-भावनात्मक अधिगम, नेतृत्व विकास, अभिभावक सहभागिता और करियर परामर्श से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालयों में संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण, जीवन कौशल शिक्षा, मीना मंच और सेल्फ-एस्टीम जैसे कार्यक्रमों से विकसित हो रहे बालिकाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व की झलक भी देखने को मिलेगी।

बाल उत्सव की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गई। पहले चरण में 75 जिलों में प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, इसके बाद 18 मंडलों में मंडलीय स्तर पर प्रतिभाओं का चयन किया गया। इन दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जगह बनाई है। कार्यक्रम में चयनित बच्चे नाटक, नृत्य, गीत, योग और संवाद जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

# कम वसूली पर 10 जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आबकारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** आबकारी एवं मध्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कम राजस्व वसूली वाले 10 जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। कम वसूली वाले जिलों में कानपुर नगर, आगरा, मेरठ, बिजनौर, लखनऊ, बुलंदशहर, हाथरस, मुरादाबाद, अलीगढ़ और बरेली शामिल हैं।

आबकारी मंत्री शनिवार को गन्ना संस्थान, डालीबाग में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पड़ोसी राज्यों से आने वाली अवैध शराब, कच्ची, मिलावटी और चोरी की मदिरा पर पूरी तरह रोक लगाने को कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई की बात कही है। साथ ही कहा कि किसी भी जिले में शराब की ओवररेटिंग या उद्योगों के संचालन में अनावश्यक बाधा की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिजनौर में मदिरा इंडस्ट्री के खिलाफ कथित गैर-जिम्मेदारीपूर्ण कार्रवाई के मामले में वहां के जिला आबकारी अधिकारी के कार्यों की जांच कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने को भी कहा गया है।

समीक्षा बैठक में मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग के लिए 63 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष फरवरी तक 50,585 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 7,756.36 करोड़ रुपये अधिक है। फरवरी 2026 में ही 6,635.79 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 134.65 प्रतिशत अधिक है।

# ब्रजमंडल के समग्र विकास को 300 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक
- ब्रज की परंपरा और आस्था का सम्मान करते हुए होगा ब्रज क्षेत्र का विकास : योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि परम्परा और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। तीर्थ स्थलों के संरक्षण के साथ ही आधारभूत ढांचे के विकास और सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि ब्रज क्षेत्र की पहचान और अधिक सुदृढ़ हो तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

मुख्यमंत्री योगी, शनिवार को वृंदावन में उप्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लगभग 300 करोड़ रुपये के कार्यों को अनुमोदित किया गया। ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास, तीर्थ स्थलों के संरक्षण तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।



गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी परिसर के सभागार में संपन्न बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, ब्रज तीर्थ विकास परिषद तथा जिला प्रशासन को रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर भूमि अथवा भूमि मूल्य से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ब्रज की 84 कोस परिक्रमा मार्ग के विकास कार्य तेजी से लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में गोवर्धन, मथुरा और वृंदावन में पार्किंग, टीपीओ तथा अन्य जनसुविधाओं को विकसित करने के लिए चिन्हित भूमि पर पीपीपी मॉडल के तहत कार्य कराने का निर्णय लिया गया। छाता क्षेत्र में प्रस्तावित वाटर म्यूजियम के लिए चिन्हित भूमि को सिंचाई विभाग से परिषद को हस्तांतरित कराने के निर्देश भी दिए।

यमुना रिवरफ्रंट परियोजना के अंतर्गत मथुरा से वृंदावन के बीच जलमार्ग विकसित कर पीपीपी मॉडल पर क्रूज और नौका संचालन की योजना पर भी सहमति बनी। साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परिषद द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं के बजट में किसी प्रकार की कटौती न की जाए और उन्हें शीघ्र धरातल पर उतारा जाए। जल निगम और नगर निगम द्वारा एसटीपी, एसपीएस तथा पंपिंग स्टेशन के निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा कर यमुना नदी में प्रदूषण कम करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने मथुरा, वृंदावन सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डोनेशन मैनेजमेंट डिजिटल सिस्टम का शुभारंभ किया।

# सपा को बदनाम करने वाले गाने के खिलाफ कराएंगे एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख बोले- भाजपा सरकार सबसे अराजक और इतिहास की सबसे भ्रष्ट



सपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह व अन्य नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सपा को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही है। सपा को बदनाम करने के लिए एक गाना लांच कराया गया है। पार्टी की तरफ से उस गाने पर एफआईआर लिखाई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि गारंटी है कि बदनाम करने वाले गाने पर कार्रवाई नहीं होगी।

सपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबसे अराजक और इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है। यह सरकार टैक्स लगाकर मंहगाई बढ़ाती जा रही है। आज ही एलपीजी गैस के दाम 60 रुपये बढ़ गये हैं। किसी चीज की मंहगाई एक बार बढ़ जाती है तो वह कम नहीं होती है। जबकि भाजपाईयों ने पूर्व में आश्वासन दिया था कि मजबूरी में दाम बढ़ा रहे हैं, बाद में कम कर दिए जाएंगे। आज तक दावा पूरा नहीं हुआ है।

चुनाव आयोग को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग झूठा है। अगर सपा ने इतना शोर न मचाया होता तो भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोट कटवाने की तैयारी की थी। चुनाव आयोग बताए कि इतनी बड़ी संख्या में प्रिन्टेड फार्म-7 कहां से आए थे। चुनाव आयोग ने इन मामलों की जांच भी नहीं की।

सपा प्रमुख ने जनता दर्शन में अपनी फरियाद लेकर आये एक व्यक्ति की मौत का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि असंवेदनशील लोगों ने उससे पूछा तक नहीं है। शंकराचार्य मामले में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य एक संस्था और विचार है। भाजपा सरकार ने उन्हें जिस तरह से अपमानित किया गया और झूठे आरोप लगाए गए, उससे सनातन धर्म बदनाम किया गया।

# एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य: केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ कौशांबी

- कौशांबी में सरस मेला व सरस महोत्सव का उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिलाओं में अपार प्रतिभा है और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग कर रही है। इतना ही नहीं, प्रदेश में स्वयं सहायता समूह की एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री शनिवार को बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान, सयारा (कौशांबी) में आयोजित सरस मेला व सरस महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।



केशव प्रसाद मौर्य

इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, कपड़े और अन्य घरेलू उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आने वाले समय में जिले में 10 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश में छह करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम कौशांबी जिले में करीब 1.54 लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और इनमें से 10,864 महिलाएं पहले ही लखपति बन चुकी हैं। कार्यक्रम के दौरान केशव प्रसाद मौर्या ने महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ पुष्पवर्षा कर फूलों की होली खेली और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

**महिला दिवस पर विशेष** | प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप सक्रिय

# 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे महिला स्टार्टअप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक व हेल्थकेयर में बढ़ी भागीदारी
- 25 स्टार्टअप्स को निधि योजना से सहायता

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता का तेजी से विस्तार देखने को मिल रहा है। प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप सक्रिय हैं और इनकी संख्या करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर और सेवा क्षेत्रों में महिलाएं नवाचार के जरिए अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू स्टार्टअप नीति और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इससे महिलाएं अपने व्यावसायिक विचारों को सफल उद्यम में बदलने में सक्षम हो रही हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, महिला स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या प्रदेश की बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाती है। महिलाओं की भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभर रहा है,



जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहा है।

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की 'निधि' (नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन्स) योजना के तहत भी महिला स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 25 महिला संचालित स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। स्टार्टअप विशेषज्ञ अजय चतुर्वेदी के अनुसार, शुरुआती दौर में मिलने वाली ऐसी वित्तीय सहायता नए उद्यमों को टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

योगी सरकार द्वारा स्थापित 1000 करोड़ रुपये के यूपी स्टार्टअप फंड से भी महिला उद्यमियों को सहयोग मिल रहा है। इस फंड से अब तक करीब 325 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं, जिनका लाभ 900 से अधिक महिला स्टार्टअप्स को मिला है।

# प्रदेश की बेटियों को मिले आगे बढ़ने के नए अवसर

## पिछले 9 वर्षों में सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रदेश में महिलाओं के सशक्तीकरण की नई तस्वीर उभरकर सामने आई है। पिछले 9 वर्षों में सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं के जरिए प्रदेश की बेटियों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिले हैं। सरकार का दावा है कि अब प्रदेश में महिलाएं दिन हो या रात, भयमुक्त होकर स्कूल, कॉलेज और कार्यस्थलों तक आ-जा रही हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए वर्ष 2020 में शुरू किया गया मिशन शक्ति अभियान सफल साबित हुआ है। इसके तहत प्रदेश में 1694 एंटी रोमियो स्क्वायड सक्रिय हैं, जिन्होंने अब तक 1.18 करोड़ से अधिक सार्वजनिक स्थलों की चेकिंग की और 4.52 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की है। इस दौरान 24,871 मुकदमे दर्ज किए गए और 33,268 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 26.78 लाख बालिकाओं को लाभ मिला है, जबकि निराश्रित महिला पेंशन योजना से 38.58 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अब तक 2.39 लाख महिलाओं को सहायता दी जा चुकी है और 181 महिला हेल्पलाइन से 8.42 लाख महिलाओं को मदद मिली है।

### सुरक्षा के लिए थानों में महिला हेल्प डेस्क

महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में संस्थागत ढांचे को भी सुदृढ़ किया गया है। राज्य में 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती की जा चुकी है और सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं।

### आधुनिक रोजगार से हो रहीं आत्मनिर्भर

महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कौशल विकास और रोजगार पर भी विशेष जोर दिया गया है। उप्र. स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत युवतियों को आईटी, हेल्थकेयर, फैशन डिजाइनिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और ब्यूटी एंड वेलनेस समेत करीब 35 सेक्टरों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आधुनिक रोजगार के अवसरों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 9.11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 99 लाख से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा गया है। लखपति महिला योजना के तहत 33 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान की गई है, जिनमें से 18 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में पहुंच चुकी हैं।

**एयरबस ने शुरू किया दूसरा सबसे बड़ा डिजिटल सेंटर**

**बेंगलुरु।** यूरोप की विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस ने बेंगलुरु में एक अत्याधुनिक तकनीकी केंद्र का उद्घाटन किया है। यह इंजीनियरिंग, डिजिटल परिवर्तन, ग्राहक सेवाओं और खरीद के लिए एक प्रमुख हब के रूप में कार्य करेगा। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और उद्योग एवं अवसंरचना मंत्री एम.बी. पाटिल ने शुक्रवार को 'एयरबस इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर' का उद्घाटन किया।


अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 8 मार्च 2026

www.amritvichar.com


# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर का टोल राजस्व 746 करोड़ पहुंचा

**नयी दिल्ली।** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ने शनिवार को बताया कि फरवरी 2026 में उसका टोल राजस्व सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 746 करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक फरवरी 2025 में कंपनी का टोल राजस्व 614 करोड़ रुपये था। इस राजस्व में आईआरबी इनविट फंड और आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट की कमाई शामिल है। उत्तर प्रदेश में हाल ही में शामिल किए गए आईआरबी हरिहरा टोलवेज ने फरवरी 2026 में टोल राजस्व में 52.8 करोड़ रुपये का योगदान दिया।

### मनीबाक्स फाइनेंस ने शेयरधारकों से जुटाये 33.4 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में सूचीबद्ध गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) मनीबाक्स फाइनेंस लि. ने अपने वर्तमान शेयरधारकों और प्रवर्तकों को इक्विटी शेयर आवंटित कर के 33.4 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। कंपनी की 150 से अधिक शाखाएं राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा उत्तर प्रदेश से लेकर तेलंगाना तक 12 राज्यों में फैली हैं। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने इस पूंजी के लिए अपने 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले 44 लाख शेयर आवंटित किये हैं। यह आवंटन 76 रुपये प्रति शेयर के आधार पर किया गया है।

### समूह में महिलाओं की भागीदारी 35 प्रतिशत करेगा वेदांत

**नई दिल्ली।** वेदांत समूह ने अपने संगठन के सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी को मौजूदा 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने एक बयान में 'हैशटैग हरएटदकोर' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान और लिंक्डइन आधारित भर्ती अभियान शुरू करने की भी घोषणा की। इसके माध्यम से महिलाओं को खनन, धातु, तेल एवं गैस, बिजली और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। वेदांत लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि भारत की विकास संबंधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए देश के प्रतिभावान कार्यबल की पूर्ण भागीदारी की आवश्यकता है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



शनिवार को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एस्ट्रोनॉट के वेश में महिलाओं ने कार रैली में हिस्सा लिया।

### एक अप्रैल पूर्ण आरओडीटीईपी लाभ का भरोसा: फियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्यातकों के निकाय फियो ने शनिवार को कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि निर्यात सहायता योजना आरओडीटीईपी के तहत पूर्ण लाभ इस साल एक अप्रैल से बहाल कर दिए जाएंगे। इससे पश्चिम एशिया संकट के कारण चुनौतियों का सामना कर रहे निर्यातकों को बड़ी राहत मिलेगी। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को छोड़कर, सरकार ने 23 फरवरी को निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना के तहत शुल्क लाभ की दर को आधा कर दिया था। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि निर्यातकों के लिए अच्छी खबर है। वर्तमान 50 प्रतिशत आरओडीटीईपी दरें केवल 31 मार्च 2026 तक लागू हैं।

## रसोई गैस 60, वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा, पेट्रोल-डीजल स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने तुरंत स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की वेबसाइट के



अनुसार, दिल्ली में अब गैर-सब्सिडी वाली एलपीजी का 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर 913 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 853 रुपये थी। एक साल से भी कम समय में कीमत में यह दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है। उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को भी इतनी ही वृद्धि झेलनी होगी। उन्हें अब 300 रुपये की सब्सिडी के बाद प्रति सिलेंडर 613 रुपये देने होंगे।

शीर्ष सरकारी सूत्रों ने कहा कि इस बढ़ोतरी के बावजूद वर्तमान दर लागत के बराबर होने के लिए आवश्यक 1,050 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से काफी कम है। तर्क दिया कि एक परिवार में सालाना 4-5 सिलेंडर की औसत खपत को देखते हुए, यह वृद्धि एक परिवार के लिए 80 पैसे प्रतिदिन या प्रति व्यक्ति केवल 20 पैसे प्रतिदिन के बराबर है।

उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद भारत में एलपीजी काठमांडू (1,207 रुपये), श्रीलंका (1,241 रुपये) और पाकिस्तान (1,046 रुपये) जैसे पड़ोसी देशों से सस्ती है।

# ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश

### ऊर्जा के नए विकल्प: होर्मुज जलडमरूमध्य एकमात्र रास्ता नहीं, इससे केवल 40% आपूर्ति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई अन्य देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने का हवाला देते हुए सूत्रों ने कहा कि यह मार्ग भारत के कच्चे तेल के आयात का एकमात्र रास्ता नहीं है। जोर देकर कहा कि एक ही समुद्री मार्ग पर निर्भरता के दिन अब लद चुके हैं।

उन्होंने कहा कि रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका, पश्चिम एशिया और गैर-खाड़ी मध्य पूर्वी मार्गों से आपूर्ति ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी एक गलियारे में व्यवधान होने पर आपूर्ति बनी रहे। भारत के कच्चे तेल के आयात का केवल लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जबकि लगभग 60 प्रतिशत अन्य आपूर्ति मार्गों से आता है जो अप्रभावित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी कारण वैश्विक उथल-पुथल या महामारी के दौरान भी भारतीय



उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा की कोई कमी नहीं हुई है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है और भारत ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश जारी रखे हुए है।

भारत ने हाल ही में स्थिर दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे भागीदारों के साथ नई ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था भी की है। पिछले एक दशक में भारत की रणनीतिक तेल कूटनीति ने अपने आपूर्तिकर्ता आधार को छह महाद्वीपों के 27 देशों से बढ़ाकर 40 देशों तक पहुंचा दिया है।

सूत्रों ने कहा कि वे दिन खत्म हो गए हैं जब भारत की ऊर्जा सुरक्षा एक ही समुद्री मार्ग की स्थितियों के साथ घटती-बढ़ती थी।

### पश्चिम एशिया संकट से भारत के 11.8 अरब डॉलर के कृषि निर्यात पर खतरा: जीटीआरआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत के 11.8 अरब डॉलर मूल्य के कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात पर संकट मंडरा रहा है। इस तनाव से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं और बीमा व लॉजिस्टिक की लागत बढ़ने से अनिश्चितता पैदा हो गई है।

संस्थान के अनुसार, साल 2025 में भारत ने इस क्षेत्र को 11.8 अरब डॉलर मूल्य के अनाज, फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद और मसालों का निर्यात किया था, जो भारत के कुल कृषि निर्यात का 21.8 प्रतिशत है। भौगोलिक निकटता और वहां रहने वाले भारतीयों की बड़ी आबादी के कारण खाड़ी देश भारतीय खाद्य उत्पादों के लिए एक स्वाभाविक बाजार रहे हैं। जीटीआईआर ने कहा- हालांकि, क्षेत्र में जारी संघर्ष से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं, बीमा लागत बढ़ रही है और लॉजिस्टिक में अनिश्चितता पैदा हो रही है।

आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2025 में पश्चिम एशिया को 7.48 अरब डॉलर के अनाज, फल, सब्जियां और मसाले भेजे, जो भारत के इस श्रेणी के कुल वैश्विक निर्यात का 29.2 प्रतिशत है। इसमें चावल के निर्यात पर सबसे बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

### गर्मी में बिजली की मांग 270 गीगावाट रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिजली राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने शनिवार को कहा कि इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान है और पश्चिम एशिया संकट के कारण नियमित बिजली आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बिजली मंत्रालय ने पिछले साल (अप्रैल 2025 के बाद) गर्मियों के दौरान 277 गीगावाट की अधिकतम मांग का अनुमान लगाया था, जबकि जून 2025 में वास्तविक अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने (फरवरी 2026) बिजली की अधिकतम आपूर्ति बढ़कर 243.15 गीगावाट हो गई, जो फरवरी 2025 में 243.06 गीगावाट थी। मंत्री ने यहां ''लाइनमैन दिवस'' के अवसर पर संवाददाताओं से एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी और पश्चिम एशिया संकट पर कहा कि यह एक आपातकालीन स्थिति है। कहीं-कहीं थोड़ा असर (एलपीजी पर) दिख रहा है, लेकिन बिजली क्षेत्र में हम इस तरह आगे बढ़ रहे हैं कि आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आएगी। इस बार गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट होगी और यह इससे आगे नहीं जाएगी।

## भारत-ब्रिटेन करेंगे ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित करने में सहयोग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत और ब्रिटेन ने ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग और विस्तार के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के विकास में सहयोग करने पर साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल विषय पर राजधानी में पिछले दिनों आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में इस प्रकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सम्मेलन का आयोजन भारत में हरित हाइड्रोजन ऊर्जा पर व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया था।

यह सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के सहयोग से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा




- **टैक्नोलॉजी के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने को दोनों देश प्रतिबद्ध**

मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) में भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था।

राजधानी में 27 फरवरी को आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए थे। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतरराष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं।

## अमेरिका में पिछले महीने 92,000 नौकरियां घटीं बेरोजगारी दर 4.4 हुई

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की है, जो इस बात का संकेत है कि वहां का श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इसके साथ ही बेरोजगारी दर मामूली रूप से बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई है। श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में नियुक्तियों की स्थिति जनवरी के मुकाबले खराब रही। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने 1,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नयी नौकरियों की उम्मीद जताई थी। संशोधित आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर और जनवरी के पेरोल से भी 69,000 नौकरियां कम कर दी गई हैं। फरवरी में रोजगार की यह कमजोर स्थिति ईरान के साथ युद्ध के कारण पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता को दर्शाती है। इस युद्ध की वजह से तेल की कीमतों में उछाल आया है और व्यवसायों एवं उपभोक्ताओं पर अप्रत्याशित लागत का बोझ बढ़ा है।

नेवी फेडरल क्रेडिट यूनियन की मुख्य अर्थशास्त्री हेदर लॉन्ग ने कहा कि नौकरी का बाजार कई विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहा है। कंपनियां इस वसंत में तब तक भर्ती करने में हिचकिचाएंगी जब तक कि युद्ध समाप्त नहीं हो जाता। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है।

### न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये करने को लेकर करेंगे प्रदर्शन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ द्वारा संचालित कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत पेंशनभोगी मौजूदा 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वे नौ मार्च को जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। एक बयान में कहा गया कि केंद्रीय और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सहकारी तथा निजी क्षेत्रों, मिलों और मीडिया प्रतिष्ठानों के लगभग 81 लाख पेंशनभोगी ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी मांगों के लिए पिछले नौ वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। कहा कि 30 से 35 साल की सेवा के दौरान ईपीएफओ के साथ नियमित पेंशन अंशदान जमा करने के बाद भी पेंशनभोगियों को औसतन 1,171 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है।

# प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत ने किया सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता: गोयल

### अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, भारत के साथ अत्यंत शक्तिशाली संबंध

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत ने अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता हासिल किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों देश एक अत्यंत शक्तिशाली संबंध साझा करते हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर की विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसकी उपेक्षा नहीं कर सकता।

रायसीना संवाद 2026 में उन्होंने कहा कि हमारे संबंध बेहतरीन हैं और राष्ट्रपति ट्रंप ने सदैव भारत और प्रधानमंत्री मोदी के विषय में प्रशंसात्मक बातें कही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत-अमेरिका संबंध सुदृढ़ और बहुआयामी हैं, जिनमें व्यापार के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और वृहद निवेश की मुख्य भूमिका है। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण



हैं क्योंकि दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के प्रथम चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया है। इसके अंतर्गत अमेरिका ने भारत पर जवाबी शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। यद्यपि, अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे निरस्त किए जाने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इसके कारण मुख्य वार्ताकारों की बैठक वर्तमान में स्थगित हो गई है। समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। साथ ही भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों, विमानों, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोल सहित 500 अरब डॉलर की खरीद करने की मंशा भी जताई है।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर गोयल ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखा है और किसी भी हितधारक के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इन समझौतों में वाहन क्षेत्र को खोलने से उपभोक्ताओं को विकल्प मिलेंगे और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने तर्क दिया कि विदेशी वाहन कंपनियां शुरुआत में बाजार का परीक्षण करने के लिए कारों का निर्यात कर सकती हैं, लेकिन अंततः उन्हें भारत में ही उत्पादन करना होगा क्योंकि महंगे यूरोपीय मॉडल के लिए भारतीय कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन होगा।

### मंत्रालय ने बंदरगाहों से कहा-शुल्क माफी पर करें विचार

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बंदरगाहों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए शुल्क में कटौती, छूट या माफी (जैसे जहाज शुल्क में बदलाव) के अनुरोधों पर विचार करें। साथ ही मंत्रालय ने बंदरगाहों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है।

शुक्रवार को सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद जारी की गई इस एसओपी के तहत प्रत्येक बंदरगाह विभाग के प्रमुख या उप-प्रमुख स्तर के एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करेगा। यह अधिकारी बंदरगाहों पर मुद्दों के समाधान के लिए एकल संपर्क बिंदु होगा। नोडल अधिकारी मामले को सक्षम प्राधिकारी के पास ले जाने और 24 से 72 घंटों के भीतर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार होगा।

## महिला दिवस

**नौकरी डॉट कॉम ने जारी की रिपोर्ट 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट'**

# 67फीसदी महिलाओं ने मानी वेतन समानता की बात

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 67 प्रतिशत से अधिक महिलाओं का मानना है कि उनके कार्यस्थलों में वेतन समानता मौजूद है, जबकि 33 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि वेतन में अंतर है। नौकरी डॉट कॉम की शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट देश के 50 से अधिक उद्योगों की 50,000 महिलाओं के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

रिपोर्ट के अनुसार, 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनके कार्यस्थलों पर वेतन समानता है, जबकि 33 प्रतिशत ने माना कि वहां समानता नहीं है। वेतन में अंतर होने की बात रियल एस्टेट (42 प्रतिशत) के पेशेवरों ने सबसे दृढ़ता से कही, जिसके



बाद एफएमसीजी (38 प्रतिशत), दवा और जीवन विज्ञान (38 प्रतिशत) और वाहन (37 प्रतिशत) क्षेत्र का स्थान रहा।

रिटेल (35 प्रतिशत), होटल एवं रेस्तरां (35 प्रतिशत), आईटी सेवाएं (34 प्रतिशत), टेलीकॉम (34 प्रतिशत),

- **33 प्रतिशत को लगता है वेतन में अंतर 50 से अधिक उद्योगों की 50 हजार कामकाजी महिलाओं के बीच किया सर्वे**

चिकित्सा सेवा (33 प्रतिशत) और तेल एवं गैस क्षेत्र (33 प्रतिशत) की महिलाओं ने भी माना कि वेतन में असमानता या अंतर मौजूद है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी इस रिपोर्ट में समान वेतन ऑडिट और मासिक धर्म अवकाश की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला गया है। उच्च वेतन श्रेणी वाली प्रोफेशनल महिलाओं में यह मांग सबसे अधिक देखी गई।

करीब 42 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि भर्ती और पदोन्नति में होने वाला भेदभाव कार्यस्थल पर उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले वर्ष की तुलना में इस धारणा में सात आधार अंकों की वृद्धि हुई है। चेन्नई (44 प्रतिशत) और दिल्ली/एनसीआर (43 प्रतिशत) जैसे महानगरों में भी यही रुझान देखा गया है। इन चुनौतियों के बीच 83 प्रतिशत महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिकाएं निभाने के लिए खुद को प्रोत्साहित महसूस किया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 66 प्रतिशत था। दक्षिण भारतीय शहरों की महिलाओं में नेतृत्व की इच्छा विशेष रूप से प्रबल देखी गई।

इन्फो एज इंडिया की समूह सीएमओ सुमीत सिंह ने कहा कि यह तथ्य कि 83 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित महसूस करती हैं, उत्साहजनक है। हालांकि, यह चिंता का विषय है कि हर दो में से एक महिला को साक्षात्कार में अब भी अपनी व्यक्तिगत योजनाएं छिपानी पड़ती हैं। यह बताता है कि अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। इन्फो एज इंडिया 'नौकरी डॉट कॉम', 'जीवनसाथी डॉट कॉम' और '99एकड़ डॉट कॉम' की मूल कंपनी है।

# सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए चार साल में 85,000 इंजीनियर तैयार

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

भारत ने सेमीकंडक्टर डिजाइन के काम के लिए चार वर्ष में 85000 से अधिक इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया है। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। कहा कि यह उपलब्धि इस उद्योग के लिए कुशल मानव संसाधन की आपूर्ति के 10 वर्षीय लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति है।

देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, ऑटोमेशन के डिजाइन के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराये गये हैं। भारत में इस क्षेत्र में आने वाले समय में लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की मांग उत्पन्न होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रगति भारत सरकार की प्रतिभा विकास को प्राथमिकता देने वाली पहल के तहत प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और कार्यबल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से हासिल की गई है, जो भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के चिप्स टू स्टार्टअप्स (सी2एस) कार्यक्रम का हिस्सा है।

विज्ञप्ति में श्री वैष्णव के हवाले से कहा गया है कि प्रशिक्षण के लिए देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में सिनॉप्सिस, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स, सीमेंस, रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स, एनसिस और एडवांस माइक्रो डिवाइसेस (एएमडी) द्वारा समर्थित विश्व-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराए गए हैं। इनसे छात्र सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

इन चिप्स का निर्माण और परीक्षण सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) मोहाली में किया जा रहा है, जिससे छात्रों को डिजाइन से लेकर फेब्रिकेशन, पैकेजिंग और टेस्टिंग तक पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की यह पहल अब दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एक्सेस ईडीए प्रोग्राम बन चुकी है।

# नेपाल में बालेन लहर ने ढहाया ओली का किला, झापा से दर्ज की एतिहासिक जीत

- **ओली को 49 हजार से अधिक मतों से हराया, आरएसपी के पीएम उम्मीदवार बने बालेन शाह**



अपनी जीत का प्रमाण पत्र हासिल करते राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेंद्र शाह।

**काठमांडू , एजेंसी**

नेपाल के संसदीय चुनावों में शनिवार को एक ऐसा राजनीतिक भूकंप आया, जिसने देश के पुराने स्थापित दिग्गजों की जड़ें हिला दीं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख और काठमांडू के पूर्व महापौर बालेंद्र शाह (बालेन) ने झापा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-5 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में बालेन ने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को धूल चटा दी।

निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बालेन शाह ने इस सीट पर एकतरफा कब्जा किया। उन्हें कुल 68,348 वोट मिले, जबकि पूर्व पीएम ओली को मात्र 18,734 वोटों से संतोष करना पड़ा। बालेन ने यह मुकाबला 49,614 मतों के विशाल अंतर से जीता, जो नेपाल के चुनावी इतिहास के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक माना जा रहा है।

वर्ष 2079 के पिछले चुनावों में केपी ओली ने इसी सीट से 28,576 वोटों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की थी। इस बार बालेन शाह की युवा शक्ति और बदलाव के नारे ने पुराने समीकरणों को ध्वस्त कर दिया।

**भारत में कानूनी सुरक्षा मजबूत, पर सामाजिक बेड़ियां अब भी चुनौती**

# महिला अधिकारों की वैश्विक दौड़

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी नवीनतम वैश्विक आंकड़ों के अनुसार, भारत में महिलाओं के अधिकारों की स्थिति एक दोहरे मोड़ पर खड़ी है। एक ओर जहाँ भारत ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' और 'मिशन शक्ति' जैसी योजनाओं के माध्यम से कानूनी और नीतिगत ढांचा मजबूत किया है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक सूचकांकों में भारत की रैंकिंग अब भी कई पड़ोसी देशों से पीछे है।



### ग्लोबल इंडेक्स में भारत की स्थिति

विश्व आर्थिक मंच (WEF) की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025' के अनुसार, भारत 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर खिसक गया है। भारत का कुल जेंडर पैरिटी स्कोर 64.1% दर्ज किया गया है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश (24वीं रैंक), नेपाल (125वीं) और श्रीलंका (130वीं) जैसे देश भारत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान (148वीं) इस सूची में सबसे निचले पायदान पर है।

### उप्र : तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि

उत्तर प्रदेश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) में पिछले तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है, जो अब लगभग 32% के करीब पहुंच गई है। हालांकि, यह अभी भी महाराष्ट्र (40%) और तमिलनाडु (45%) जैसे औद्योगिक राज्यों से पीछे है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूपी में महिलाओं की भागीदारी मुख्य रूप से कृषि और सूक्ष्म उद्योगों (MSME) में बढ़ी है।

### आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी की चुनौती

रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने शिक्षा नामांकन में तो अच्छा सुधार किया है, लेकिन कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी अब भी चिंता का विषय है। भारत में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) 2025 में बढ़कर 35.3% हुई है, लेकिन पुरुषों (70%+) की तुलना में यह अब भी काफी कम है। राजनीतिक क्षेत्र में भी, संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व वर्तमान में लगभग 14% के करीब है, जिसे सुधारने के लिए 33% आरक्षण कानून के क्रियान्वयन का इंतजार है।

### कानूनी अधिकार बनाम जमीनी हकीकत

विश्व बैंक की 'विमेन, बिजनेस एंड द लॉ' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय महिलाओं के पास पुरुषों को प्राप्त आर्थिक अधिकारों का लगभग 74.4% हिस्सा है। भारत में संपत्ति के अधिकार और मातृत्व लाभ जैसे कानून कई विकसित देशों से भी बेहतर हैं, लेकिन सामाजिक मानदंड और जागरूकता की कमी के कारण ये अधिकार पूरी तरह जमीन पर नहीं उतर पा रहे हैं।

### भविष्य की राह: 'डिजिटल और आर्थिक सुरक्षा'

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत महिला श्रम शक्ति भागीदारी को 50% तक ले जाता है, तो जीडीपी विकास दर में 1% की वृद्धि हो सकती है। 2026 के लिए 'राइट्स, जस्टिस एंड एक्शन' की थीम के साथ भारत अब 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान के युद्ध क्षेत्र से 1800 लोग सुरक्षित अजरबैजान पहुंचे

**बाकू।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों के बीच अजरबैजान ने एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए अब तक 1,800 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। अजरबैजान की स्टेट बॉर्डर सर्विस के अनुसार, इन शरणार्थियों में 282 रूसी नागरिक भी शामिल हैं। यह निकासी अभियान 'अस्त्रा' बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए चलाया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 28 फरवरी से शुरू हुआ यह सिलसिला शनिवार दोपहर तक जारी रहा। युद्ध की विभीषिका को देखते हुए सीमा पार करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अजरबैजान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह मानवीय आधार पर अन्य विदेशी नागरिकों को भी सुरक्षित रास्ता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पीला सागर विवाद: चीन ने ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को नकारा

**बीजिंग।** चीन ने पीला सागर के ऊपर सैन्य विमानों के बीच हुई कथित मुठभेड़ को लेकर ऑस्ट्रेलिया द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बीजिंग ने ऑस्ट्रेलियाई पक्ष पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीनी अधिकारियों का कहना है कि उनके पायलटों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत ही कार्रवाई की थी। यह विवाद तब बढ़ा जब ऑस्ट्रेलिया ने दावा किया कि चीनी लड़ाकू विमानों ने उसके हेलीकॉप्टर के मार्ग में असुरक्षित तरीके से बाधा डाली थी।

# मुर्मू ने ममता बनर्जी को बताया छोटी बहन, अनुपस्थिति पर जताई हैरानी

**शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया**

**नई दिल्ली/सिलीगुड़ी, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कम उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और कार्यक्रम स्थल को बिधाननगर से स्थानांतरित करने के निर्णय पर सवाल उठाया। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्रियों की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया। मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आम तौर पर, जब राष्ट्रपति आती हैं तो मुख्यमंत्री को उनका स्वागत करना चाहिए और अन्य मंत्रियों को भी उपस्थित रहना चाहिए। लेकिन ममता बनर्जी नहीं आईं ... राज्यपाल बदल गए हैं और इसलिए नहीं आ सके। चूंकि तारीख तय थी, इसलिए मैं आई हूं। कोई बात नहीं। यहां आने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

मुर्मू ने कहा कि अगर कार्यक्रम बिधाननगर में आयोजित होता, तो बेहतर होता। वहां पर्याप्त जगह है और कई लोग शामिल हो सकते थे। उन्होंने कहा कि लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसी जगह पर हो रहा है, जहां लोगों का आना मुश्किल है। शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती और इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया। राष्ट्रपति ने कहा कि ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे वहां जाने की अनुमति क्यों नहीं दी गई। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुर्मू ने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में आने वाली व्यापक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मैं इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आ रही थी, तो मुझे एहसास हुआ कि कोई इस आयोजन को होने देना नहीं चाहता। ऐसा लगता है कि कुछ लोग संथालों को प्रगति करते, सीखते और एकजुट होकर मजबूत होते देखना नहीं चाहते। मुर्मू को वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर में आयोजित होने वाला था। हालांकि, अधिकारियों ने सुरक्षा और अन्य कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया। शनिवार दोपहर जब राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, तो वहां केवल कुछ ही लोग उपस्थित थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ही एकमात्र प्रतिनिधि थे, जो हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उपस्थित थे। प्रोटोकॉल के अनुसार, राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री उपस्थित होता है।




### प्रधानमंत्री मोदी ने बताया शर्मनाक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का सीधा आरोप लगाते हुए इसे "शर्मनाक और अभूतपूर्व" करार दिया। प्रधानमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि बंगाल सरकार ने "सचमुच सभी हदें पार कर दी हैं" और राष्ट्रपति जैसी संवैधानिक संस्था के प्रति ऐसी उदासीनता लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बंगाल सरकार ने संथाल संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषय को इतनी लापरवाही से लिया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि वह स्वयं एक आदिवासी समुदाय से आती हैं और देश के वंचित समाज का गौरव हैं।

### मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं : ममता

कोलकाता के एस्प्लेनेड में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ धरने पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा इतनी नीचे गिर गई है कि वह बंगाल को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति पद का सहारा ले रही है। मुख्यमंत्री ने अपनी अनुपस्थिति का बचाव करते हुए कहा कि चुनाव के समय मेरे लिए हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं।

## अमेरिकी नेताओं की हत्या की साजिश में पाकिस्तानी दोषी

- **मर्चेंट ने डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं के लिए सुपारी देने की कोशिश की थी**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में शीर्ष राजनीतिक नेताओं की हत्या की साजिश रचने के मामले में पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट (47) को दोषी ठहराया गया है। मर्चेंट पर आरोप था कि उसने 2024 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं को निशाना बनाने के लिए सुपारी किलर नियुक्त करने की कोशिश की थी। अमेरिकी जांच एजेंसियों के अनुसार, मर्चेंट के संबंध ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर से भी रहे हैं। अभियोजन पक्ष ने अदालत में बताया कि मर्चेंट ने अमेरिका में हिटमैन की तलाश की थी, जो वास्तव में एफबीआई के गुप्त एजेंट थे। इस गिरफ्तारी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनसनी फैला दी थी, क्योंकि इसमें सीधे तौर पर विदेशी संपर्कों और राजनीतिक हत्या की साजिश का खुलासा हुआ है।

# यूपीएससी की 301वीं रैंक पर 'दो आकांक्षा, एक रोल नंबर से उलझा मामला

- **ब्रह्मेश्वर मुखिया की पोती और गाजीपुर की उम्मीदवार के बीच ठनी; सोशल मीडिया पर एडमिट कार्ड वायरल**

**पटना।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित होने के साथ ही एक अभूतपूर्व विवाद खड़ा हो गया है। मामला 301वीं रैंक को लेकर है, जिस पर दो अलग-अलग राज्यों की महिला उम्मीदवारों ने अपना दावा ठोक दिया है। हैरानी की बात यह है कि दोनों का नाम आकांक्षा सिंह है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दस्तावेजों में उनके अनुक्रमांक भी एक ही दिखाई दे रहे हैं।

**दादाजी का सपना पूरा किया :** विवाद की एक धुरी बिहार के आरा की आकांक्षा सिंह हैं। वह प्रतिबंधित 'रणवीर सेना' के संस्थापक ब्रह्मेश्वर सिंह 'मुखिया' की पोती हैं। शुक्रवार को उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता पाई है। आकांक्षा ने कहा कि यह मेरे दादाजी का सपना था। तैयारी के दौरान मैंने रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई की। बिहार के गलियारों में उनकी सफलता की खबरें तेजी से फैलीं, लेकिन जल्द ही इस पर संशय के बादल मंडराने लगे।

**मेरी पहचान का गलत इस्तेमाल हुआ :** दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के गाजीपुर की रहने वाली आकांक्षा सिंह ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने फेसबुक पर अपना असली पहचान पत्र और इंटरव्यू का ई-समन साझा करते हुए आरोप लगाया कि उनकी रैंक और पहचान का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। गाजीपुर की आकांक्षा के दस्तावेजों में नाम और अनुक्रमांक तो वही है जो बिहार की आकांक्षा के बताए जा रहे हैं, लेकिन दोनों के पिता के नाम अलग-अलग हैं।

## अमेरिका परमाणु शस्त्रागार बढ़ाने की फिराक में : रूस

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने अमेरिका की परमाणु नीतियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिका रणनीतिक हथियारों के मामले में किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण से पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता है और भविष्य में अपने परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प खुला रख रहा है। रयाबकोव ने मॉस्को में मीडिया से बात करते हुए कहा कि वाशिंगटन की मंशा अब किसी भी द्विपक्षीय या अंतरराष्ट्रीय संधि के दायरे में रहने की नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रहा है जिससे वह अपनी मर्जी से परमाणु क्षमता का विस्तार कर सके। रूस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों महाशक्तियों के बीच 'न्यू स्टार्ट' जैसी महत्वपूर्ण परमाणु संधियां पहले ही खतरे में हैं।

## अमेरिका से व्यापार समझौता देश के साथ विश्वासघात : राहुल गांधी

- **समझौता सीधे तौर पर कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा**

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर देश के साथ विश्वासघात किया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस समझौते के परिणाम भारत के मध्यम और निम्न वर्ग के लिए विनाशकारी होंगे।
केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन के नेतृत्व में निकाली गई राज्यव्यापी 'पुथुयुग यात्रा' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि यह समझौता सीधे तौर पर भारत के कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को निराश किया है। इस व्यापार समझौते से हमारे किसानों और छोटे व्यवसायों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, जबकि इसका लाभ केवल चुनिंदा बड़े कॉरपोरेट्स को मिलेगा। केरल में कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखी जा रही इस यात्रा के समापन पर राहुल ने केंद्र सरकार की विदेश और आर्थिक नीतियों को जनविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विदेशी दौरों और समझौतों के जरिए देश के भविष्य को गिरवी रख रहे हैं। इससे यहां की जनता को बड़ा नुकसान होने जा रहा है।

## ईरान में नए सुप्रीम लीडर की तलाश तेज, दिग्गज धर्मगुरुओं ने की जल्द चयन की मांग

- **खामेनेई की मौत के बाद बढ़ी हलचल, असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स से प्रक्रिया तेज करने की अपील**

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के निधन के ठीक एक सप्ताह बाद, देश की धार्मिक और राजनीतिक व्यवस्था में नए उत्तराधिकारी को लेकर हलचल तेज हो गई है। शनिवार को ईरान के कई शीर्ष धर्मगुरुओं ने एकजुट होकर मांग की है कि देश की स्थिरता के लिए जल्द से जल्द नए 'सुप्रीम लीडर का चुनाव किया जाए।

वरिष्ठ शिया धर्मगुरु आयतुल्ला नासिर मकारेम शिराजी ने शनिवार को एक विशेष बयान जारी कर असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स (विशेषज्ञों की परिषद) से इस मामले में तुरंत कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया को समय पर पूरा करना बेहद जरूरी है। शिराजी के अनुसार, नए नेता का चयन जल्द होने से न केवल देश की शासन व्यवस्था बेहतर ढंग से चलेगी, बल्कि ईरान की राष्ट्रीय एकता भी और अधिक मजबूत होगी। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था में 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' सबसे शक्तिशाली संस्थाओं में से एक है। इसमें 88 धार्मिक विद्वान शामिल होते हैं, जिनका काम सर्वोच्च नेता का चयन करना, उनकी निगरानी करना और जरूरत पड़ने पर उन्हें पद से हटाना होता है।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह चयन? :** ईरान इस समय क्षेत्र में भारी तनाव और आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में सर्वोच्च नेता का पद खाली रहना देश के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

### कौन होगा ईरान का अगला सुप्रीम लीडर

ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' के सामने नए सर्वोच्च नेता का चयन एक बड़ी चुनौती है। राजनीतिक गलियारों में इन तीन नामों की सबसे अधिक चर्चा है:
**मोजतबा खामेनेई :** आयतुल्ला अली खामेनेई के दूसरे बेटे। इनका प्रभाव सुरक्षा बलों और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स पर बहुत मजबूत माना जाता है। हालांकि, वंशवाद के आरोपों से बचने के लिए परिषद हिचकिचा सकती है।
**अलीरेज़ा अराफी :** एक बेहद प्रभावशाली धर्मगुरु और ईरान के मदरसा केंद्रों के प्रमुख। इन्हें रूढ़िवादी गुटों का समर्थन प्राप्त है और वे शासन व्यवस्था में गहरे पैठ रखते हैं।
**हसन रूहानी :** पूर्व राष्ट्रपति। हालांकि वे उदारवादी माने जाते हैं, लेकिन परिषद के भीतर उनकी वरिष्ठता उन्हें एक संभावित उम्मीदवार बनाती है।

## तेलंगाना में 130 माओवादियों ने मुख्यमंत्री के सामने किया आत्मसमर्पण

- **नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे**

**हैदराबाद।** तेलंगाना में नक्सली आंदोलन को एक बड़ी चोट पहुँचाते हुए शनिवार को 100 से अधिक नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कुल 130 माओवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे। जब्त किए गए हथियारों में एक इनसास एलएमजी, 31 एके-47 राइफल, 21 इनसास राइफल, 20 एसएलआर, 18 .303 राइफल और 33 अन्य घातक हथियार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हथियार डालने वालों का स्वागत किया और उन्हें सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा से जोड़ने का भरोसा दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादी संगठन के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। इनमें तीन राज्य समिति सदस्य, 10 संभागीय समिति सदस्य, 46 क्षेत्रीय समिति सदस्य और 70 सक्रिय पार्टी सदस्य शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में शीर्ष कैडर का आत्मसमर्पण संगठन की टूटती कमर को दर्शाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। होटल व्यापारियों की आमदनी में वृद्धि होगी। व्यवसाय में नए अनुबंधों हो सकते हैं।

**तुला** — आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बुद्धिमान मनुष्यों की संगत प्राप्त होगी। बहुमूल्य उपहार आपको प्राप्त हो सकते हैं।

**वृष** — आज का दिन रिटेल व्यवसायियों के लिए शुभ है। अपनी प्रतिभा पर विश्वास बनाए रखें। राजनीति से जुड़े मामलों में रुचि ले सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज चुनौतियों का सामना डटकर करें। व्यावसायिक योजनाओं में थोड़ा धीमापन हो सकता है। देवी की उपासना करने से मन शांत होगा।

**मिथुन** — आज दोपहर के बाद आपके काम बनते हुए प्रतीत होंगे। रुका हुआ कमीशन प्राप्त होने वाला है। पैतृक कारोबार में उन्नति होगी।

**धनु** — आज नया वाहन खरीद सकते हैं। आपके संपर्क दायरे में बढ़ोतरी होगी। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा।

**कर्क** — आज कोई भी निर्णय अकेले लेने से बचें। नए काम में कुछ बाधाएं लगी रहेंगी। अपनी उन्नति से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

**मकर** — आज आपको उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। समाज में आपकी छवि काफी अच्छी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का काफी ध्यान रखेंगे।

**सिंह** — आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। घर में बिन बुलाए मेहमान आ सकते हैं। आपको रिश्तेदारों से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**कुंभ** — आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे।

**कन्या** — आज निजी संबंधों में कटुता बढ़ सकती है। किसी परिचित व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। घरेलू सामान खरीद सकते हैं।

**मीन** — आज व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वियों से परेशान रहेंगे। कार्यों को लेकर दूसरों पर निर्भर न रहें। प्रेम-संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 8 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 21.10 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 13.31 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |

### सुडोकू -82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

**अमेरिका को दो टूक**

**जयशंकर का वर्ल्ड ऑर्डर : 'भारत का उदय किसी की खैरात नहीं, इसे रोकना अब नामुमकिन**

# न किसी की गलती, न किसी का मोहरा ... अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को वैश्विक कूटनीति के मंच 'रायसीना डायलॉग' से दुनिया को वह आइना दिखाया, जिसकी कल्पना शायद महाशक्तियों ने नहीं की थी। अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ द्वारा भारत को आर्थिक लाभ न देने की धमकी भरे बयान पर पलटवार करते हुए जयशंकर ने दो टूक कहा कि भारत का उत्थान अब रोका नहीं जा सकता। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि 21वीं सदी का भारत अपनी प्रगति की दिशा खुद निर्धारित करेगा और वह किसी दूसरे देश के एजेंडे पर नहीं चलेगा।

जयशंकर ने अमेरिकी बयान की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि देशों का उत्थान उनके अपने संकल्पों और राष्ट्रीय शक्ति से होता है।



उन्होंने कहा कि भारत का उत्थान भी भारत द्वारा ही निर्धारित होगा। हम अपनी शक्तियों के आधार पर अपने विकास की दिशा तय करेंगे, न कि दूसरों की 'गलतियों' या संकीर्ण सोच के आधार पर। यह प्रहार सीधा उन देशों पर था जो भारत की तुलना चीन से करके उसे नियंत्रित करने का सपना देख रहे हैं।

जयशंकर ने हिंद महासागर क्षेत्र के सैन्यीकरण पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने डिएगो गार्सिया, जिबूती और हंबनटोटा जैसे विदेशी सैन्य अड्डों का सीधा नाम लेते हुए कहा कि भारत इन गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी कि समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर भारत कोई समझौता नहीं करेगा।

अमेरिकी मंत्री ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि अमेरिका भारत के साथ वही आर्थिक गलतियां नहीं दोहराएगा जो उसने 20 साल पहले चीन के साथ की थीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत को इतना बड़ा बाजार नहीं बनने देगा कि वह भविष्य में उसे टक्कर दे।

### ईरान को पनाह, अमेरिका को कड़ा संदेश

केवल शब्दों से ही नहीं, भारत ने अपने साहसी फैसलों से भी दुनिया को चौंका दिया। हिंद महासागर में बढ़ते तनाव के बीच, जहाँ अमेरिकी पनडुब्बियों और ईरानी युद्धपोतों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी, भारत ने ईरानी नौसैन्य पोत 'आइरिस लावन' को कोच्चि में डॉकिंग की मंजूरी देकर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का लोहा मनवाया। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि 1 मार्च को मिली ईरानी अपील पर भारत ने तुरंत कार्रवाई की और 4 मार्च को पोत कोच्चि पहुँचा। वर्तमान में पोत के 183 चालक दल के सदस्यों को मानवीय आधार पर भारतीय नौसेना के सुरक्षित परिसरों में ठहराया गया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत 'आइरिस डेना' को डुबो दिया था।

### जो साथ चलेंगे, फायदा उन्हीं का होगा

विदेश मंत्री ने अंत में वैश्विक समुदाय को वास्तविकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के उदय में चुनौतियां हैं, लेकिन साथ ही एक बड़ा ऑफर भी दिया। उन्होंने कहा, "जो लोग हमारे साथ मिलकर काम करेंगे, उन्हें इस उदय का सबसे अधिक लाभ मिलेगा।" यानी भारत अब केवल बाजार नहीं, बल्कि एक ऐसा पावरहाउस है जो अपने साथ चलने वालों की तकदीर बदल सकता है।







**हाईलाइट**

### लक्ष्य सेन ने लाई को हराकर फाइनल में प्रवेश किया



**बर्मिंघम।** भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शनिवार को यहां सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। बारहवीं रैंकिंग पर काबिज सेन ने दुनिया के 16वें नंबर के लाई को एक घंटे 37 मिनट तक चले मैच में 21-16, 18-21, 21-15 से शिकस्त दी। लाई ने पिछले साल पेरिस में हुई विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। यह सेन का इस टूर्नामेंट में दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2022 में उप विजेता रहे थे। बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखने वाले सेन रविवार को फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से भिड़ेंगे। चुन-यी ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कुनलावुत वितिदसर्ण को हराया।

### रोनाल्डो की चोट गंभीर, खेलना संदिग्ध

**रियाद।** अल-नासर के कोच जॉर्ज जीसस ने कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैमस्ट्रिंग की चोट जितना अनुमान लगाया जा रहा था उससे अधिक गंभीर है। इस चोट के कारण 41 वर्षीय रोनाल्डो का पुर्तगाल की तरफ से आगामी मैत्री मैचों में खेलना भी संदिग्ध है। यह स्टार फुटबॉलर पिछले सप्ताहांत अल-नासर की सऊदी प्रो लीग में अल-फायहा पर 3-1 से मिली जीत के दौरान लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चला गया था। जीसस ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा पिछले मैच में क्रिस्टियानो को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। अब जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि हमने जितना अनुमान लगाया था उनकी चोट उससे अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा उन्हें आराम करने और उचित उपचार करने की जरूरत है। क्रिस्टियानो इलाज के लिए स्पेन जाएंगे।

# भारत के पास इतिहास रचने का तिहरा मौका

## टी-20 विश्व कप की खिताबी टक्कर आज : न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पाना होगा पार

**अहमदाबाद, एजेंसी**

बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के पास लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का ख़िताब अपने नाम करने का मौक़ा है। अगर भारत यह कारनामा करने में सफल हो जाता है तो भारत टी20 विश्व कप के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली टीम होगा। भारत के पास यह सुनहरा मौका घर पर है जहां दो वर्ष पहले ही भारत एक अन्य विश्व कप ख़िताब अपने नाम करने से चूक गया था।

न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था। केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी-20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी थी।

अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। एक कुशल बल्लेबाज और चतुर कप्तान सूर्यकुमार न केवल कप्तान के रूप में अपनी खुद की विरासत बनाने के लिए उत्सुक होंगे, बल्कि वह 19 नवंबर 2023 की पीड़ा को भी खत्म करना चाहेंगे। सूर्यकुमार और उनके साथी ठीक 364 दिन पहले नौ मार्च, 2025 को भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की लगभग इसी टीम के खिलाफ मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। भले ही वह टूर्नामेंट 50 ओवर का था। सूर्यकुमार उस टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दुबई में मिली उस एकतरफा जीत से उन्हें हौसला मिल सकता है।

फाइनल जीतने के लिए साहस के अलावा किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। खेल एकदम ''परफेक्ट'' होना जरूरी नहीं है, लेकिन सही समय पर सही चीजें होनी चाहिए। मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की जीत तब लगभग तय हो गई थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारत रविवार को न्यूजीलैंड की ऐसी किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारत को अब तक इस टूर्नामेंट में किस्मत का साथ मिला है। अगर वह खिताब जीत जाता है तो उन्हें सराहना मिलेगी लेकिन अगर वह हार जाते हैं तो फिर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है। सूर्यकुमार ने पिछले दो वर्षों में टीम का बहुत अच्छी तरह से नेतृत्व किया है, भले ही एक बल्लेबाज के रूप में वह उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए। रविवार का दिन उनके करियर के लिए निर्णायक क्षण होगा। अगर उनकी टीम खुशगवार मौसम में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उनकी सारी नाकामियां पल भर में भुला दी जाएंगी। लेकिन भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि किसी भी दिन फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना जानते हैं। मिचेल सैंटनर या ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ी जानते हैं कि एक मजबूत टीम के खिलाफ किस तरह से चुनौती का सामना करना होता है। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा खतरा अहमदाबाद का सरदार होगा। इस सरदार का नाम जसप्रीत बुमराह है। फाइनल में बुमराह के चार ओवर फिर दोनों टीमों के बीच निर्णायक साबित हो सकते हैं।

### अभिषेक-वरुण की जगह रिंकू-कुलदीप के खुल सकते दरवाजे

भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टीम मैनेजमेंट फाइनल से पहले कुछ बड़े तकनीकी बदलाव कर सकते हैं। एक विकल्प अभिषेक शर्मा की जगह रिंकू सिंह को शामिल करना हो सकता है। अभिषेक ने टी-20 क्रिकेट में एक जबरदस्त ओपनर के तौर पर नाम कमाया है, लेकिन टूर्नामेंट में उनका फॉर्म खराब रहा है। उनके हालिया प्रदर्शन में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 11 गेंदों में 10 और ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 गेंदों में 30 रन शामिल हैं, जिससे उनके सात मैचों में 12 .71 की औसत से सिर्फ 89 रन बने हैं। इस तरह के कंसिस्टेंसी की वजह से थिंक टैंक रिंकू सिंह को लाने के लिए ललचा सकता है, जो एक फिनिशर हैं और डेथ ओवर्स में तेजी से रन बनाने में काबिल हैं। रिंकू ने 45 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 39 .12 के एवरेज और 155 .74 के स्ट्राइक रेट से 665 रन बनाए हैं, और मैच जिताने वाले कैमियो के लिए उनकी रेप्युटेशन जिसमें आईपीएल में एक ओवर में पांच छक्के भी शामिल है।





न्यूजीलैंड के पेस अटैक के खिलाफ भारत के मध्यम क्रम को मजबूत कर सकती है। एक और मुमकिन बदलाव स्पिन विभाग में हो सकता है। वरुण चक्रवर्ती, भारत के विकेट चार्ट में सबसे आगे रहने के बावजूद, टूर्नामेंट के आखिरी स्टेज में कंट्रोल के लिए स्ट्रगल करते रहे हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर मुश्किल प्रदर्शन किया था। इससे कुलदीप यादव के लिए दरवाजा खुल सकता है, जिनका अंतरराष्ट्रीय टी-20 में रिकॉर्ड 54 मैचों में 6 .95 के शानदार इकॉनमी रेट के साथ 95 विकेट है। बाएं हाथ के बल्लेबाजों को परेशान करने और टर्निंग कंडीशन का फायदा उठाने की कुलदीप की काबिलियत अहमदाबाद की पिच पर एलन जैसे न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ फायदेमंद साबित हो सकती है।अगर भारत ये बदलाव करने का फैसला करता है, तो इस कदम से टीम में ज्यादा बैलेंस आ सकता है, जिसमें पावर-हिटिंग के साथ टाइट बॉलिंग कंट्रोल का मेल होगा।





### खिलाड़ियों को अपने मुताबिक खेलने की आजादी : सूर्यकुमार

कप्तान सूर्यकुमार यादव को नेतृत्व संभालने के करीब छह महीने बाद यह समझ में आ गया कि टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए 'पिता या बड़े भाई जैसी' भूमिका निभाने की कोशिश ज्यादा कारगर नहीं होगी। मुंबई के इस बल्लेबाज ने महसूस किया कि टीम के अंदर खुलकर विचारों का आदान-प्रदान, अभिव्यक्ति की आजादी और हर खिलाड़ी को अपने तरीके से खेलने की स्वतंत्रता देना ही सबसे बेहतर तरीका है। मुख्य कोच गौतम गंभीर मानते है कि इस प्रारूप में सात गेंदों में बनाये 21 रन उतने ही अहम है जितना की शतक। सूर्यकुमार ने गंभीर के सहयोग से तय किया कि वह पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के कदमों पर चलेंगे, पर अपने तरीके से। ड्रेसिंग रूम के माहौल और युवा खिलाड़ियों को दी जाने वाली सलाह के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने मजाकिया अंदाज में कहा वे मुझे ड्रेसिंग रूम में ज्यादा बोलने ही नहीं देते। वे अपनी शर्तों पर चलते हैं। मैंने देखा है कि जब उन्हें आजादी मिलती है तो उनका व्यक्तित्व अलग नजर आता है।

### आंकड़ों पर एक नजर

- पिछले तीन वर्षों में भारतीय टीम ने आईसीसी के चार टूर्नामेंट (2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप) के फाइनल में जगह बनाई है। अगर भारत फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो यह उसकी पिछले तीन साल में तीसरी जीत होगी।
- न्यूजीलैंड पिछले 11 वर्षों में पांच बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है लेकिन उसे दूसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड 2019 के वनडे विश्व कप, 2021 के टी20 विश्व कप और 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा लेकिन तीनों मौकों पर उसे हार का सामना करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड ने 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जीतने के बाद से अब तक आठ आईसीसी फाइनल खेले हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ एक (2021 में भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल) ही जीत सका है।
- न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया। स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे।फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया। केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिंग, निडर क्रिकेट।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, काइल जैमीसन, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, जिमी नीशम, इश सोढ़ी।

### टी-20 विश्व कप विजेता की सूची

| वर्ष | विजेता | उप-विजेता | मेजबान |
|---|---|---|---|
| 2024 | भारत | दक्षिण अफ्रीका | वेस्टइंडीज/यूएसए |
| 2022 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड | यूएई/ओमान |
| 2016 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | भारत |
| 2014 | श्रीलंका | भारत | बांग्लादेश |
| 2012 | वेस्टइंडीज | श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2010 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2009 | पाकिस्तान | श्रीलंका | इंग्लैंड |
| 2007 | भारत | पाकिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |

### अगरकर के तीन साल : आंकड़ों से परे जाकर कड़े फैसले लेने में माहिर

**अहमदाबाद।** अजीत अगरकर ने जब भारत की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष का पदभार संभाला, तो परिस्थितियां काफी भिन्न थीं। अगरकर को चेतन शर्मा की जगह पर यह पद सौंपा गया था। शर्मा को एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पाया गया था। अगरकर के तीन साल के कार्यकाल में काफी कठिन और साहसिक फैसले किए गए जिनके अनुकूल परिणाम निकले। चयनकर्ता विकेटकीपर की तरह होता है। अच्छे कैच पर भले ही हल्की-फुल्की तालियां बजें, लेकिन अचानक गेंद छूट जाने पर तीखी आलोचना होगी।



अभ्यास सत्र के दौरान न्यूजीलैंड के फिन एलन (पीछे), और टिम सीफर्ट। एजेंसी

## करोड़ों भारतीयों के तोड़ देंगे दिल : सैंटनर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है तब उनकी टीम रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप में करोड़ों भारतीयों के दिल को तोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सैंटनर वर्तमान समय के अन्य कप्तानों की तरह जोशीले नहीं हैं और ना ही वह मजाक करते हैं लेकिन उनकी हाजिरजवाबी से दर्शक ठहाके लगा देते हैं। सैंटनर ने कहा हम मैदान पर उतरते हैं और एक टीम के रूप में अपना काम करते हैं। इस बार भी इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा। निश्चित रूप से यह एक चुनौती होगी, क्योंकि हर कोई जानता है कि हम शायद जीत के प्रबल दावेदार नहीं हैं। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रॉफी जीतने के लिए कुछ लोगों का दिल तोड़ने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा यह कहना आसान है कि यह बस एक और मैच की तरह है लेकिन हर कोई जानता है कि ऐसा नहीं है। इसके लिए आपकी अच्छी रणनीति और तैयारी होनी चाहिए। सैंटनर ने कहा विशेषकर टी20 क्रिकेट में कुछ ही पलों में पासा पलट जाता है।

**माइंडगेम**



### टीम की हर रणनीतिक चर्चा में बुमराह का नाम आना स्वाभाविक

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल से पहले जसप्रीत बुमराह जैसी काबिलियत वाले गेंदबाज का नाम उनकी टीम की रणनीतिक चर्चाओं में आना स्वाभाविक है। बुमराह इस टी20 विश्व कप में शानदार फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ उनके डेथ ओवर के प्रदर्शन को अब तक की यादगार गेंदबाजी में गिना जा रहा है। सैंटनर ने कहा बुमराह, मुझे लगता है कि वह जिस तरह से खेल रहे हैं, उनका नाम हर चर्चा में होना चाहिए। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी गेंदों को हिट करना काफी मुश्किल लग रहा था। और निश्चित रूप से वह भारत के लिए 'गेम चेंजर' थे। लेकिन सैंटनर ने साथ ही चेतावनी भी दी कि केवल बुमराह पर ध्यान देना मूर्खतापूर्ण होगा क्योंकि कई भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग मैचों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा हमें पता था कि बुमराह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वह स्पष्ट रूप से एक विश्व-स्तरीय गेंदबाज हैं। लेकिन सिर्फ वह ही नहीं, टीम के हर सदस्य ने अलग समय पर योगदान दिया है। जहां तक वरुण चक्रवर्ती का सवाल है तो उनके लिए यह टूर्नामेंट उनके मानकों के अनुसार खराब रहा है पर फिर भी सैंटनर मानते हैं कि फाइनल में यह गेंदबाज फिर कमाल कर सकता है।

## हार की कगार पर भारतीय महिला टीम

**पर्थ, एजेंसी**

- **टेस्ट मैच में सदरलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में**

अनुभवी हरफनमौला एनाबेल सदरलैंड ने शतकीय पारी खेलने के बाद दो विकेट भी चटकाए जिससे एकमात्र महिला दिन रात्रि टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर मजबूत पकड़ बना ली। सदरलैंड की 171 गेंदों पर 129 रन की शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रन की बढ़त हासिल की। सदरलैंड का यह पिछली सात पारियों में चौथा और लगातार तीसरा शतक है।

इसके बाद मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक भारत को दूसरी पारी में 105 रन पर छह विकेट चटका दिये। भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया से 20 रन पीछे है और दिन का खेल खत्म होते समय प्रतिका रावल (43) के साथ स्नेह राणा (14) क्रीज पर मौजद है। बल्ले से कमाल करने के बाद सदरलैंड ने हरमनप्रीत कौर (11) और जेमिमा रोड्रिग्स (14) के अहम विकेट चटकाये। सदरलैंड ने पहले बल्ले से भारत पर दबदबा कायम किया। उन्होंने तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ की शॉर्ट-पिच गेंद को विकेटकीपर ऋचा घोष के ऊपर से बाउंड्री लगाकर 133 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। आठ टेस्ट में लगभग 90 की औसत रखने वाली इस दाएं हाथ की बल्लेबाज ने तेज और स्पिन दोनों तरह की गेंदबाजी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। दीप्ति शर्मा की स्पिन के खिलाफ उन्होंने कवर और मिड-ऑफ के बीच शानदार ड्राइव लगाए जबकि क्रांति गौड़ की फुल लेंथ गेंद पर बेहतरीन चौका जड़ा।

## आईसीसी चार्टर विमानों से रवाना होंगी रुकी हुई टीमें

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में हुए व्यवधान के बाद इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम इस सप्ताहांत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मुहैया कराई गई चार्टर उड़ानों से भारत से रवाना होंगी। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से हारने वाली इंग्लैंड टीम के शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी उड़ान से रवाना होने की उम्मीद है। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अन्य दो टीमें हैं जो अपना अभियान समाप्त होने के बावजूद अब भी भारत में हैं। वेस्टइंडीज की टीम भारत से पांच विकेट से हारने के बाद टी20 विश्व कप से बाहर हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी बुधवार को पहले सेमीफाइनल में समाप्त हो गया।

**बदलाव** | रग्बी और फुटबॉल के मिश्रण से गेंद के खेल को कहा जाता है डॉनी बॉल

## न्यूजीलैंड ने 'डॉनी बॉल' खेलकर कम किया तनाव

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पारंपरिक 'वार्म-अप एक्सरसाइज' अब लगभग बीते जमाने की बात हो गई है और खिलाड़ी अपने कौशल से जुड़े अभ्यास से पहले फुटबॉल या 'फुट वॉली' जैसे खेल खेलकर खुद को तैयार करते हैं। मेजबान और प्रबल दावेदार भारत के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप फाइनल से पहले न्यूजीलैंड की टीम ने भी नेट सत्र से पहले एक अनोखे और मजेदार खेल के साथ 'वर्म-अप' किया जिसमें राष्ट्रीय खेल रग्बी के साथ फुटबॉल का भी मिश्रण था।

इस खेल का नाम 'डॉनी बॉल' रखा गया है, जो काफी दिलचस्प है। यह नाम टीम के 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है जिन्होंने इसे टीम के खिलाड़ियों के साथ ही शुरू किया था। इस खेल में तीन टीमें होती हैं जिनमें प्रत्येक में पांच-पांच खिलाड़ी रहते हैं। खिलाड़ियों को एक चौकोर क्षेत्र के भीतर रहना होता है। हर टीम के पास एक रग्बी बॉल और एक फुटबॉल होती है। तीनों टीमों से एक-एक खिलाड़ी बारी-बारी से रग्बी बॉल और फुटबॉल को किसी भी दूसरी टीम की ओर किक करता है। अगर कोई खिलाड़ी रग्बी बॉल या फुटबॉल को पकड़ते समय लड़खड़ा जाता है या गेंद गिरा देता है तो उसे मैदान से बाहर जाना पड़ता है। अंत में जिस टीम के सबसे ज्यादा खिलाड़ी मैदान पर बचे रहते हैं, वही विजेता घोषित होती है। न्यूजीलैंड के सपोर्ट स्टाफ के एक सदस्य ने पीटीआई को बताया हां, इसमें रग्बी और फुटबॉल दोनों को बिना लड़खड़ाए सीधे कैच करना होता है। इसे डॉनी बॉल कहा जाता है जो हमारे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है।



### न्यूजीलैंड हारा तो उसे 'चोकर' का तमगा दिया जाना चाहिए : स्टेन

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि अगर न्यूजीलैंड रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्व कप के फाइनल में मेजबान भारत को नहीं हरा पाता, तो उसे 'चोकर्स' (अहम मुकाबलों में दबाव की चुनौती से निपटने में नाकाम रहने वाली टीम) का अवांछित तमगा मिलना चाहिए। स्टेन के मुताबिक घरेलू परिस्थितियों में भारत को हराना न्यजीलैंड के लिए लगभग नामुमकिन होगा।न्यूजीलैंड ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले सेमीफाइनल में खिताब के प्रबल दावेदार और अक्सर चोकर्स कहे जाने वाले दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप इतिहास में दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। भारत ने बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई में खेले गए बड़े स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को सात रन से हराया। स्टेन ने कहा कि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका की तुलना में ज्यादा बार विश्व कप फाइनल खेले हैं और अगर वह रविवार को भी खिताब जीतने से चूक जाता है, तो चोकर्स का तमगा उसे दे देना चाहिए। स्टेन ने पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स के यूट्यूब चैनल पर उनसे बातचीत में कहा सच कहूं तो हर कोई दक्षिण अफ्रीका को चोकर्सकहता है, लेकिन मैं यह कहूंगा कि न्यूजीलैंड ने भी ज्यादा विश्व कप नहीं जीते हैं और वे हमसे ज्यादा फाइनल खेल चुके हैं। न्यूजीलैंड के लोग मेरी बातों का बुरा ना माने लेकिन इस बार जीत जाओ। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा नहीं तो मैं आधिकारिक तौर पर यह कार्ड (चोकर्स का तमगा) तुम्हें सौंप दूंगा, अब यह तुम्हारा है। मुझे न्यूजीलैंड पसंद है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे भारत को हरा पाएंगे।